निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 14 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 58 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के जेल आइजी अस्पताल में भर्ती

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के जेल आईजी सुदर्शन मंडल को सीने में दर्द की शिकायत के बाद राजधानी रांची के कोकर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जेल आईजी के स्वास्थ्य की जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी एंजियोप्लास्टी करते हुए दो स्टेंट लगाए हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन की ओर से आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन जारी होने का इंतजार किया जा रहा है।

### कथित फर्जी दस्तावेज मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हंटरगंज अंचल से जुड़े कथित फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के मामले में चतरा पुलिस ने भाजपा नेता श्रीनिवास सिंह को रांची के कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अंचल निरीक्षक की शिकायत पर हंटरगंज थाना में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### जेपीएससी कार्यालय का घेराव आज

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर अभ्यर्थियों और विभिन्न छात्र संगठनों ने एक बार फिर आंदोलन का ऐलान किया है। सोमवार को राजधानी रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में छात्र संगठनों और जेपीएससी अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को लेकर वे लगातार आयोग और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं लेकिन अब तक उनकी शिकायतों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसी के विरोध में मंगलवार को जेपीएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### प्रसिद्ध चिकित्सक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बीएन झा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। डॉ झा की लाश पचंबा थाना इलाके के लखारी स्थित कुएं में मिली है। सोमवार की सुबह शव पर लोगों की नजर पड़ी तो इलाके में कोहराम मच गया। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पचंबा थाना और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कुएं से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### हाथियों के हमले से मजदूर की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के करीं गांव में हाथियों के हमले से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीं गांव निवासी 55 वर्षीय रामचंद्र यादव, पिता स्वर्गीय चुरो महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामचंद्र यादव रविवार रात सरिया से साइकिल पर अपने घर लौट रहे थे। गांव से लगभग 400 मीटर पहले सुनसान रास्ते पर मौजूद हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया।

मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# विश्वविद्यालयों-कॉलेजों में खाली पड़े पदों पर समयबद्ध तरीके से की जाएं नियुक्तियां : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवा झारखंड की सबसे बड़ी ताकत हैं। इसलिए उन्हें ऐसी गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख और बाजार की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा मिलनी चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों और रोजगार के अवसरों के लिए तैयार हो सकें। बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड स्टेट यूनिवर्सिटी सर्विस कमीशन से जुड़े मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में खाली पड़े पदों पर समयबद्ध तरीके से नियुक्तियां की जाएं ताकि पढ़ाई प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी महाविद्यालयों की रैंकिंग के आधार पर श्रेणी तय करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कॉलेज की जरूरत के अनुसार सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार की जाये जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को अधिक सशक्त, आधुनिक और विद्यार्थी केंद्रित बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए विभाग को तय समय सीमा के भीतर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

# 20 लाख का इनामी नक्सली रवीन्द्र गंझू गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने राज्य के कुख्यात माओवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के बांडीटोला से हुई इस गिरफ्तारी को पलामू और रांची प्रमंडल में सक्रिय माओवादी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। रविंद्र गंझू प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन का रीजनल कमांडर था। झारखंड सरकार ने उस पर 15 लाख जबकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भी उस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था । गिरफ्तारी के बाद लातेहार पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां रविंद्र गंझू से गहन पूछताछ कर रही हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान संगठन के सक्रिय नेटवर्क, हथियारों के ठिकानों और विस्फोटकों के भंडारण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। पुलिस इन सूचनाओं के आधार पर कई स्थानों पर छापेमारी की तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविंद्र गंझू के अलावा दो अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। उनसे माओवादी संगठन से संभावित संबंधों को लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद उनकी भूमिका स्पष्ट होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि रविंद्र गंझू का नाम 22 नवंबर 2019 को लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया मोड़ के पास पुलिस दल पर हुए नक्सली हमले में सामने आया था। उसी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चंदवा में जनसभा आयोजित थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मियों पर माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। जांच में रविंद्र गंझू को इस हमले का मुख्य आरोपी बनाया गया था। पुलिस जांच के अनुसार, इस वारदात में रविंद्र गंझू के साथ सुनील गंझू, फगुना गंझू और बैजनाथ गंझू समेत कई अन्य माओवादी भी शामिल थे।

# अंधविश्वास में चाचा ने भतीजे को चाकू से गोदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में सोमवार सुबह एक चाचा ने अपने ही नाबालिग भतीजे की हत्या कर दी। आरोपी अनिल बैठा ने 13 वर्षीय रोशन बैठा को चाकू से गोदकर और गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक रोशन बैठा साधु बैठा का इकलौता पुत्र था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ घंटे बाद ही आरोपी को घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर कुमनी जंगल से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी अनिल बैठा, रोशन का चचेरा चाचा है। करीब एक साल पहले अनिल के बेटे की मौत हो गई थी जिसके बाद उसे संदेह था कि रोशन की दादी समुद्री देवी ने जादू-टोना करके उसके बेटे को मार डाला। इसी अंधविश्वास और शक के चलते उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे रोशन घर के पास खेल रहा था तभी अनिल वहां पहुंचा और उसे पकड़कर घर से लगभग 500 मीटर दूर खेत की ओर ले गया। वारदात के दौरान उसने अपने चेहरे को कपड़े से ढंक रखा था। वहां उसने रोशन के पेट और पीठ पर चाकू से कई वार किए और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस घटना को कई ग्रामीणों ने देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। सूचना मिलते ही डीएसपी राजेश यादव और चैनपुर थाना के अवर निरीक्षक बाबूलाल दुबे घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

## रॉयल्टी चालान की नई प्रक्रिया के विरोध में किया प्रदर्शन

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रॉयल्टी चालान की नई व्यवस्था के विरोध में सोमवार को जिला संवेदक संघ ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संवेदकों ने कंबाइंड बिल्डिंग से रणधीर वर्मा चौक तक पैदल मार्च निकाला और राज्य सरकार तथा खनन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नई व्यवस्था लागू होने से सरकारी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं और संवेदकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धरने को संबोधित करते हुए धनबाद जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई नई रॉयल्टी चालान प्रक्रिया पूरी तरह अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि सरकार जिस प्रकार के रॉयल्टी चालान की मांग कर रही है, उसकी व्यवस्था धनबाद में ही उपलब्ध नहीं है।

# बाइक की डिक्की से 60 लाख के जेवरात की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले के इटखोरी में एक स्वर्ण व्यवसायी की बाइक की डिक्की से करीब 60 लाख रुपए के जेवरात चोरी हो गए। यह घटना रविवार रात 8 बजे इटखोरी मुख्य बाजार में हुई, जहां उचक्कों ने महज दो मिनट में वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित व्यवसायी का नाम दिलीप सोनी है जो आशा ज्वेलर्स के संचालक हैं। उनकी दुकान की छत एस्बेस्टस की होने के कारण वे सुरक्षा कारणों से प्रतिदिन कीमती जेवरात घर ले जाते थे। बीती रात दुकान बंद कर घर लौटते समय दिलीप सोनी कलाली रोड पर बकाया पैसे मांगने के लिए रुके थे। दिलीप सोनी ने बताया कि इसी दौरान घात लगाए उचक्कों ने डिक्की का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे लगभग 400 ग्राम सोना और 10 किलो चांदी लेकर फरार हो गए। पास में लगे सीसीटीवी में बदमाशों के बाइक द्वारा मौके पर आने और फिर भागने की तस्वीरें कैद हो गई है। थाना से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हुई इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। इधर लाखों की इस चोरी के बाद पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर छापेमारी कर रही है। महज दो दिन पहले ही थाना से सिर्फ 100 मीटर दूर एरकी निवासी महिला से 48 हजार रुपए छीन लिए गए थे। इससे पहले अक्टूबर 2025 में गोलकाबर एसबीआई सीएसपी में हथियारबंद लूट और मई 2026 में मोबाइल दुकान में बड़ी चोरी हो चुकी है।


नवबिहार टाइम्स के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

चन्द्रदेव महतो

विधायक , भाकपा (माले)
सिंदरी विधानसभा
धनबाद(झारखंड)




# बारातियों का बवाल, सुरक्षाबलों ने किया लाठीचार्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक बारात के दौरान जमकर हंगामा हुआ। नशे में धुत कुछ लोगों ने सड़क पर उत्पात मचाया और सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। इस हमले में पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालात बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ पुल के समीप की है। जानकारी के अनुसार एक बारात में शामिल कुछ लोग शराब के नशे में सड़क पर हंगामा कर रहे थे जिससे यातायात प्रभावित होने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर सड़क खाली कराने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस से बहस शुरू कर दी और देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। आरोप है कि उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया जिससे गश्ती वाहन का अगला शीशा टूट गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही झरिया थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस ने मौके से आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर बाकी आरोपियों की पहचान की जा रही है। मामले में सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार ने कहा कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग सड़क पर हंगामा कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया लेकिन कुछ उपद्रवी तत्वों ने पुलिस दल पर पथराव शुरू कर दिया जिससे सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल की मदद से हालात पर काबू पाया गया। अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है जबकि अन्य की पहचान की जा रही है। घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में युवक की मौत

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनारायणपुर में दो गुटों के बीच हुआ मामूली विवाद एक बड़े खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस हिंसक झड़प में एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी गौतम मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात शिवनारायणपुर मैदान के समीप किसी बात को लेकर दो पक्षों के युवक आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोग उग्र हो गए और दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। हमलावरों ने गौतम मुंडा को निशाना बनाते हुए उन पर धारदार हथियारों और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में गौतम के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा।


आभा हॉस्पिटल

दांगी मोड़, बलियापुर,बाय-पास रोड़, धनबाद (झारखंड)

मो.: 9431234101,9135113131




डॉ. आदित्य रौशन

एमबीबीएस
रेसिडेंट डॉक्टर (पेडियाट्रिक्स डिपार्टमेंट)
पीएमसीएच, धनबाद

जेनरल फिजिशियन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ


# एसआइआर के दौरान नहीं कटेगा पात्र मतदाता का नाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में चल रही विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में सामने आ रही समस्याओं को लेकर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने चुनाव आयुक्त के रवि कुमार को मांग पत्र सौंपते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई जिलों में एसआईआर का कार्य संतोषजनक ढंग से चल रहा है लेकिन अनेक जिलों, विशेषकर अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग की अधिक आबादी वाले क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही हैं कि मतदाताओं तक गणना प्रपत्र नहीं पहुंचा है या कई स्थानों पर बीएलओ अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। मांग पत्र में कहा गया है कि वर्तमान कार्य प्रगति को देखते हुए 29 जुलाई तक एसआइआर प्रक्रिया पूरी होना कठिन प्रतीत हो रहा है। इसलिए इसकी समय सीमा बढ़ाकर कम से कम 15 अगस्त तक करने की मांग की गई है। साथ ही सभी बीएलओ को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने और जरूरत पड़ने पर मतदाताओं को प्रक्रिया की जानकारी देने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा सभी पात्र मतदाताओं तक शीघ्र प्रपत्र पहुंचाने, आवेदन और दस्तावेज जमा करने के लिए पर्याप्त समय देने, बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित जांच और सूचना के मतदाता सूची से नहीं हटाने की मांग की गई है। मांग पत्र में दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और आर्थिक रूप से कमजोर मतदाताओं के लिए विशेष सहायता शिविर लगाने, दावों एवं आपत्तियों के त्वरित और निष्पक्ष निपटारे की व्यवस्था करने तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण के साथ प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन मांगों का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय बनाना है। वहीं चुनाव आयुक्त के रवि कुमार ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में यदि को गड़बड़ी करेगा उसपर कार्रवाई होगी। साथ ही इसमें जो योग्य पात्र हैं, उनका नाम किसी भी कीमत पर कटेगा नहीं लेकिन जो अयोग्य होंगे उनका नाम फिर से नहीं जोड़ा जाएगा। पूरी पारदर्शिता के साथ एसआईआर का कार्य होगा।







माइग्रेन : सिरदर्द को न समझें कमजोरी, होम्योपैथी से मिल सकती है राहत - डॉक्टर सी बी मेहता

धनबाद। सिर फट रहा है, आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है, उल्टी आती है। यह शिकायत लेकर हर महीने सैकड़ों लोग डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। डॉक्टर बताते हैं कि यह आम सिरदर्द नहीं, माइग्रेन है। चिंता की बात यह है कि १० में से ७ मरीज इसे सालों तक सहते रहते हैं या मेडिकल स्टोर से खुद पेनकिलर लेकर खाते रहते हैं । माइग्रेन सिर्फ दर्द नहीं, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर चिकित्सकों के अनुसार, माइग्रेन दिमाग की नसों और रक्तवाहिनियों से जुड़ा विकार है। एक तरफ धड़कन वाला दर्द, उल्टी, तेज रोशनी और आवाज से चिढ़ इसके मुख्य लक्षण हैं। अनियमित नींद, खाली पेट रहना, अधिक स्क्रीन टाइम और मानसिक तनाव इसके बड़े ट्रिगर हैं। महिलाएं पीरियड्स के दौरान अधिक प्रभावित होती हैं। होम्योपैथी में इलाज का नजरिया अलग होम्योपैथ के अनुभवी चिकित्सक डॉ० सी बी मेहता बताते हैं कि होम्योपैथी माइग्रेन को ''पूरे व्यक्ति'' के आधार पर देखती है। दो मरीजों को एक जैसी दवा नहीं दी जाती। दर्द किस तरफ है, किस चीज से बढ़ता है, नींद कैसी है, मूड कैसा रहता है - इन सभी बातों पर दवा चुनी जाती है। होम्योपैथिक के अनुभवी डॉक्टर सी बी मेहता का सलाह क्या करें, क्या न करें । रोज 7-8 घंटे नींद लें, खाना स्किप न करें। अटैक के समय अंधेरे, शांत कमरे में 20 मिनट आराम करें। महीने में 4 से ज्यादा अटैक आएं तो डॉक्टर से संपर्क करें। बोलने में दिक्कत, हाथ-पैर कमजोर होना, बुखार के साथ सिरदर्द हो तो यह इमरजेंसी है। होम्योपैथ विशेषज्ञ डॉ० सी बी मेहता का कहना है कि माइग्रेन लाइलाज नहीं है। जागरूकता, सही समय पर इलाज और जीवनशैली में छोटे बदलाव से 80% मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।

Helpline No. :- 7546907777, 9204791283

Clinic App

आनन्द क्योर एंड केयर
होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. C.B. Mehta
BHMS, MD(PSYCHIATRY)

Mobile App

STEEL GATE 9234301921 | BANK MORE 9234301923 | BHUIPHORE 9234301924 | DHAIYA 9234301922 | GIRIDIH 9297951210 | BARAKAR 7280070155 | ASANSOL 9297779845/46

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने और बाल श्रम पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में कौशल विकास एवं श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को युवाओं को अधिकाधिक कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाना और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन अभियान को और तेज करने पर जोर देते हुए उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मॉल, नर्सिंग होम, ऑटोमोबाइल स्पेयर पार्ट्स प्रतिष्ठानों सहित अन्य व्यावसायिक संस्थानों में कार्यरत नाबालिग बच्चों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने, उनका रेस्क्यू करने तथा संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार सीलिंग, जुमार्ना एवं अन्य कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रेस्क्यू किए गए बच्चों के पुनर्वास और उन्हें दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया।






उप विकास आयुक्त ने श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों में निर्धारित मजदूरी के भुगतान की नियमित जांच करने तथा किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिकों का भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में ही किया जाए तथा उन्हें स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, ग्रेच्युटी और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ समय पर मिले बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पंजीकरण में तेजी लाने, विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अवैध पत्थर खनन पर एक्शन, पांच नामजद समेत अज्ञात पर एफआईआर, पोकलेन मशीन जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के बेंगाबाद प्रखंड स्थित अरतोका में अवैध पत्थर खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त के सख्त निर्देश के बाद खनन विभाग ने छापेमारी कर अवैध खनन का खुलासा किया और पांच नामजद आरोपियों सहित संबंधित जमीन मालिकों व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बेंगाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कार्रवाई के दौरान एक टाटा हिटाची पोकलेन मशीन, एक कॉपी और एक डायरी भी जब्त की गई। सहायक खनन पदाधिकारी विश्वनाथ उरांव के आवेदन पर बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में अरतोका निवासी हलीम मियां, अब्दुल कादिर मियां, इसराईल मियां तथा कोडरमा जिले के नवलशाही निवासी नसरुद्दीन और अनिल साव को नामजद आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा संबंधित जमीन मालिकों और अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। छापेमारी के दौरान भाग निकले मजदूर खनन विभाग के अनुसार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर अरतोका क्षेत्र में संचालित माइंस की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर अवैध रूप से पत्थर का खनन होता पाया गया। पुलिस और खनन विभाग की टीम को देखते ही वहां मौजूद मजदूर और अन्य लोग मौके से फरार हो गए। टीम ने घटनास्थल से खनन कार्य में लगी टाटा हिटाची पोकलेन मशीन के साथ एक कॉपी और छोटी डायरी जब्त कर ली ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर नामजद हुए आरोपी सहायक खनन पदाधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ और प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पांच लोगों को नामजद किया गया है। विभाग का आरोप है कि आरोपियों ने खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 तथा झारखंड मिनरल्स प्रिवेंशन ऑफ इल्लीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स-2017 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है पहले से भी दर्ज है मामला खनन विभाग ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ अवैध खनन के मामले में बेंगाबाद थाना में कांड संख्या 153/2023 भी पहले से दर्ज है। विभाग ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 10 अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन में सोमवार को चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर गांव एवं बिहार राज्य से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उत्पाद विभाग एवं चौपारण थाना की संयुक्त टीम ने सुदूर जंगलों तथा पहाड़ी क्षेत्रों में छिपाकर संचालित की जा रही करीब 10 अवैध चुलाई शराब निर्माण भट्ठियों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री एवं उपकरण भी जब्त किए गए। छापेमारी के दौरान लगभग 11,500 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन एवं अन्य सामग्री के साथ लगभग 1,100 लीटर अवैध चुलाई शराब भी जब्त की गई। उत्पाद विभाग द्वारा इस अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। सभी दोषियों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज किया जाएगा। इस संयुक्त छापेमारी अभियान में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सय्यद बसिरुद्दीन, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे, सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान तथा चौपारण थाना की पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### संस्कृत और उर्दू की पढ़ाई नहीं होगी बंद

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के बहु प्रतिष्ठित संत कोलंबा महाविद्यालय में उर्दू और संस्कृति तथा कृष्ण बल्लभ महिला महाविद्यालय में संस्कृत की पढ़ाई नहीं होगी बंद। इस आशय की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के नामांकन कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने बताया कि इन दोनों महाविद्यालयों में इन विषयों की पढ़ाई को राज्य सरकार की तरफ से बंद करने का आदेश प्राप्त हुआ था। परंतु अब सरकार से आदेश मिल गया है और इन विषयों में नामांकन के लिए पोर्टल भी खोल दिया गया है । विद्यार्थी 17 जुलाई तक संत कोलंबा महाविद्यालय में संस्कृत और उर्दू तथा केबी महिला महाविद्यालय में संस्कृत में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन समर्पित कर सकते हैं। डॉ इंद्रजीत कुमार ने आगे बताया कि इसका पूरा श्रेय कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा को जाता है। डॉ कुमार ने बताया की दोनों ही महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी कई दिनों से आहत थे और लगातार विश्वविद्यालय के अधिकारियों को स्मार पत्र समर्पित कर रहे थे। कुलपति स्वयं इस निर्णय से काफी चिंतित थे। कुलपति ने तत्काल उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों से इस विषय पर विमर्श किया। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 की आत्मा की चर्चा की। उसके बाद उन्होंने नई शिक्षा नीति की बुनियादी स्वरूप का विश्लेषण करते हुए संस्कृत और उर्दू की बंद की गई पढ़ाई को पुनः प्रारंभ करने की बात कही। ज्ञात हो की नई शिक्षा नीति के निर्माण में कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कुलपति की बात को समझते हुए इन विषयों की पढ़ाई को जारी रखने पर सहमति जताई। इधर इस निर्णय से संत कोलंबा एवं केबी महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तथा संत कोलंबा महाविद्यालय के उर्दू विभाग के शिक्षक कर्मी एवं विद्यार्थियों में उल्लास का माहौल है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ अंजुम आरा तथा उर्दू विभाग के अध्यक्ष तथा मानविकी के संकायाध्यक्ष डॉ एस जेड हक के साथ इन विषयों से जुड़े सभी ने एक स्वर में कुलपति द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया।



### सभी मतदान केंद्रों पर 14 जुलाई को होगी बीएलओ बीएलए -2 की बैठक और चुनाव पाठशाला

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026) अभियान के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 14 जुलाई को बीएलओ एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए 2 की द्वितीय बैठक तथा चुनाव पाठशाला आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी इरो , ऐरो , अतिरिक्त ऐरो एवं बीएलओ को निर्धारित समय पर बैठक आयोजित कर पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं गंभीरता से संपन्न कराने का निर्देश दिया है बैठक में एएसडीडी अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट मतदाताओं, अपूर्ण गणना प्रपत्रों, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं के सत्यापन सहित मतदाता सूची के शुद्धिकरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण और निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बैठक की कार्यवाही का विधिवत अभिलेखीकरण, फोटोग्राफी एवं आवश्यक विवरण समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी बीएलए 2, जनप्रतिनिधियों एवं मतदाताओं से बैठक में सक्रिय भागीदारी कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाने में सहयोग करने की अपील की।

### न्यू बरगंडा में सड़क व नाली सफाई अभियान, वार्ड पार्षद व नगर निगम की पहल की सराहना

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** न्यू बरगंडा के छपरिया रोड एवं शास्त्री नगर क्षेत्र में सोमवार को विशेष सड़क एवं नाली सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़कों की सफाई के साथ नालियों से गाद और कचरा हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी रमेश सिन्हा ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाने चाहिए। उन्होंने सफल संचालन के लिए वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं नगर निगम की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से ही शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है।स्थानीय लोगों ने भी सफाई अभियान का स्वागत करते हुए नियमित रूप से ऐसी कार्रवाई जारी रखने की मांग की।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर महगामा रेफरल अस्पताल में कार्यक्रम

## टीबी मरीजों को पोषाहार व दंपतियों को सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर महगामा रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी मरीजों के पोषण एवं बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 20 मरीजों के बीच पोषाहार टोकरी का वितरण किया गया।

इसके साथ ही परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने वाले दंपतियों को बर्तन भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित परिवार की अवधारणा को बढ़ावा देना है कार्यक्रम में महगामा प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. खालिद अंजुम ने लोगों से स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी, चिकित्सक, एएनएम, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



# उपायुक्त ने की भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला भू-अर्जन एवं विशेष भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों में संचालित भू-अर्जन मामलों की प्रखंडवार समीक्षा की गई। इस दौरान कुल प्राप्त मामलों की संख्या, लाभुकों की संख्या, निष्पादित एवं लंबित मामलों की स्थिति के साथ-साथ लंबित मामलों के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को भू-अर्जन से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए पात्र लाभुकों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी अंचलाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न अंचलाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़ और सीतागढ़ा मामलों में सांसद मनीष जायसवाल ने उपायुक्त से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के सीतागढ़ा में भूमि विवाद और विष्णुगढ़ हॉस्पिटल मोड़ पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में प्रभावित दुकानदारों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। दोनों मामलों में प्रभावित लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पहले मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निष्पक्ष न्याय दिलाने का भरोसा दिया। विष्णुगढ़ में दुकानदारों से मुलाकात के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने कहा था कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त करना आवश्यक है, लेकिन गरीब दुकानदारों की आजीविका उजाड़कर समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। उन्होंने अस्पताल परिसर में समुचित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने और प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास की मांग उठाई थी। वहीं सीतागढ़ा में भूमि विवाद के दौरान प्रशासनिक कार्रवाई और कथित पुलिस ज्यादती की शिकायतों को भी उन्होंने गंभीर बताया था। इसी क्रम में सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ हॉस्पिटल मोड़ के प्रभावित दुकानदारों और सीतागढ़ा के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात की। उन्होंने दोनों मामलों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशासनिक मनमानी के आरोपों से उपायुक्त को अवगत कराया तथा निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। मुलाकात के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए यथोचित कार्रवाई करने तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन सांसद मनीष जायसवाल को दिया। इस अवसर पर विष्णुगढ़ और सीतागढ़ा क्षेत्र के ग्रामीणों के अलावा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपू वर्णवाल, भाजपा नेता किशोर मंडल, मुखिया निर्मल कुमार, मुखिया इम्तियाज आलम, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# रोटरी नेत्र चिकित्सालय में पीएसए ब्लड जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब गिरिडीह के तत्वावधान में सोमवार को रोटरी नेत्र चिकित्सालय में पीएसए (परोसताते स्पेशफिक एंटीजन ) ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 वर्ष से अधिक आयु के 36 लोगों की पीएसए जांच की गई इस जांच का उद्देश्य प्रोस्टेट ग्रंथि के बढ़ने, संक्रमण अथवा प्रोस्टेट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाना और समय रहते उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर में विशेषज्ञों की देखरेख में लोगों की जांच की गई तथा प्रोस्टेट स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया शिविर के सफल आयोजन में रोटरी क्लब गिरिडीह के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव मनीष बरनवाल, मेडिकल प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. विकास लाल, तरणजीत सिंह, विकास बगड़िया, अभिषेक जैन, मनीष तर्वे, विकास बसईवाला एवं देवेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविरों का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान कर बेहतर उपचार का अवसर उपलब्ध कराना है।




# गणना प्रपत्र वितरण 94.99% पहुंचा, शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर2026) अभियान की समीक्षा सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने की। बैठक में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को शेष कार्य हर हाल में समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक 94.99 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण पूरा हो चुका है। उपायुक्त ने कहा कि शेष सभी पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र पहुंचाकर वितरण का कार्य शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने बीएलओ को डोर-टू-डोर अभियान चलाकर कोई भी पात्र मतदाता छूटने नहीं देने का निर्देश दिया उपायुक्त ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य में भी तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया समानांतर रूप से चले, ताकि निर्वाचन आयोग की निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य त्रुटिरहित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी इस दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक गणना प्रपत्र नहीं भरा है, वे अपने संबंधित बीएलओ या बीएलओ सुपरवाइजर से संपर्क कर शीघ्र प्रपत्र भरें और मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

# डीसी ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में राजस्व संग्रह, ई-रेवेन्यू कोर्ट, परिसोधन पोर्टल, भूमि सीमांकन, आपदा राहत भुगतान सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग नियमित मॉनिटरिंग करते हुए राजस्व संग्रह में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें।डीसी ने ई-रेवेन्यू कोर्ट की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 7,311 मामलों में से 6,696 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 615 मामले लंबित हैं। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा सभी आदेशों को समय पर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।परिसोधन पोर्टल की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में 8,942 शिकायतों में से 3,286 शिकायतों का निष्पादन किया जा चुका है। उपायुक्त ने लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा नागरिकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।भूमि सीमांकन कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 16,653 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,916 मामलों का निष्पादन किया गया है। उपायुक्त ने समय-सीमा से बाहर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाने देने के निर्देश दिए।बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को सहायता राशि भुगतान की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों में आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर पात्र लाभुकों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारे लाल,विभिन्न एसडीओ, जिला खनन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे। वहीं अंचलाधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।



# जिलाधिकारी ने सुनीं जन शिकायतें



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 26 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया। शेष मामलों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना रोह अंतर्गत ग्राम बारा पाण्डेय निवासी रामचन्द्र पंडित द्वारा रास्ता अवरुद्ध किए जाने से संबंधित, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम हाजीपुर निवासी सुन्दर प्रसाद द्वारा ट्यूबवेल लगवाने से संबंधित, थाना रजौली अंतर्गत ग्राम धमनी निवासी नीतू देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित तथा थाना नवादा सदर अंतर्गत प्रसाद बिगहा निवासी टींकू कुमारी द्वारा एफडी तुड़वाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## शिव ही सृष्टि के मूल आधारः मंटू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**इस्लामपुर।** नगर के गया रोड स्थित वृंदावन वाटिका में आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में शिव भक्त प्रवचनकर्ता मनोज कुमार उर्फ मंटू ने महिलाओं के विशाल समूह को संबोधित करते हुए भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव ही परमात्मा हैं और संपूर्ण सृष्टि उनकी इच्छा का परिणाम है। जब तक मानव का सृष्टिकर्ता से जुड़ाव नहीं होता, तब तक उसके जीवन का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि माता भगवती के प्रश्न पर भगवान शिव ने सृष्टि का रहस्य बताया था, इसलिए शिव प्रथम गुरु और माता भगवती प्रथम शिष्या हैं। उन्होंने कहा कि शरीर से आत्मा निकलने के बाद विभिन्न योनियों में भटकती रहती है, इसलिए मनुष्य को ईश्वर भक्ति और सद्कर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने धर्म और संप्रदाय नहीं बनाए, सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का वास है, इसलिए "ईश्वर एक है" का संदेश मानवता की सबसे बड़ी सीख है। प्रवचन के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव की आराधना करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिव के बिना इस संसार की कल्पना भी संभव नहीं है।

# राजगीर के गर्म कुंडों की सूखती धाराओं पर सरकार गंभीर : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने ब्रह्मकुंड परिसर स्थित विभिन्न गर्म जल कुंडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ कुंडों की धाराओं से पानी पूरी तरह बंद है, जबकि कुछ में पानी का प्रवाह काफी कम हो गया है। मंत्री ने कहा कि कुंडों की धाराओं में पानी कम होने अथवा सूखने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों से विस्तृत जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंडा कमेटी के कुछ सदस्यों ने जानकारी दी है कि पंचम पहाड़ के ऊपर स्थित भेलवा डोव तालाब की उड़ाही (सफाई) कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे जलस्रोतों को लाभ मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ स्थानों पर बोरिंग के माध्यम से गर्म पानी निकाले जाने की जानकारी मिली है। यदि जांच में यह पाया जाता है कि बोरिंग के कारण कुंडों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, तो संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व में भी वर्षा की कमी के कारण कुंडों की धाराओं में पानी का प्रवाह घटने की स्थिति सामने आ चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि इस वर्ष भी पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण कुछ कुंडों की धाराओं से पानी कम निकल रहा है या पूरी तरह बंद हो गया है। निरीक्षण के दौरान जदयू नेता मुन्ना कुमार, अजीत कुमार उपाध्याय, अश्विनी कुमार उपाध्याय, बाल्मीकि कुमार उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## आपदा पीडित परिवारों की मदद सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः श्रवण कुमार

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, क्षेत्रीय विधायक तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा पीडित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा कहते थे कि राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीडित परिवारों का है। सोमवार को मंत्री बिहारशरीफ नगर निगम के वार्ड संख्या-47 स्थित खरजम्मा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने आपदा में मृतक सूरज कुमार की आश्रित माता टुन्नी देवी को राज्य सरकार की ओर से सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।मंत्री ने कहा कि नीतीश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी और न्याय के साथ विकास के संकल्प के तहत बिहार को नई पहचान दिलाई। वर्तमान सरकार उसी विकास मॉडल को आगे बढ़ाते हुए जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।इस मौके पर बीडीओ मनीष कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, मुखिया विश्वास सिंह, प्रमोद यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# संयुक्त सचिव ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**महिला ओपीडी में टोकन डिस्प्ले बंद मिलने पर एच एम को लगाई फटकार**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव मीरा श्रीवास्तव ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी, महिला ओपीडी और प्रसव कक्ष का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, मरीजों की सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों की कार्यक्षमता तथा स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की विस्तार से समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान महिला ओपीडी में टोकन सिस्टम का डिस्प्ले बंद मिलने पर संयुक्त सचिव ने अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई और इसे तत्काल चालू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ओपीडी में मौजूद चिकित्सकों से महिलाओं एवं गर्भवती मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार प्रक्रिया, जांच सुविधाओं तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल की जानकारी ली। संयुक्त सचिव ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को समय पर उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सभी चिकित्सा उपकरणों को हमेशा कार्यशील रखने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे प्रभावी ढंग से संचालित हों, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी समय पर अपनी ड्यूटी निभाएं तथा प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने प्रसव कक्ष की व्यवस्थाओं, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड संधारण और मरीजों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डॉ. संत कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्याम कुमार निर्मल, अस्पताल प्रबंधक मो. इमरान, सुरजीत कुमार सहित कई चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कौआकोल अंचल में नए सीओ चंदन चौधरी ने संभाला पदभार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित अंचलाधिकारी (सीओ) चंदन चौधरी ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने राजस्व अधिकारी अनीश कुमार से प्रभार लिया। ज्ञात हो कि निवर्तमान अंचलाधिकारी मनीष कुमार का गुरुआ (गयाजी) अंचल में तबादला होने के बाद 9 जुलाई को उन्होंने राजस्व अधिकारी अनीश कुमार को अंचल का प्रभार सौंपा था। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीओ चंदन चौधरी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता राजस्व संबंधी कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान,अभियान बसेरा सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी,जबकि प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में आने वाले सभी फरियादियों के साथ पारदर्शी एवं संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। इसके पूर्व नवपदस्थापित सीओ चन्दन चौधरी के कौआकोल पहुंचने के बाद राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, दीपक कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार ने बुके देकर स्वागत किया।

## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कतरीसराय।** प्रखंड की दरवेशपुरा पंचायत अंतर्गत दरवेशपुरा गांव निवासी सुधीर सिंह की पत्नी सरोज देवी की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, सांप के काटने के बाद उन्हें इलाज के लिए वर्धमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पावापुरी में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार की देर रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं दरवेशपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया नवेंदु झा ने सरोज देवी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि सरोज देवी एक कुशल गृहिणी और धर्मपरायण महिला थीं। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।नवेंदु झा ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश और बिच्छू के डंक की घटनाएं हर वर्ष बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सर्पदंश के उपचार के लिए जीवनरक्षक दवाओं, एंटी-स्नेक वेनम तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने बिहार सरकार से मांग की कि प्राकृतिक आपदा के तहत सर्पदंश से मृतक के परिजनों को मिलने वाली निर्धारित अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए।

### खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में सोमवार को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका रोग) राउंड-7 के निःशुल्क टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों से अपने सभी मवेशियों को खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीका अवश्य लगवाने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित किया जाएगा,ताकि अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण कर उन्हें इस संक्रामक रोग से सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर कौआकोल के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी (टीभीओ) डॉ. शम्भू शरण,छबैल के टीभीओ डॉ. राजेश कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,वैज्ञानिक डॉ. रजत रंजन,टीकाकर्मी संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### अंचल कार्यकाल में जनसुनवाई, समाधान का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली अंचल कार्यालय में सोमवार को हुई जनसुनवाई में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने विभिन्न गांवों से आए कुल आठ मामले पहुंचे। अंचलाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार ' सबका सम्मान,जीवन आसान' को लेकर प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जनसुनवाई की जाती है। सोमवार को हुई जनसुनवाई में करमा कला निवासी मो. इम्तियाज व शोहदा निवासी लालो देवी को पर्चा से प्राप्त भूमि पर विवाद था,मंधार निवासी पूनम देवी व हरदिया निवासी राजकुमार को जमीन मापी,तारगीर निवासी उषा देवी को रैयती भूमि संबंधित विवाद,अमावां निवासी मुसाफिर महतो को जमाबंदी डिजिटल,अंधरवारी निवासी रामखेलावन पंडित को दाखिल खारिज की आपत्ति एवं बंधन छपरा निवासी श्रीकांत मुरारी को परिमार्जन संबंधित समस्या थी। अंचलाधिकारी ने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उसके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं अंचल कार्यालय में मौजूद माधोरामपुर निवासी संगीता देवी ने बताई कि उनके आवागमन के रास्ते को उनके चाचा रामलगन प्रसाद द्वारा ईंट का दीवार देकर अवरुद्ध कर दिया गया है,जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं धमनी निवासी राजकुमार राजवंशी ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन घर और गुमटी बैठा दिया गया है। अंचल परिसर में मौजूद तारगीर निवासी उषा देवी ने बताई कि वे अपनी ढाई बिगहा जमीन गांव के ही अयोध्या पाण्डेय को दी थी,जिसने धोखाधड़ी करके अपने नाम करवा ली है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान आए मामलों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश के साथ अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया है।

### बहु की हत्या मामले में ससुर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में बीते 30 अप्रैल को बहू के हत्या मामले में पुलिस बलों ने आरोपित ससुर को गिरफ्तार किया है। बीते 30 अप्रैल को अंधरवारी गांव निवासी कुंदन कुमार की पत्नी नेहा देवी की मौत संदेहास्पद रूप से हुई थी। नेहा के पिता अकबरपुर थाना क्षेत्र के कुलना गांव निवासी होमगार्ड रामाशीष प्रसाद ने नवादा सदर अस्पताल में ब्यान दिया था कि दामाद अमित कुमार ने नेहा की तबीयत खराब होने की बात बताई थी। जब वे अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल कर्मियों ने द्वारा बताया गया कि उनकी बेटी मृत अवस्था में अस्पताल लाई गई थी। अस्पताल से बेटी के ससुराल के लोग लाश को छोड़ भाग गए थे। बेटी की मौत के बाद पीड़ित होमगार्ड द्वारा दामाद अमित कुमार, समधी विनोद सिंह व समधन किरण देवी के अलावे बेटी की ननद ऋचा कुमारी और सलोनी कुमारी के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दामाद अमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं नेहा की सास व ननद ने न्यायालय में आत्मसर्पण किया था। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि एसआई सचिन कुमार द्वारा हत्यारोपी अंधरवारी निवासी स्व. रामनंदन सिंह के पुत्र विनोद सिंह को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से आवश्यक पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# बीपीएससी अभियोजन पदाधिकारी परीक्षा 15 जुलाई को



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार लोक सेवा आयोग की अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त रंजन कुमार चौधरी की अध्यक्षता में केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। 15 जुलाई को परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। बिहारशरीफ जिला मुख्यालय के 12 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6,744 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक केंद्र पर एक ऑब्जर्वर, दो-दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 24 स्टैटिक दंडाधिकारी, छह जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ती दल और तीन वरीय उड़नदस्ता दल की प्रतिनियुक्ति की गई है।अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले तक ही केंद्र में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन एवं किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है, जिसका टोल-फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए भी विशेष दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# कांग्रेस में संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन का अभियान चलाया जा रहा है और संगठन सृजन के तहत ही जिला कमिटी, ब्लॉक कमिटी बनाया जाएगा। श्री झा ने कहा कि नवादा जिला अंतर्गत आठ ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति संगठन सृजन के विशेष सदस्यता अभियान के तहत की गई शेष ब्लॉक पकरीबरावां, कौआकोल, सिरदला, नरहट, अकबरपुर और नारदीगंज तथा जिला कांग्रेस कमिटी में 31 से 41 सदस्यों की नियुक्ति भी संगठन सृजन के विशेष सदस्यता अभियान के तहत शीघ्र ही हो जाएगी। श्री झा ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि 14 ब्लॉक में से आठ ब्लॉक नवादा, हिसुआ, रजौली, मेसकौर, गोविंदपुर, रोह, वारसलीगंज, काशीचक में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति हो चुकी है तथा संगठन विस्तार करते हुए बिना सदस्यता के ब्लॉक कमिटी में 21 से 31 लोगो की कमिटी एवं 3 से 4 पंचायत पर तथा नगर में 2 से 3 वार्ड पर एक मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र से शीघ्र करने का दिशा निर्देश दिया गया जिससे कि जनहित की समस्याओं को लेकर संगठन सड़को पर उतर कर डबल इंजन की सरकार के कानों तक आवाज पहुंचा सके। श्री झा ने कहा कि मौजूदा समय में जिला कमिटी अभी भंग है और नई कमिटी संगठन सृजन के तहत शीघ्र से शीघ्र बनाई जाएगी इसलिए जिला कमिटी के कोई भी पूर्व के पदाधिकारी अपनी इस्तीफा समाचार पत्रों में प्रकाशित कर कार्यकर्ता को सिर्फ गुमराह कर रहे है लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता गुमराह होने वाले नहीं है। इस बैठक में पीसीसी डेलिगेट बलिराम सिंह , जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सह हिसुआ ब्लॉक के संगठन सृजन पर्यवेक्षक गोपाल कुमार, नवादा प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष रामजन्म सिंह, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष विक्की कुमार, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, रजौली प्रखंड अध्यक्ष कुंदनदीप, मेसकौर ब्लॉक अध्यक्ष इंदु सिन्हा, इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, भारत यात्री नवीन पासवान हिसुआ प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार , सत्येंद्र प्रसाद, अनुसूचित जाति के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार, अजय कुमार, अमित कुमार, चंदन आदि उपस्थित रहे।

# राजगीर के गर्म कुंडों को बचाने के लिए हस्ताक्षर अभियान

**19 जुलाई की महापंचायत में शामिल होने की अपील**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** आध्यात्मिक नगरी एवं प्राचीन मगध साम्राज्य की राजधानी राजगीर में ऐतिहासिक गर्म कुंड झरनों को अवैध निर्माण से बचाने के उद्देश्य से राजगीर विकास समिति के तत्वावधान में धरोहर बचाओ अभियान के तहत सोमवार को पटेल चौक के समीप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य 19 जुलाई को प्रस्तावित धरोहर बचाओ महापंचायत को सफल बनाना तथा अधिक से अधिक लोगों को इस जनआंदोलन से जोड़ना है। समिति के अध्यक्ष उमराव प्रसाद निर्मल ने कहा कि कुंड क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण के कारण ब्रह्म कुंड, सूर्य कुंड, सरस्वती कुंड सहित कई ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के कुंड गंभीर संकट में हैं। उन्होंने कहा कि इन अमूल्य धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। समिति के सदस्य उपेंद्र कुमार विभूति ने बताया कि अभियान के दौरान जुटाए गए हस्ताक्षरों की प्रतियां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, बिहार के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को भेजी जाएंगी। समाजसेवी एवं पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि राजगीर की पहचान उसके ऐतिहासिक कुंडों से है और इन्हें बचाना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अभियान का समर्थन किया। मंच संचालन प्रो. सुधीर मालाकार ने किया, जबकि व्यवस्था मनोहर कुमार चौधरी ने संभाली। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु सुखनारायण प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार, रमेश कुमार पान, गोपाल भदानी, सरपंच राजेंद्र राजवंशी, बलराम तांती, नारायण प्रसाद, अनुपम कुमार तांती, रंजीत कुमार और सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत नवादा पुलिस ने 22 गुम/चोरी हुए मोबाइल लौटाए




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत लोगों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत वारिसलीगंज थाना पुलिस ने गुम एवं चोरी हुए कुल 22 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने खुशी व्यक्त की और नवादा पुलिस तथा वारिसलीगंज थाना की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक तकनीक और सतत प्रयास के कारण मोबाइलों का पता लगाकर उन्हें बरामद किया गया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना में सूचना दें, ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके। नवादा पुलिस का यह अभियान लोगों का विश्वास जीतने के साथ-साथ पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'ऑपरेशन मुस्कान' के माध्यम से लगातार लोगों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाई जा रही है।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में डीएम सख्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरदेव भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, लोक शिकायत, भूमि विवाद, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी बीडीओ और सीओ को समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए अगले 10 दिनों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शत-प्रतिशत लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग और उसका ऑनलाइन अपडेट सुनिश्चित करने को कहा।डीएम ने राशन कार्ड के लंबित आवेदनों पर भी सख्ती दिखाते हुए सभी बीडीओ को एक सप्ताह के भीतर 5,000 पात्र परिवारों के नए राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त 14,160 आवेदनों में 13,441 का निष्पादन हो चुका है, जबकि 719 मामले लंबित हैं। लापरवाही पर 21 अधिकारियों को शो-कॉज जारी किया गया है।भूमि विवाद के 270 मामलों में 170 का निपटारा किया गया है। अनुमंडल स्तर पर हिलसा 76 प्रतिशत निष्पादन के साथ सबसे आगे रहा। डीएम ने राजगीर और बिहारशरीफ डीसीएलआर कार्यालयों में 30 दिन से अधिक पुराने मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल, बिजली और सड़क से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान तथा सोहसराय आरओबी एवं ऐतवारी बाजारदूउपरौरा मोड़ सड़क परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# 15 अगस्त 2026 तक चलेगा ग्राम पंचायत खेल क्लब सदस्यता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खेल विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में गठित खेल क्लबों को अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन सदस्यता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पंचायत स्तर पर अधिक-से-अधिक युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को खेल क्लबों से जोड़ते हुए उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिले तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।

जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी ग्राम एवं नगर पंचायतों में खेल क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चयन किया जा चुका है। अब इन क्लबों में अधिकाधिक सदस्यों का पंजीकरण कर क्लबों को प्रभावी एवं क्रियाशील बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2026 से आगामी तीन माह तक पंचायत स्तर पर खेल महोत्सव आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत पंचायतों के खेल क्लबों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत प्रखंड एवं जिला स्तर पर भी खेल महोत्सव आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

जिला खेल पदाधिकारी ने जिले के सभी युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर खेल क्लब की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान का हिस्सा बनें। सदस्यता हेतु https://club.biharsports.org/auth/member-register पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है।

# दर्द से कराहती रही गर्भवती, नहीं पहुंची एम्बुलेंस

## लोगों ने खाट पर पहुंचाया अस्पताल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आई है। गिरिडीह जिले के उत्तरी पारसनाथ क्षेत्र के दलबाड़ी गांव में सड़क नहीं होने के कारण प्रसव पीड़ा से तड़प रही गर्भवती महिला को परिजनों और ग्रामीणों ने करीब चार किलोमीटर तक खाट पर लिटाकर पैदल मुख्य सड़क तक पहुंचाया। वहां पहले से मौजूद एंबुलेंस की मदद से महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, दलबाड़ी गांव निवासी संतोष मुर्मू की पत्नी लोगों टुडू को शनिवार सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन गांव तक सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस वहां नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ग्रामीणों ने खाट को ही सहारा बनाया। महिला को खाट पर लिटाकर करीब चार किलोमीटर तक पैदल चलकर पिपराडीह मुख्य मार्ग तक लाया गया। वहां पहले से मौजूद एंबुलेंस के जरिए उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते भर महिला की हालत बिगड़ती रही, लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद उसे समय पर इलाज मिल गया, जिससे उसकी जान बच गई। यदि थोड़ी भी और देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर वे शुक्रवार को ही उपायुक्त से मिले थे, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसके अगले ही दिन यह घटना सामने आ गई, जिसने इलाके की बदहाल व्यवस्था को फिर उजागर कर दिया।

स्थानीय लोगों ने कहा कि यह किसी एक परिवार की परेशानी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की समस्या है। सड़क नहीं होने की वजह से मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रूप से बीमार लोगों को हर बार इसी तरह जान जोखिम में डालकर अस्पताल पहुंचाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी को ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े।

गौरतलब है कि इससे पहले गुमला जिले में भी सड़क के अभाव में एक मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। गिरिडीह की यह घटना एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# हथियार के बल पर आभूषण दुकान में लूट

## दुकानदार पर किया हमला, तिजोरी से समेट ले गए गहने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत सम्यागढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस को चुनौती देने वाली लूट की वारदात सामने आई। थाना परिसर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित सम्यागढ़ बाजार के अंबे ज्वेलर्स में हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के आभूषण लूट लिए। वारदात के दौरान बदमाशों ने दुकानदार पर पिस्टल की बट से हमला कर उसे घायल भी कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, घटना शाम करीब 7 बजे की है। बताया जा रहा है कि वारदात से कुछ मिनट पहले तक थाना के एक पुलिस अधिकारी बाजार में मौजूद थे। उनके वहां से लौटने के तुरंत



बाद चार हथियारबंद बदमाश ज्वेलरी की दुकान में घुस गए और लूट की घटना को अंजाम दिया। दुकान संचालक चंदन कुमार ने बताया कि सबसे पहले एक बदमाश दुकान में घुसा और पिस्टल की बट से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद तीन अन्य बदमाश दुकान में घुसे और तिजोरी में रखे सोने-चांदी के आभूषण समेटकर फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार, बदमाश नए और पुराने चांदी के गहनों के अलावा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण भी अपने साथ ले गए। उनका दावा है कि करीब 10 लाख रुपये के गहनों की लूट हुई है।

घटना के बाद दुकानदार ने आरोप लगाया कि बदमाश भागते समय एक राउंड फायरिंग करते हुए फरार हुए। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल फायरिंग की पुष्टि नहीं की है।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार, एसडीपीओ-1 रामकृष्ण तथा आसपास के चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क जब्त कर ली गई है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क पर दिखा वर्दी का तांडव

# नशेड़ी दारोगा ने चलायी गोली, जवान जख्मी

## सर्विस रिवॉल्वर और शराब की बोतल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले में हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर सोमवार अहले सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। आरोप है कि नशे में धुत एक दरोगा ने मदद करने आए एक आर्मी जवान पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली जवान को नहीं लगी, लेकिन बारूद के छींटों से उनकी आंख गंभीर रूप से घायल हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के बांथू गांव के पास पुलिस का स्टीकर लगी एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। गाड़ी में सवार व्यक्ति ने मदद के लिए सड़क किनारे स्थित एक घर का दरवाजा खटखटाया। घर के लोगों ने इंसानियत दिखाते हुए उसकी मदद की, लेकिन आरोप है कि इसी दौरान वह वर्दी का रौब दिखाते हुए नशे की हालत में अभद्रता और गाली-गलौज करने लगा। मौके पर मौजूद आर्मी जवान रजनीश ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी दरोगा ने कथित तौर पर अपनी सर्विस रिवॉल्वर निकालकर उन पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी दरोगा की गाड़ी से उसकी सर्विस रिवॉल्वर और कथित तौर पर शराब की एक बोतल बरामद की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।सूत्रों के अनुसार आरोपी दरोगा की पहचान दीपक कुमार के रूप में हुई है, जो फारबिसगंज में पदस्थापित है। बताया जा रहा है कि वह अपनी निजी गाड़ी से कहीं लौट रहा था। हालांकि, इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# अनंत सिंह ने किया सरेंडर, मिली जमानत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के गोपालगंज सिविल कोर्ट में सोमवार को उस वक्त भारी चहल-पहल और गहमागहमी देखने को मिली, जब अनंत सिंह और प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेता गुंजन सिंह ने आर्म्स एक्ट के एक पुराने मामले में न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों दिग्गजों के कोर्ट पहुंचने की खबर फैलते ही न्यायालय परिसर में उन्हें देखने के लिए आम लोगों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बीती 2-3 मई की रात हुई एक घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत अनंत सिंह और गुंजन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी मामले में कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए दोनों सोमवार को अदालत में सशरीर उपस्थित हुए और आत्मसमर्पण की अर्जी दाखिल की। न्यायालय में आत्मसमर्पण के बाद मामले की नियमित सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष (सरकारी वकील) की ओर से जोरदार दलीलें पेश की गईं। दोनों पक्षों की दलीलों और मामले के तथ्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने अनंत सिंह और अभिनेता गुंजन सिंह को जमानत (बेल) प्रदान कर दी। जमानत की कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दोनों कोर्ट रूम से बाहर आए। इस दौरान गोपालगंज के भाजपा एमएलसी राजीव कुमार और जिला परिषद अध्यक्ष अमित कुमार भी उनके समर्थन में मौजूद रहे।

## नेपाल की बारिश ने बढ़ाई टेंशन

**अररिया।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश का असर अब गंडक नदी के जलस्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। सोमवार दोपहर 12 बजे तक वाल्मीकिनगर गंडक बराज से 1,25,600 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

जल संसाधन विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम को हाई अलर्ट पर रखा है। नदी के जलस्तर की पल-पल निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके।

गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता इकबाल अहमद ने बताया कि कंट्रोल रूम का संचालन तीन शिफ्टों में अलग-अलग टीमों द्वारा किया जा रहा है। जलस्तर में होने वाले हर बदलाव पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

# तेज प्रताप की पार्टी की उम्मीदवार वीणा मानवी हुईं गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जनशक्ति जनता दल की उम्मीदवार वीणा मानवी को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने समाहरणालय पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया, लेकिन जैसे ही बाहर निकलीं उन्हें पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

वीणा मानवी की गिरफ्तारी का उनके समर्थकों और कार्यकताओं ने जमकर विरोध किया। पुलिस ने उन्हें समझाने-बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाहर जमकर हंगामा हुआ। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि सम्राट चौधरी सरकार ने साजिश के तहत वीणा मानवी को गिरफ्तार कराया है। उनका कहना है कि बांकीपुर विधानसभा सीट से वीणा



मानवी की जीत तय थी, इसलिए राजनीतिक साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया। कार्यकताओं ने इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया।

इधर, गिरफ्तारी के बाद वीणा मानवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह तक नहीं बताया गया कि आखिर किस मामले में उनकी गिरफ्तारी की जा रही है। उनका कहना है कि पटना पुलिस ने पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी थी। पुलिसकर्मियों ने केवल इतना कहा कि वे अदालत से वारंट लेकर उन्हें गिरफ्तार करने आए हैं।

पूर्व मंत्री एवं जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने अपनी पार्टी की उम्मीदवार वीणा मानवी के खिलाफ जारी वारंट और गिरफ्तारी को सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि वीणा मानवी को जानबूझकर फंसाया गया है, जबकि उनके खिलाफ ऐसा कोई मामला नहीं है। तेज प्रताप ने कहा कि वीणा मानवी जनता के बीच लोकप्रिय और सरल स्वभाव की उम्मीदवार हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वह लंबे समय से सार्वजनिक रूप से सक्रिय थीं, तब कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन नामांकन के दिन ही गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया। इसे उन्होंने एक महिला के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि वह जल्द बिहार लौटेंगे और सरकार का घेराव करेंगे। साथ ही उन्होंने धार्मिक संदर्भ देते हुए कहा कि जब किसी महिला के साथ अन्याय होता है, तब भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलता है और बिहार पहुंचते-पहुंचते पूरा प्रदेश यह देखेगा।

# आरा में लोक समिति की मासिक बैठक संपन्न

## वर्षा नहीं होने से किसानों की बढ़ी चिंता : शिवजी सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, तथा खेती किसानी की संकट को लेकर, भोजपुर जिला लोक समिति के तत्वावधान में आरा शहर के राजेन्द्र नगर में लोक समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई! जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं जे.पी.सेनानी गीता पाण्डेय ने की।मौके पर मासिक बैठक में उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री श्री शिवजी सिंह ने कहा कि बिहार में एक तरफ बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार,और बेरोजगारी चरम सीमा पर है तो दूसरी तरफ समय से वर्षा नहीं होने से किसानों की परेशानी एवं चिन्ता बढ़ रहीं है। बिहार में मॉनसून और बारिश के कमी के कारण 12 से 22 प्रतिशत से भी कम रोपनी हुई है। अधिकांश क्षेत्रों में किसानों का 90% धान का बिचडा तैयार है ! बारिश कम होने के कारण धान की रोपनी की गति बहुत धीमी है !श्री सिंह ने कहा कि बिहार में पर्याप्त रोजगार की कमी इसलिए यहां मजदूरों अन्य राज्यों में पलायन हो रहा है !





श्री सिंह ने कहा कि कहा कि अभी 30 जून को राँची में लोक समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था,सम्मेलन में पारित प्रस्ताव एवं कार्यक्रम सम्बंधी लिए गयें निर्णय के आलोक में जिला में शहर से लेकर गाँव-गाँव तक संगठन का विस्तार किया जायेंगा। श्री सिंह ने कहा कि अगस्त महीना में भोजपुर जिला लोक समिति का कार्यकर्त्ता सम्मेलन कराकर जिला की नयी कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का चुनाव करा दिया जायेंगा।श्री सिंह ने बताया कि बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार ने

## गीता को जेपी सेनानी पेंशन देने की मांग

कहा है कि अगले वर्ष 25 जून 2027 में सरकार जे.पी. आन्दोलन में आपातकाल के खिलाफ संघर्ष करने वाले सेनानी को सन्मानित करेंगी तथा पेंशन से छूटें लोंगो का नाम जोड़ने के लिए एक कमिटी गठित की जायेंगी । श्री सिंह ने कहा कि आरा में हमारे संगठन के अध्यक्ष गीता देवी जे.पी. सेनानी है ! वे जे.पी. आन्दोलन में काफी सक्रिय थी, यह भी बताती है कि आन्दोलन के दौरान मुझे पुलिस गिरफ्तार करके थाना में बंद कर जेल भी भेंजी थी। उनके घर में आग लगने के कारण उनका कागजात जल गया है। जिस कारण वे पेंशन योजना से पूरी तरह बंचित रह गयी है। श्री सिंह ने बिहार सरकार से मांग की है कि गीता देवी का नाम का जांच करायी जाय, तथा जांचोपरान्त उनका नाम जोड़कर उनके आवेदन को स्वीकार करते हुए नियमित रूप से पेंशन योजना का लाभ दिया जाय! इनके अलावा बैठक में श्री मती अनिता देवी, पुष्पा कुमारी, गुडिया देवी, कलावती देवी, रवि सिन्हा, आदित्य कुमार, प्रमोद कुमार, संजय राम, गंगा विशुन राम, वगैरह गणमान्य लोंगो ने भी बैठक को सम्बोधित किया।

# उद्घाटन के पूर्व दरकी 3792 करोड़ की लागत से बनी सड़क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** लगभग 3792 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 125 किमी मुंगेर-मिजाचौकी फोरलेन पर उद्घाटन से पहले ही सवाल खड़े हो गए हैं। भागलपुर जिले के गनगनिया के समीप निमार्णाधीन फोरलेन की डाउन लाइन (मुंगेर-भागलपुर लेन) में करीब 40 मीटर लंबाई तक दो इंच चौड़ी दरार मिलने से निर्माण की गुणवत्ता कटघरे में आ गई है।

मामला सामने आते ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। परियोजना निदेशक ने तत्काल जांच टीम गठित कर मौके पर भेज दी है। परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि फोरलेन का निर्माण कार्य अभी जारी है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार सड़क के सबग्रेड वर्क में दरार दिखाई दी है।

उन्होंने कहा कि बिटुमिन सटलमेंट के दौरान भी इस तरह की स्थिति बन सकती है। हालांकि यदि जांच में कोई

## अधिकारियों में हड़कम्प, टीम गठित

गंभीर तकनीकी खामी सामने आती है, तो केवल मरम्मत नहीं, बल्कि संबंधित हिस्से को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। फिलहाल जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

इस फोरलेन का निर्माण मांटी कार्लो एजेंसी ठलअक की निगरानी में कर रही है। मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला शुरू होने से पहले सड़क तैयार करने का निर्देश दिया था। इसी वजह से पिछले कुछ दिनों से निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा था, लेकिन उद्घाटन से पहले ही सड़क में दरार पड़ने से निर्माण एजेंसी की कार्यशैली और गुणवत्ता नियंत्रण पर सवाल उठने लगे हैं।

श्रावणी मेला शुरू होने में अब महज 17 दिन शेष हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और वाहनों का दबाव इसी मार्ग पर रहने की संभावना है। ऐसे समय में सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल प्रशासन और एनएचएआई दोनों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो, मेले के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

इधर, सोमवार को गनगनिया के पास सड़क में दरार मिलने के बावजूद वाहनों का परिचालन सामान्य रूप से जारी रहा। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में निर्माण के दौरान ही इस तरह की खामी सामने आना गंभीर मामला है। अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है, जो तय करेगी कि यह सामान्य तकनीकी समस्या है या फिर निर्माण गुणवत्ता में बड़ी चूक है।

## बेपटरी हुई मालगाड़ी

**फतुहा।** नालंदा जिले के हिलसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। फतुहा से नटेसर की ओर जा रही मालगाड़ी के चार डिब्बे स्टेशन में प्रवेश के दौरान अचानक पटरी से उतर गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद रेल परिचालन प्रभावित हो गया, जबकि आसपास के रेलवे फाटकों के बंद होने से सड़क यातायात भी बाधित हो गया।

जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी हिलसा स्टेशन में प्रवेश कर रही थी, तभी उसके चार डिब्बे बेपटरी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधन ने वरीय रेल अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद पटना से राहत एवं बचाव दल को मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस की टीमें भी पहुंच गई हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के कारण कई रेलवे फाटक बंद करने पड़े। इससे हिलसा-चिकसौरा मार्ग समेत आसपास के इलाकों में वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# मां की डांट से आहत किशोर ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र के करजारा गांव में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है, जहां पढ़ाई के लिए मां और स्वजन की डांट से आहत होकर एक 13 वर्षीय किशोर ने सल्फास की गोली खा ली।

गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ लाया गया, जहां डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

किशोर करजारा गांव निवासी टुनटुन प्रसाद के 13 वर्षीय इकलौते पुत्र करण राज है। इकलौते बेटे की मौत के बाद स्वजन में कोहराम मच गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजन ने बताया कि वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पिता टुनटुन प्रसाद गुजरात के सूरत में एक निजी कंपनी में नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बताया जाता है कि रविवार को करण पास के ही जनहारो गांव स्थित अपने ननिहाल गया था।

वहां से लौटने के बाद मां ने उसे पढ़ाई



पर ध्यान न देने को लेकर डांट-फटकार लगाई थी। मां की डांट से क्षुब्ध होकर वह चुपचाप अपने कमरे में चला गया।

रात में जब मां उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई, तो पढ़ाई को लेकर दोबारा दोनों के बीच कहासुनी हुई और घर के अन्य सदस्यों ने भी उसे डांट दिया।

सोमवार की सुबह करण देर तक सोता रहा। जब वह जगा, तो उसने स्कूल और कोचिंग जाने से मना कर दिया। इस बात पर सुबह एक बार फिर मां और परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे कड़ी फटकार लगा दी। लगातार मिल रही डांट से आहत होकर किशोर ने घर में रखी सल्फास की गोली खा ली।

# ब्रह्मर्षि परिवार की बैठक में सेवा कार्यों के विस्तार पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोकारो।** ब्रह्मर्षि परिवार, बोकारो की संचालन समिति की बैठक रविवार को सेक्टर-12ए में बीके सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित में संचालित सेवा गतिविधियों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपने विचार एवं सुझाव रखे। वक्ताओं ने संगठन की एकता, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को और सशक्त बनाने पर जोर दिया। सदस्यों ने रक्तदान, चिकित्सा सहायता, अंतिम संस्कार सहयोग तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आने वाले समाज के छात्र-छात्राओं की सहायता जैसी जनकल्याणकारी गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रह्मर्षि परिवार के वरिष्ठ सदस्य कमलेश राय ने कहा कि संगठन की



सबसे बड़ी पहचान उसकी सेवा भावना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को समाज के सुख-दुख में सहभागी बनकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक मजबूत होगा।

अध्यक्षीय संबोधन में बी.के. सिंह ने सभी सदस्यों से सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।बैठक में संचालन समिति के वरीय सदस्य डॉ. नरेंद्र कुमार राय, राजीव कुमार राय,सुरेश राय, एनएनपी शाही,पीयूष राय, अनुरंजन शर्मा, दीपक मिश्रा, पंकज कुमार,शंकर कुमार सिंह, मनोरंजन कुमार सिंह, मिथिलेश पांडे, मधुसूदन कुमार, सुधीर कुमार, सुशील ठाकुर, मदन सिंह, सर्वेश चौधरी, संजय कुमार, साधु शरण सिंह, श्रीकिशुन पांडे, पंकज कुमार, दीनदयाल शर्मा, सुनील कुमार, एस.एन. शर्मा, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, पंकज कुमार, नीरज कुमार, प्रभात कुमार , हरिओम कुमार, देवनारायण सुधांशु ,पीयूष कुमार,सियाराम शर्मा, संजय ठाकुर सहित अन्य गणमान्य समाजबंधु भी उपस्थित रहे।

**आद्रा मंडल में पे एंड यूज और कैटरिंग अनुबंधों के लिए ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा आद्रा मंडल के तहत निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: कैटलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। **कैटेगरी: पे एंड यूज, नीलामी कैटलॉग नंबर: पेएनयू35, लॉट नंबर/कैटेगरी: (i)** पीएनयू-एडीआरए-बीकेएससी-टीओआई-59-26-1 (पे एंड यूज - टॉयलेट)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 27.07.2026, 12:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 27.07.2026, 12:30 बजे। **(ii)** पीएनयू-एडीआरए-बीकेएससी-टीओआई-47-25-3 (पे एंड यूज - टॉयलेट)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 27.07.2026, 12:30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 27.07.2026, 12:40 बजे। **कैटेगरी: कैटरिंग, नीलामी कैटलॉग नंबर: सीएटीजी51, लॉट नंबर/कैटेगरी: (i)** सीएटीजी-एडीआरए-ओडीएम-जीएमयू-33-26-1 (कैटरिंग - जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू))। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.07.2026, 12:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 28.07.2026, 12:30 बजे। **(ii)** सीएटीजी-एडीआरए-पीआरआर-एसएमयू-82-26-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू))। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.07.2026, 12:30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 28.07.2026, 12:40 बजे। **(iii)** सीएटीजी-एडीआरए-एमएचक्यू-एसएमयू-85-26-1 (कैटरिंग - स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू))। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.07.2026, 12:40 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 28.07.2026, 12:50 बजे। **नीलामी कैटलॉग नंबर: सीएटीजी52, लॉट नंबर/कैटेगरी: (i)** एमपीएस-एडीआरए-बीकेएससी-एमपीएस-5-26-1 (एमपीएस-मल्टी पर्पस स्टॉल)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 29.07.2026, 12:00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 29.07.2026, 12:30 बजे। **(ii)** एमपीएस-एडीआरए-बीकेएससी-एमपीएस-4-26-4 (एमपीएस-मल्टी पर्पस स्टॉल)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 29.07.2026, 12:30 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 29.07.2026, 12:40 बजे। **टिप्पणी**: प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-470)

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुस्कान के साथ सेवा

# जलकुंभी को आय का प्रभावी साधन बनाया जा रहा : श्रेयसी सिंह

## जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** उद्योग विभाग और नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (नेडफी) के बीच भारत सरकार के राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) कार्यक्रम के तहत जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। श्रेयसी सिंह ने कहा कि जलाशयों में तेजी से फैलने वाली जलकुंभी अब पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि आय सृजन का प्रभावी साधन बनेगी। उन्होंने कहा कि जलकुंभी को मूल्यवर्धित शिल्प उत्पादों में बदलकर पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जाएगी। इस पहल से जल निकायों की सफाई, पारिस्थितिक संतुलन और ग्रामीण कारीगरों, विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर विपणन से जोड़कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। रैम्प कार्यक्रम के तहत कारीगरों को कौशल विकास, गुणवत्ता सुधार, ब्रांडिंग और बाजार संपर्क की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि यह परियोजना सतत उद्यमिता और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत साझा सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे जहां आधुनिक उत्पादन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही कारीगरों को कौशल विकास, क्षमता निर्माण, उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता संवर्धन तथा प्रभावी विपणन का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे जलकुंभी आधारित शिल्प उत्पादों की मजबूत मूल्य श्रृंखला विकसित होगी और स्थानीय संसाधनों को आर्थिक अवसरों में बदला जा सकेगा। परियोजना के तहत अगले आठ महीनों में 200 कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इनमें सहरसा जिले के 150 और वैशाली जिले के 50 कारीगर शामिल हैं। साझा सुविधा केंद्रों के माध्यम से आधुनिक उत्पादन व्यवस्था, उत्पाद नवाचार और बाजार संपर्क उपलब्ध कराया जाएगा जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में एमएसएमई निदेशक अमन समीर, नेडफी के महाप्रबंधक आशीम कुमार दास, कार्यकारी अधिकारी चंद्रकांत दास तथा उद्योग विभाग और नेडफी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना से जलकुंभी के वाणिज्यिक उपयोग बढ़ेगा, हस्तशिल्प एवं वस्त्र क्षेत्र को नई गति मिलेगी, ग्रामीण समुदायों की आय में वृद्धि होगी तथा पर्यावरण संरक्षण और समावेशी औद्योगिक विकास के राज्य सरकार के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

# बांकीपुर विधानसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवार की होगी प्रचंड जीत : मंगल पांडेय

## प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य के मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर जनता का विश्वास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने दावा किया है कि बांकीपुर विधानसभा सीट पर एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत होने जा रही है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की राष्ट्रभक्त जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना मन पूरी तरह बना लिया है। श्री पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों और देश को परम वैभव पर ले जाने के संकल्प का असर आज बिहार के कोने-कोने में दिख रहा है। बांकीपुर की जनता प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर अटूट विश्वास रखती है। श्री पांडेय ने वर्तमान नेतृत्व और संगठन की मजबूती को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा नितिन नवीन ने बांकीपुर के विधायक और एक जननेता के रूप में क्षेत्र के विकास के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। उन्होंने हर वर्ग के कल्याण और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए जो प्रयास किए हैं, उसी का परिणाम है कि आज जनता स्वतः स्फूर्त होकर भाजपा के पक्ष में खड़ी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व और पूर्व सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार बिहार को विकास और कानून व्यवस्था के नए शिखर पर ले जा रही है। एनडीए सरकार की डबल इंजन की ताकत का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। श्री पांडेय ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास न तो कोई नीति है और न ही कोई नीयत। बांकीपुर विधानसभा की जागरूक जनता विपक्ष के भ्रामक दावों को नकारते हुए एनडीए-भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार फिर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाएगी।

# कविता 'फरियाद क्या करना' समाज को देती है आत्मबल और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं साहित्यकार डॉ. आनंद रंजन झा की नवीन प्रेरणादायी कविता 'फरियाद क्या करना' प्रकाशित हुई है। यह कविता अन्याय, छल, कपट और विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, आत्मविश्वास तथा सत्य के मार्ग पर अडिग रहने का संदेश देती है। कविता में कवि ने जीवन के कटु अनुभवों को शब्दों में पिरोते हुए बताया है कि जब व्यवस्था संवेदनहीन हो जाए और सत्य की उपेक्षा होने लगे, तब निराश होने के बजाय अपने कर्म, साहस और आत्मबल को ही सबसे बड़ा सहारा बनाना चाहिए। कविता की प्रत्येक पंक्ति पाठकों को संघर्ष के बीच भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि यह कविता किसी व्यक्ति विशेष पर आधारित नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त परिस्थितियों को देखते हुए लिखी गई है। इसका उद्देश्य लोगों में सकारात्मक सोच, आत्मसम्मान, कर्मनिष्ठा और सत्य के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शिकायतों में समय गंवाने के बजाय व्यक्ति को अपने लक्ष्य और कर्म पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि अंततः सत्य और परिश्रम की ही विजय होती है। साहित्य प्रेमियों एवं पाठकों ने कविता की भाषा, भाव और संदेश की सराहना करते हुए इसे वर्तमान समय की परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक बताया है। उनका मानना है कि यह रचना युवाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को संघर्षों का सामना साहसपूर्वक करने तथा निराशा से बाहर निकलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

# भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

## ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के नामांकन समारोह में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में लगभग तीन हजार से अधिक ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस विशाल नामांकन जुलूस में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जोशीले नारों के बीच निकले इस जनसैलाब ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना दिया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह अभूतपूर्व जनसमर्थन बाकीपुर विधानसभा के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा समाज के विश्वास और भाजपा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन ने अपने जनसेवा और विकास कार्यों से बाकीपुर की जनता का दिल जीता है। यही उनके लोकप्रिय नेतृत्व का परिणाम है कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व मिला है जिस पर केवल बाकीपुर ही नहीं बल्कि पूरा बिहार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बाकीपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति अपना आभार व्यक्त करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार तथा देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों के आधार पर भाजपा इस उपचुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी और अब तक के सभी मतदान रिकॉर्ड टूटेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा एवं एनडीए सरकार ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पंचायत एवं नगर निकायों में आरक्षण लागू कर उन्हें सशक्त बनाया। गरीबों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे अति पिछड़ा समाज का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आज से ही घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं तथा भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लें।

# आद्विक ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण पदक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम दास अग्रवाल के पौत्र आद्विक अग्रवाल ने हैदराबाद में आयोजित आरबीए इंटर बैडमिंटन लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (चैंपियन) जीतकर परिवार और बिहार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 11 और 12 जुलाई को हैदराबाद में आयोजित हुई जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आद्विक अग्रवाल ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन खेल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए अपने सभी मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और फाइनल में जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। आद्विक की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, परिजनों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। घनश्याम दास अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि आद्विक भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा।

# अब सपनों की उड़ान नहीं रुकेगी, 5.65 लाख बेटियों को मिलेगा 25,000 का संबल

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का संकल्प: हर बेटी बने शिक्षित और आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत राज्य की 5.65 लाख से अधिक इंटर उत्तीर्ण छात्राओं के बैंक खातों में 25,000 की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जाएगी जिससे छात्राएं उच्च शिक्षा जारी रख सके। इस योजना को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा 700 करोड़ की राशि प्रदान की गयी है।

**बिहार की बेटियों को सरकार का बड़ा उपहार**

प्रोत्साहन राशि मिलने के पश्चात उत्साहित होकर लाभार्थी छात्राओं ने कहा कि बिहार सरकार ने नौवीं से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी करने में आर्थिक संबल प्रदान किया। छात्राओं ने कहा कि पहले आर्थिक कठिनाइयों के कारण अनेक परिवारों में इंटरमीडिएट के बाद बेटियों की पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता था, लेकिन राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं ने इस स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाया है। राज्य सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए कन्या उत्थान योजना के तहत मिलने वाली 25 हजार रु. से हम कॉलेज में फीस के साथ अपने लक्ष्य को पूरा करने की योजना बना सकते हैं।

**रौशनी कुमारी, छात्रा**

बिहार में महिलाओं को सशक्त व प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत की है जिसमें कन्या उत्थान का बड़ा योगदान रहा है। इसके लिए सरकार का हम बेहद धन्यवाद करती हूं।

**प्रियंका कुमारी, छात्रा**

25 हजार की राशि मिलने के बाद हम छात्राओं के हौसले को नया पंख हासिल हुआ है। अब दुनिया के सामने बिहार की बेटी की प्रतिभा को देखने का मौका मिलेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री को बेहद आभार

**मानसी कपूर, छात्रा**

# खान सर समेत चार को मिली अग्रिम जमानत

## जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मी भी नियमित जमानत पर होंगे मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हत्या के प्रयास एवं आग्नेयास्त्रों के अवैध इस्तेमाल के मामले में अभियुक्त बनाए गए खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक खान सर उर्फ फैजल खान और उनके तीन सहकर्मियों अजीत कुमार, कन्हैया कुमार सिंह और अंकित कुमार पाण्डेय को पटना के प्रधान जिला जज की अदालत ने आज अग्रिम जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत ने इस मामले में 8 जुलाई को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। आज अपना आदेश सुनाते हुए प्रधान जिला जज ने खान सर और उनके तीनों सहकर्मियों को गिरफ्तारी या न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की स्थिति में 10000 के निजी मुचलके के साथ उसी राशि के दो जमानतदारों का बंध पत्र दाखिल करने पर जमानत पर मुक्त किए जाने का आदेश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों जमानतदारों में से एक जमानतदार नजदीकी रिश्तेदार होगा जबकि दूसरा पटना का निवासी होगा। दूसरी ओर इसी मामले में खान सर के जेल में बंद दो सुरक्षाकर्मियों की नियमित जमानत याचिका भी अदालत ने स्वीकृत की और दोनों सुरक्षा कर्मियों को उपरोक्त शर्तों पर ही जमानत पर जेल से मुक्त किए जाने का आदेश दिया। गौरतलब है कि खान सर के कोचिंग संस्थान के नजदीक हुई गोलीबारी के वायरल वीडियो के आधार पर कदमकुआं थाना की पुलिस ने खान सर और उनके दो सुरक्षा कर्मियों के अलावा अन्य अज्ञात के खिलाफ बी एन एस और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 4 जून 2026 को कदम कुआं थाना में कांड संख्या 418/2026 दर्ज किया है।

# बिहार के कृषि बाजार बनेंगे आधुनिक व्यापार केंद्र, भंडारण से विपणन तक मिलेगी नई सुविधाएं

## कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण से किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके कृषि उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने तथा कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप (2023-28) के अंतर्गत कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत कृषि उत्पादों के विपणन से जुड़ी सभी गतिविधियों को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 बाजार प्रांगणों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास की योजनाएं लगभग 1288.66 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित की जा रही है। इनमें से 8 बाजार प्रांगणों का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि शेष बाजार प्रांगणों में निर्माण एवं विकास कार्य तेजी से जारी है। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक भंडारण, आधुनिक विपणन, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण तथा बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि लंबे समय तक उपेक्षित रहे कृषि बाजारों को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक कृषि व्यापार केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन बाजारों में आधुनिक गोदाम, प्रशासनिक भवन, किसान विश्राम गृह, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, आंतरिक सड़कें, इलेक्ट्रॉनिक तौल प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी तथा कृषि उत्पादों के विपणन की लागत भी कम होगी। उन्होंने बताया कि राज्य के 12 बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास के लिए नाबार्ड सहायता से संचालित योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में लगभग 46.03 करोड़ रुपये की राशि व्यय हेतु स्वीकृत की गई है।

# साइबर अपराध, नारकोटिक्स समेत अन्य अपराधों की स्थिति की हुई समीक्षा

## राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गृह सचिव कुंदन कुमार ने सोमवार को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव कुमार की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें राज्यभर में साइबर अपराध नियंत्रण, नारकोटिक्स उन्मूलन, आपदा प्रबंधन, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीन नए आपराधिक कानूनों) के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान गृह सचिव कुंदन कुमार की तरफ से पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपर्युक्त विषयों के अंतर्गत राज्य में किए गए कार्यों, प्रगति, उपलब्धियों एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया। समीक्षा के उपरांत संयुक्त सचिव (एलडब्ल्यूई) राजीव कुमार ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की। उनके द्वारा तीनों नए आपराधिक कानूनों को चरणबद्ध तरीके से निश्चित समयसीमा के अन्दर लागू करने, सीसीटीएनएस के प्रभावी क्रियान्वयन, शत प्रतिशत ई-साक्ष्य का संबंधित एफआईआर के साथ लिंकेज, फॉरेंसिक से संबंधित मामलों का तीन नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप प्रभावी अनुपालन, सात या सात वर्ष से अधिक वर्ष की सजा वाले अपराधों के मामले में फॉरेंसिक से संबंधित जांच का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, 60 या 90 दिनों के अंदर चार्जशीट दाखिल करने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किया गया तथा समन्वित प्रयासों के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति निश्चित समय सीमा के भीतर प्राप्त करने का निदेश पुलिस विभाग के संबंधित प्रभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में गृह विभाग के विशेष सचिव क्षत्रनील सिंह, निदेशक अभियोजन सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव कमल नयन, संयुक्त सचिव अमलेंदु कुमार सहित गृह विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित प्रभागों के अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# पुलिस पर हमला करने एवं हर्ष फायरिंग करने वालों पर हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर में पुलिस टीम पर हमला करने के साथ ही हर्ष फायरिंग और भीड़ के माध्यम से हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी कर रखा है। इसके तहत इस महीने 5 से 10 जुलाई तक चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत सभी जिलों से इन अपराधों में शामिल 365 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस अभियान के तहत सर्वाधिक संख्या में 348 अभियुक्तों को पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा हर्ष फायरिंग से जुड़े मामले में 14 और भीड़ के स्तर से हिंसा करने में 3 आरोपियों को गिरफ्तारी की गई है। इन सभी तीन मामलों में सर्वाधिक गिरफ्तारी करने वाले तीन जिलों में नवगछिया से 63, मोतिहारी से 41 और कटिहार से 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस तरह की कार्रवाई को पूरे जिले में निरंतर स्तर पर जारी रखने का आदेश पुलिस मुख्यालय में दिया है। ताकि इस तरह की आपराधिक गतिवधियों पर नकेल कसी जा सके।

# नालंदा के मरीजों को मिलेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, आशा हॉस्पिटल का हुआ नया चिकित्सा टाई-अप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए जलालपुर, बिहारशरीफ, नालंदा स्थित आशा हॉस्पिटल ने क्षेत्र के मरीजों को उत्कृष्ट और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान के साथ टाई-अप की घोषणा की है। इस टाई-अप का मुख्य उद्देश्य नालंदा और आसपास के जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को एक नए स्तर पर ले जाना है। इस नए टाई-अप के बाद अस्पताल विशेष रूप से तीन प्रमुख विभागों-स्त्री रोग, प्रसूति रोग और बाल रोग में अपनी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत करेगा। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार तथा आशा हॉस्पिटल उपस्थित रहे। उन्होंने इस नए जुड़ाव से अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, चौबीसों घंटे आपातकालीन प्रसूति सेवाओं और गंभीर रूप से बीमार नवजातों के लिए विशेष देखभाल इकाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# टिकट चेकिंग अभियान में पुनपुन एवं तारेगना स्टेशनों पर 217 यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में 13.07.2026 (सोमवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के पुनपुन एवं तारेगना स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इन स्टेशनों से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 217 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 148395/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया।

# बिहार लगातार 22वें महीने दवा आपूर्ति में देश में पहले स्थान पर : मंत्री निशांत

## हर मरीज तक मुफ्त दवा पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के अनुसार बिहार लगातार 22 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बिहार सितम्बर 2024 से जून 2026 तक लगातार 22 महीने से देश में नंबर वन पर है। डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 80.32 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। पंजाब 71.67 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और राजस्थान 69.75 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरुआत हुई थी। इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 504 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज/कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिले। श्री निशांत ने कहा कि राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को 362 प्रकार की, अनुमंडलीय अस्पतालों में 256 प्रकार की, रेफरल अस्पतालों में 241 प्रकार की, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 252 प्रकार की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 239 प्रकार की, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 137 प्रकार की, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में 139 प्रकार की तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 115 प्रकार की एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में 25 प्रकार की दवाइयां मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# 27 जुलाई से सजेगी 'प्रेमनाथ खन्ना स्मृति नाट्य उत्सव' की महफिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली संस्था 'सामयिक परिवेश' द्वारा आगामी 27 जुलाई से तीन दिवसीय 'प्रेमनाथ खन्ना स्मृति नाट्य उत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह त्रि-दिवसीय नाट्य महोत्सव पटना के प्रतिष्ठित प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित होगा। इस महोत्सव की संचालिका देश की वरिष्ठ लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता ममता मेहरोत्रा हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नाट्य उत्सव का मुख्य आकर्षण नारी सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी जो समाज को एक नया दृष्टिकोण प्रदान करेंगी। महोत्सव के पहले दिन (27 जुलाई) उद्घाटन प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ लेखिका ममता मेहरोत्रा की प्रसिद्ध कहानी 'या देवी सर्वभूतेषु' का मंचन किया जाएगा। यह एक संपूर्ण संगीतमय नाट्य प्रस्तुति होगी जो महिला शक्ति, उनके अधिकारों और समाज में उनके संघर्ष व सम्मान को रेखांकित करेगी। इस मुख्य नाटक का नाट्य रूपांतरण और कुशल निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी व निर्देशक आशुतोष कुमार द्वारा किया जा रहा है। नाटक को संगीतमय रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई है जिसमें पारंपरिक और आधुनिक रंग-संगीत का बेजोड़ तालमेल दर्शकों को देखने को मिलेगा।

# संपादकीय

## भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी का नया अध्याय, रक्षा से परमाणु ऊर्जा तक बढ़ा सहयोग


पिछले कुछ समय के दौरान मुक्त व्यापार के क्षेत्र में भारत ने कई देशों के साथ समझौते किए हैं, जिसके तहत देश की अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए नई संभावनाएं तैयार करने की कोशिश की गई है।वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अलग-अलग देशों में आपसी सहयोग के लिए जिस स्तर पर नए समीकरण बन रहे हैं, उससे साफ है कि अब पुराने ध्रुवों के विकल्प तैयार हो रहे हैं और विकसित तथा सक्षम देशों को भी अपने बेहतर भविष्य का रास्ता तैयार करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में देखें, तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को जिस स्तर पर सहयोग और साझेदारी की घोषणा हुई, वह मौजूदा दौर की जरूरतों के मद्देनजर एक महत्त्वपूर्ण पहल है।गौरतलब है कि पिछले कुछ समय के दौरान मुक्त व्यापार के क्षेत्र में भारत ने कई देशों के साथ समझौते किए हैं, जिसके तहत देश की अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए नई संभावनाएं तैयार करने की कोशिश की गई है। इसी क्रम में अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को नई मजबूती देने जैसे कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी है।साथ ही परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, साइबर तकनीक, अंतरिक्ष और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाने का खाका भी पेश किया गया। इसके अलावा आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने तथा अन्य मोर्चों पर जारी तनावों के हल के लिए संवाद और कूटनीतिक प्रयास जारी रखने पर भी सहमति बनी।जाहिर है, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साझेदारी के सफर के विस्तार की जो पहल हुई है, उसका आधार अगले कुछ दशकों में वैश्विक स्तर पर आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर बदलते ध्रुव और उसी मुताबिक तैयार होते समीकरण हैं, जिनमें सहयोग के नए आयाम तैयार हो रहे हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत का पहले से ही साझेदारी का लंबा सफर रहा है, लेकिन ताजा समझौतों में परमाणु ऊर्जा और दुर्लभ खनिजों के मामले में सहयोग के जिस मोर्चे पर ठोस समझदारी बनी है, वह आने वाले वक्त में बेहद अहम साबित हो सकती है।ऑस्ट्रेलिया के पास दुनिया भर के यूरेनियम संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा है, मगर कुछ कानूनी और तकनीकी अड़चनों की वजह से भारत को अब तक इसका लाभ नहीं मिल सका। अब ताजा समझौते के बाद भारत को अपनी परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए ईंधन का एक अहम स्रोत मिल सकेगा।हालांकि मौजूदा दौर में विश्व जिस स्तर के तनावों से गुजर रहा है, उसमें यूरेनियम के उपयोग को लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। मगर इस मसले पर दोनों देशों ने यह साफ किया है कि सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए दीर्घकालिक यूरेनियम निर्यात की अनुमति होगी और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के तय सुरक्षा प्रावधानों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। साथ ही दोनों देश खनिज गलियारे को विकसित करने के क्षेत्र में भी साझेदारी करेंगे, जिससे चीन पर निर्भरता कम होगी।

**देश को नक्सल आतंक की जकड़ से बाहर निकालने और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर में आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंक दिया है। इस बार निशाने पर केवल घुसपैठ नहीं, बल्कि घुसपैठ के जरिये सीमावर्ती इलाकों में बदलता जनसंख्या संतुलन, तस्करी, मादक पदार्थों का जाल, कट्टरपंथ, ड्रोन खतरे, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित छद्म युद्ध की पूरी रणनीति है। अमित शाह ने स्पष्ट संकेत दिया है कि देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने और सीमाओं को अभेद्य सुरक्षा कवच देने का व्यापक अभियान अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अमित शाह का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और सामरिक संतुलन से जुड़ा हुआ प्रश्न है, ऐसे में यह अभियान वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के भारत की सुरक्षा का भी मजबूत आधार बनेगा।**

# नक्सलवाद के बाद घुसपैठ पर निर्णायक प्रहार, अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंका

(नीरज कुमार दुबे)

नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमा सुरक्षा के लिए सरकार की नई और व्यापक रणनीति सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सीमा सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश को नक्सल आतंक की जकड़ से बाहर निकालने और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर में आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंक दिया है। इस बार निशाने पर केवल घुसपैठ नहीं, बल्कि घुसपैठ के जरिये सीमावर्ती इलाकों में बदलता जनसंख्या संतुलन, तस्करी, मादक पदार्थों का जाल, कट्टरपंथ, ड्रोन खतरे, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित छद्म युद्ध की पूरी रणनीति है। अमित शाह ने स्पष्ट संकेत दिया है कि देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने और सीमाओं को अभेद्य सुरक्षा कवच देने का व्यापक अभियान अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अमित शाह का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और सामरिक संतुलन से जुड़ा हुआ प्रश्न है, ऐसे में यह अभियान वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के भारत की सुरक्षा का भी मजबूत आधार बनेगा। हम आपको बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमा सुरक्षा के लिए सरकार की नई और व्यापक रणनीति सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सीमा सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब केवल भूमि सीमाओं तक ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में तटीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी इसी प्रकार का समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। सम्मेलन में सीमा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों, उनके समाधान और भविष्य की नीति तैयार करने पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमा सुरक्षा व्यवस्था अब केवल चौकियों और गश्त तक सीमित नहीं रहेगी। सरकार सीमा सुरक्षा बलों, राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, केंद्र सरकार के संबंधित विभागों और सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय नागरिकों को साथ जोड़कर चार स्तरीय सुरक्षा तंत्र तैयार कर रही है। यही चतुष्कोणीय सुरक्षा व्यवस्था भविष्य में भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने का सबसे मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमावर्ती क्षेत्र और सतर्क समाज मिलकर ही राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। गृह मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत की लगभग पंद्रह हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरती है। इतनी विशाल सीमा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों के भरोसे संभव नहीं है। इसके लिए स्थानीय समाज की भागीदारी, प्रशासनिक समन्वय और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। इसी सोच के तहत सरकार अलग थलग सीमा चौकियों की पुरानी व्यवस्था से आगे बढ़कर एकीकृत सुरक्षा तंत्र विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की स्मार्ट सीमा की परिकल्पना आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा व्यवस्था का रूप लेगी। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में हिंसा के खिलाफ उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर भी निर्णायक प्रहार किया जाएगा। साथ ही ऐसा मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया जा रहा है जिससे देश पूरी तरह घुसपैठ मुक्त बने और भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध घुसपैठ की संभावना लगभग समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि पहले समस्याएं स्थायी होती थीं और समाधान अस्थायी, लेकिन अब सरकार समस्याओं की जड़ पर प्रहार कर स्थायी समाधान तैयार कर रही है। देखा जाये तो इस पूरी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सीमावर्ती क्षेत्रों में बदलते जनसंख्या स्वरूप पर मोदी सरकार का विशेष ध्यान है। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि सीमावर्ती इलाकों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण अवैध घुसपैठ है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसंख्या अध्ययन अभियान प्रारंभ किया है, जिसके तहत जनसंख्या में हो रहे अस्वाभाविक बदलावों का अध्ययन किया जाएगा, उनके कारणों की पहचान होगी और भविष्य में ऐसे परिवर्तनों को रोकने के उपाय सुझाए जाएंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अस्वाभाविक कारणों से होने वाली जनसंख्या वृद्धि पर कठोरता के साथ नियंत्रण किया जाएगा। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या परिवर्तन से जुड़ी हर महत्वपूर्ण सूचना सबसे निचले स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक तत्काल पहुंचनी चाहिए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सरकार सीमाओं को मजबूत बनाने के लिए आधारभूत ढांचे पर भी अभूतपूर्व निवेश कर रही है। अमित शाह ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में आधारभूत संरचना पर निवेश में चार सौ प्रतिशत की वृद्धि की गई है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सड़कों, संचार व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भारत म्यांमार सीमा के सोलह सौ दस किलोमीटर लंबे हिस्से पर 31 हजार करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसका उद्देश्य केवल घुसपैठ रोकना नहीं, बल्कि छद्म युद्ध, अवैध हथियारों की आवाजाही, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित अन्य गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है। साथ ही मोदी सरकार की सीमा सुरक्षा नीति केवल सैन्य दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है। सीमावर्ती गांवों को मजबूत बनाना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतिम गांव को पहला गांव बताया है। इस योजना के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन रोकने, स्थानीय रोजगार बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार का मानना है कि जब सीमा पर बसे गांव समृद्ध होंगे,



वहां के लोग सुरक्षित और आत्मनिर्भर होंगे, तभी सीमा सुरक्षा भी स्थायी रूप से मजबूत होगी। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह नई नीति भारत की सुरक्षा सोच में बड़ा परिवर्तन है। अब देश केवल किसी घटना के बाद प्रतिक्रिया देने की नीति पर नहीं रहेगा, बल्कि संभावित खतरों को पहले ही पहचानकर उन्हें रोकने की सक्रिय रणनीति अपनाई जाएगी। घुसपैठ, छद्म युद्ध, कट्टरपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, ड्रोन के जरिये हथियार पहुंचाना, साइबर अपराध और संगठित अपराध आज एक दूसरे से जुड़ी चुनौतियां बन चुकी हैं। ऐसे में इन सभी के खिलाफ एकीकृत सुरक्षा तंत्र भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को नई मजबूती देगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि सीमाओं पर प्रभावी नियंत्रण, जनसंख्या संतुलन की निगरानी, आधुनिक तकनीक आधारित सुरक्षा व्यवस्था और सीमावर्ती गांवों का विकास एक साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ता है तो भारत न केवल अपनी सीमाओं को अधिक सुरक्षित बना सकेगा, बल्कि भविष्य में किसी भी प्रकार की बाहरी चुनौती का अधिक प्रभावी ढंग से सामना करने की स्थिति में भी होगा। अमित शाह द्वारा प्रस्तुत यह नई रणनीति केवल सीमा सुरक्षा का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता, सामरिक शक्ति और भविष्य के भारत की सुरक्षा संरचना को मजबूत करने वाला व्यापक अभियान बनकर उभर रही है। हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरी रणनीति को जमीन पर उतारने के लिए अमित शाह स्वयं भी सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने सीमा चौकियों का निरीक्षण किया, सुरक्षा बलों के साथ संवाद स्थापित किया, नियंत्रण रेखा का निरीक्षण किया, भारत-पाक सीमा के अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र जाकर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की और महिला जवानों के लिए नई बैरकों का उद्घाटन किया। स्पष्ट है कि मोदी सरकार केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक निगरानी प्रणाली, तकनीक आधारित सुरक्षा तंत्र, मजबूत समन्वय और प्रत्यक्ष निरीक्षण के माध्यम से पूरे सीमा सुरक्षा ढांचे को नए सिरे से सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# इतिहास के निशां- बाकू की पवित्र अग्नि और भारत का प्राचीन संबंध

**इतिहास के निशां- बाकू की पवित्र अग्नि और भारत का प्राचीन संबंध**

(अभय कुमार)

वर्तमान मंदिर परिसर इन घुमंतू समुदायों की सक्रियता को दर्शाता है। सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में बाकू में बसे पंजाब के हिंदू खत्री व्यापारियों द्वारा पुनर्निर्मित, यह मंदिर न सिर्फ एक धार्मिक स्थल के रूप में, बल्कि व्यापारिक नेटवर्क द्वारा समर्थित एक संस्थागत केंद्र के रूप में भी कायम रहा। बाकू के बाहरी इलाके में स्थित सुराखानी के हवादार मैदानों में, एक शांत लौ आज भी उस सभ्यतागत स्मृति को रोशन करती है, जो कैस्पियन सागर के तटों से लेकर भारतीय उपमहाद्वीप तक फैली हुई है। प्राचीन अतेशगाह अग्नि मंदिर में कभी धरती से प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाली यह अग्नि मात्र एक भौगोलिक घटना नहीं थी। सदियों से, यह भारतीय आस्था, गतिशीलता और आध्यात्मिक कल्पना के लिए एक पवित्र आधार रही है, जो इसकी भौगोलिक उत्पत्ति से कहीं आगे तक फैली हुई है। अपने संलग्न प्रांगण, केंद्रीय वेदी और सादगीपूर्ण कक्षों वाले इस मंदिर परिसर में आज भी स्पष्ट भारतीय छाप दिखाई देती है- नटराज से संबंधित मूर्तियों से लेकर गणेश जी का आह्वान करने वाले शिलालेखों तक- जो यह दर्शाते हैं कि यह महज एक आकस्मिक संपर्क क्षेत्र नहीं बल्कि एक व्यापक पवित्र भूगोल का जीवंत विस्तार था। प्रवेश कक्ष, जिसके ऊपर एक कमरा या अतिथि कक्ष बना हुआ है, कभी हिंदू और सिख तीर्थयात्रियों के ठहरने का स्थान हुआ करता था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सुराखानी न केवल एक पूजा स्थल था बल्कि एक सक्रिय तीर्थ केंद्र भी था जो लंबी दूरी के व्यापार और धार्मिक मार्गों से जुड़ा हुआ था। ऐतिहासिक प्रमाणों से पता चलता है कि ससानियन काल (224-651 ईस्वी) के दौरान बाकू को भगवान के नाम से जाना जाता था जिसे बागवान या बागुआन भी लिखा जाता था। माना जाता है कि यह नाम वैदिक लोगों द्वारा दिया गया था जो इस क्षेत्र में आए या बसे थे। इसी नाम से देश का आधुनिक नाम अजरबैजान भी बना है (अजर- अग्नि, बेगुआन - ईश्वर)। नामकरण की यह निरंतरता पश्चिम की ओर अग्नि-पूजा करने वाले आर्य समूहों के प्रारंभिक आंदोलनों द्वारा आकारित गहरे सांस्कृतिक आदान-प्रदान की ओर इशारा करती है। इस क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जलकार्बन के छिद्र, जिनसे स्वतः उत्पन्न होने वाली ज्वालाएं निकलती थीं, ने एक दुर्लभ पारिस्थितिक वातावरण बनाया जहां भूविज्ञान स्वयं धर्मशास्त्र की पुष्टि करता प्रतीत होता था, जिससे पवित्र स्थलों का एक वर्ग अस्तित्व में आया जहां अग्नि के माध्यम से दिव्य अनुभव किया जाता था। ब्लूम्सबरी पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित प्रो. के.टी.एस. साराओ की एक रोचक पुस्तक, 'बाकू का शाश्वत अग्नि मंदिर', इस बहुआयामी इतिहास का विस्तृत दस्तावेजीकरण करती है। यह अध्ययन अतेशगाह को भारतीय अग्नि पूजा की निरंतरता में रखता है और सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पूर्व के खंडहरों पर निर्मित वर्तमान संरचना को ज्वाला-जीभ वाली देवी ज्वाला जी से जुड़े एक बहुत पुराने पवित्र भूभाग के हिस्से के रूप में पहचान दिलाता है। इस तीर्थस्थल से जुड़ी पौराणिक कथाएं इसे भारतीय पवित्र कल्पना में दृढ़ता से स्थापित करती हैं। परंपरा के अनुसार, जब सती ने आत्मदाह किया, तो शोकग्रस्त शिव उनके शरीर को पूरे ब्रह्मांड में ले गए, जब तक कि विष्णु ने हस्तक्षेप नहीं किया और उसे कई पवित्र स्थलों में विभाजित नहीं कर दिया। जिन स्थानों पर देवी को शाश्वत ज्वाला के रूप में प्रकट होते देखा गया है, उनमें ज्वालामुखी मंदिर, शक्तिनगर, मुक्तिनाथ और बाकू में सुरखानी शामिल हैं।

सुरखानी सहित इन स्थलों पर, देवी को सात या नौ ज्वालाओं के रूप में प्रकट होते देखा गया है, जो निरंतर जलती रहने वाली दिव्य अभिव्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्राकृतिक अग्नि और पवित्र आस्था के इस अंतर्संबंध ने बाकू को पश्चिमी काशी के रूप में विख्यात कर दिया। अविभाजित भारत के हिंदू-विशेष रूप से मुल्तान के व्यापारी और तीर्थयात्री-कठिन मार्गों से न केवल पूजा-अर्चना के लिए, बल्कि कुछ मामलों में सचेत रूप से मृत्यु को स्वीकार करने के लिए भी यात्रा करते थे, जहां प्राकृतिक रूप से उत्पन्न पवित्र अग्नि का उपयोग करके दाह संस्कार किया जाता था और सुरखानी को मुक्ति की एक व्यापक आध्यात्मिक यात्रा का अंतिम बिंदु माना जाता था। वर्तमान मंदिर परिसर इन घुमंतू समुदायों की सक्रियता को दर्शाता है। सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में बाकू में बसे पंजाब के हिंदू खत्री व्यापारियों द्वारा पुनर्निर्मित, यह मंदिर न सिर्फ एक धार्मिक स्थल के रूप में, बल्कि व्यापारिक नेटवर्क द्वारा समर्थित एक संस्थागत केंद्र के रूप में भी कायम रहा। चौबीस खिड़की रहित कोठरियों से घिरा प्रांगण, मठ और सराय दोनों के रूप में कार्य करता था, जिसमें तपस्वी और व्यापारी समुदाय निवास करते थे, जिन्होंने पवित्र अग्नि परंपराओं को जीवित रखा।

# किस ओर जा रही है दुनिया, कौन करेगा इस एआई का इस्तेमाल?

(रहीस सिंह)

**प्रश्न यह कि क्या इस तरह की चुनौतियों का निक्षेपण करने के लिए आज कोई देश, कोई नेता अथवा सरकार है, जो दैवीय राजत्व से नीचे उतरकर सामाजिक अनुबंधों के सहारे आगे बढ़ने का साहस करे? क्या राज्य और उनकी सरकारें इस संदर्भ में कोई व्यवस्था बना सकती हैं? शायद नहीं। दरअसल, यह छद्म वैश्वीकरण और छद्म उदारवाद का दौर है, जिसे हम बनावटीपन के साथ नवविश्ववाद और नवउदारवाद का नाम दे सकते हैं। यहां विशुद्ध (प्योर) कुछ भी नहीं है, सब हाइब्रिड है। सर्वत्र कौन जीतेगा या कौन हारेगा, की विषाक्तता भरी राजनीति का प्रभाव है, जो समृद्ध साझे अनुभवों, विरासतों और हितों से बहुत दूर खड़ी है। फिर तो जो प्रतिस्पर्धा, संघर्ष या युद्ध दिख रहे हैं, उनकी अगुआई ड्रोन, रासायनिक या जैविक हमले ही करेंगे और इन सबके पीछे खड़ी हो सकती है एआई जैसी अदृश्य शक्ति।**

सनक और अधिनायकत्व के वर्तमान दौर में जब छोटे देश जमींदोज किए जा रहे हों, दुनिया तमाशा देख रही हो और शांति के सिरे पूरी तरह बिखर चुके हों, जिन्हें जोड़ने वाला वैश्विक नेतृत्व भी नदारद हो, तब सवाल यह है कि तेजी से बढ़ते एआई का असली यूजर कौन होगा और उसका मकसद क्या होगा? यह वाकई डराने वाला है। पिछले कुछ दिनों से दुनियाभर के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आ रही रिपोर्टों, स्टोरियों और स्तंभों में एक अलग दुनिया दिख रही है। अमेरिका के कई हिस्सों के लोग तकनीक, बाजार और राज्य की व्यवस्था से परे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, लेकिन बाजार के खिलाड़ी इस प्रतिरोध को 'हिलबिली अपराइजिंग' कहकर मजाक उड़ाते दिख रहे हैं। क्या इन विशेषताओं के झरोखों में 18वीं-19वीं सदी का वह इतिहास नहीं दिख रहा, जिसने एक तरफ दुनिया को औद्योगिक क्रांति और उपनिवेशवाद दिया था, वहीं दूसरी तरफ 'सोशल कॉन्ट्रैक्ट' से लेकर 'दास कैपिटल' के जरिये एक ऐसा वर्ग खड़ा कर दिया था, जिसने नई व्यवस्था और नए इतिहास को जन्म दिया? क्या इतिहास अब स्वयं को दोहराने की ओर बढ़ रहा है? या उससे भी अधिक जटिल समय से हमारा सामना होने वाला है? पिछले दिनों प्यू रिसर्च सेंटर का एक सर्वे आया, जिसमें मुख्य रूप से पांच बातें अधिक प्रभावित करने वाली लगीं। पहली, 24 देशों में किए गए सर्वे में अमेरिकी सबसे अधिक निराशावादी दिखे। उनका मानना है कि 'एआई' के प्रभाव सकारात्मक के मुकाबले नकारात्मक अधिक होंगे। दूसरी, अमेरिका में 'एआई' पर बहस अब केवल तकनीकी मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि एक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुकी है। तीसरी, अमेरिकियों का कहना है कि 'एआई' पहले 'व्हाइट कॉलर' नौकरियां खत्म करेगा, फिर 'ब्लू कॉलर' नौकरियों को। चौथी, यदि इसके कारण दौलत कुछ कंपनियों के हाथ में सिमट गई और बाकी लोग बेरोजगार हुए, तो लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा। पांचवीं, 'एआई' लोगों को और भी अकेला बना देगा। इससे 'ट्रांसह्यूमनिज्म' का खतरा भी है, क्योंकि इसके जरिये इन्सान अपनी जैविक सीमाओं से आगे निकल सकता है। सवाल यह है कि अमेरिकियों का यह डर क्या जायज है? शेष दुनिया उतनी चिंतित क्यों नहीं, जितना कि अमेरिका? प्रश्न यह कि क्या इस तरह की चुनौतियों का निक्षेपण करने के लिए आज कोई देश, कोई नेता अथवा सरकार है, जो दैवीय राजत्व से नीचे उतरकर सामाजिक अनुबंधों के सहारे आगे बढ़ने का साहस करे? क्या राज्य और उनकी सरकारें इस संदर्भ में कोई व्यवस्था बना सकती हैं? शायद नहीं। दरअसल, यह छद्म वैश्वीकरण और छद्म उदारवाद का दौर है, जिसे हम बनावटीपन के साथ नवविश्ववाद और नवउदारवाद का नाम दे सकते हैं। यहां विशुद्ध (प्योर) कुछ भी नहीं है, सब हाइब्रिड है। सर्वत्र कौन जीतेगा या कौन हारेगा, की विषाक्तता भरी राजनीति का प्रभाव है, जो समृद्ध साझे अनुभवों, विरासतों और हितों से बहुत दूर खड़ी है। फिर तो जो प्रतिस्पर्धा, संघर्ष या युद्ध दिख रहे हैं, उनकी अगुआई ड्रोन, रासायनिक या जैविक हमले ही करेंगे और इन सबके पीछे खड़ी हो सकती है एआई जैसी अदृश्य शक्ति। क्या तब भी हम सोच सकते हैं कि दुनिया किसी नियम आधारित व्यवस्था से चलेगी? या उस व्यक्ति, देश अथवा बाजार की इकाई से, जिसके पास ताकत नहीं, बल्कि एआई होगा? वैसे नियम आधारित व्यवस्था को तो हम गाजा, कीव और तेहरान के कब्रिस्तानों में दफन होते हुए देख ही चुके हैं। इसलिए, उससे कोई उम्मीद रखना बेकार है। अब चिंता यह है कि नई व्यवस्था और ताकत में मनुष्य कहां खड़ा होगा, क्योंकि लोगों के मस्तिष्कों में अब यह सवाल तैरने लगा है कि जब नौकरियों को बड़े पैमाने पर 'एआई' खा रहा होगा, जब दुनिया भर के डाटा सेंटर लोगों के हिस्से का पानी पी रहे होंगे और फिर जो भ्रम फैलाया जा रहा होगा, वह पहले किसे तोड़ेगा? समाज को या राज्य को अथवा मनुष्य को? पता नहीं, परंतु शिकार मनुष्यता ही होगी, यह तय है। जो भी हो, दुनिया वैश्वीकरण के उस झूठे इश्तिहार के सहारे चलेगी, जो 1990 के दशक में दिमागों के साथ खेल रहा था या फिर उस भ्रम के साथ, जहां कुछ देश संरक्षणवाद और राष्ट्रवाद के नाम पर अधिनायकवाद को बढ़ाते हुए वैश्विक टकरावों को हवा दे रहे होंगे? लोग भावी बदलावों के बीच अपने लिए एक भरोसा चाहते हैं। परंतु, यह भरोसा दिलाएगा कौन? बाजार, राजनीति या तकनीक? बाजार का चरित्र पहले से ही अदृश्य शक्तियों के हाथ में है, उससे उम्मीद करना बेमानी होगी। अब तो राजनीति का चरित्र भी बाजार तय करने लगा है। और रही बात तकनीक की, तो वह भी बाजार के हाथ में जा चुकी है। तब बचा कौन? एक बात और, 'एआई' बहुत तेजी से बदल रहा है, इसलिए इसे पकड़ पाना मुश्किल है। राजनीति इसके मुकाबले फिसड्डी है। अमेरिका में यह देखने में आया है कि जितने समय में कांग्रेस (अमेरिकी संसद) एक सुनवाई करती है, उतने समय में नया 'एआई' मॉडल आ जाता है। ध्यान रहे कि वर्ष 2030 तक अत्याधुनिक एआई मॉडल विकसित करने के लिए आवश्यक विशाल डाटा सेंटर केवल वर्जीनिया या कैलिफोर्निया तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अमेरिका के अधिकांश क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सर्वर फार्म के रूप में स्थापित हो चुके होंगे। जैसे-सिलिकॉन हार्टलैंड यानी मिशिगन, विस्कॉन्सिन और ओहियो तथा इससे भी आगे बढ़कर दक्षिणी राज्यों, विशेषकर लुसियाना, मिसीसिपी और टेक्सास तक। अमेजन, गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और ओरेकल जैसी कंपनियां मिलकर लगभग 750 अरब डॉलर का निवेश कर रही हैं, जबकि अन्य कंपनियां भी अरबों डॉलर लगा रही हैं। एक अनुमान के अनुसार, 2026 से 2030 के बीच दुनियाभर में एआई डाटा सेंटरों पर लगभग तीस खरब डॉलर खर्च होने वाले हैं। इन सेंटरों में खपत होने वाली बिजली करीब 12 गीगावाट के स्तर से इस दशक के अंत में पांच गुना हो जाएगी। तब तो अमेरिकियों का डरना स्वाभाविक है। वे जनरेटरों और कूलिंग सिस्टम के गूंजते शोर और इनकी ओर मुड़ती पानी की धाराओं से डर रहे हैं। फिलहाल, इस समय में जो चिंताएं उभरती दिख रही हैं, वे निराधार तो नहीं हैं। विचार कीजिए कि जब एक नेता किसी दूसरे संप्रभु देश के चुने राष्ट्रपति को इसलिए उठा ले जा सकता है, क्योंकि उसे उस देश का तेल चाहिए। वही नेता एक अन्य देश पर इसलिए हमला कर दे, क्योंकि उसका दोस्त ऐसा चाहता है। छोटे देश जमींदोज कर दिए जाएं और दुनिया तमाशा देखती रहे। यह क्या है? सदी के सबसे खतरनाक कदमों की दस्तक या कुछ और, जो यह बताती है कि सनक, अधिनायकत्व और पोस्ट ट्रुथ के दशकों में शांति के सिरे पूरी तरह बिखर चुके हैं और उन्हें जोड़ने वाला वैश्विक नेतृत्व नदारद है। फिर एआई का असली उपयोगकर्ता कौन होगा और उसका मकसद क्या होगा? यह बात तो डराएगी ही। जो भी हो, यह व्यवस्था, बाजार

# योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश

## उपायुक्त ने की योजनाओं की योजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना एवं एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत निमार्णाधीन सभी जलमीनारों एवं पेयजल योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अभियंताओं से प्रत्येक योजना की प्रगति, शेष निर्माण कार्य एवं जिन घरों तक अब तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है, उसकी अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन टोलों एवं गांवों में पेयजल की समस्या है, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, हर घर जल से वंचित शेष गांवों में एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक मे पंचायतों में प्लास्टिक सेग्रीगेशन सेंटर के निर्माण की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने 16वें वित्त आयोग की राशि से सभी आवश्यक प्लास्टिक सेग्रीगेशन सेंटर का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुरहू प्लास्टिक वेस्ट सेंटर को शीघ्र संचालित करने के लिए विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करने तथा ट्राइसाइकिल वेस्ट कलेक्शन वैन का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अगले माह तक स्वच्छता संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति लाने को कहा।

कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर काफी नीचे है, वहां स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में डीडीसी प्रवीण कुमार प्रकाश, सीएस डॉ ललित रंजन पाठक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिशा कुजूर, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मनीष कुमार, जेई, कनिष्ठ अभियंता, डीसी, प्रखंड समन्वयक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार सरकार ने शुरू की मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पर्यटन क्षेत्रों को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात का चयन किया गया है।

योजना अनुसार, ककोलत जलप्रपात के आसपास पांच किलोमीटर के दायरे में होमस्टे इकाईयां बनाई जाएगी। जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक होटलों के बजाय अपनी इच्छा अनुसार स्थानीय परिवार के घरों में बने होमस्टे में ठहरेंगे।

पर्यटक नवादा खासकर ककोलत और इसके आसपास की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक खान-पांच और आतिथ्य प्रेम भाव को समझ सकेंगे। इससे स्थानीय लोगों को एक और जहां रोजगार मिलेगा वहीं स्वरोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

ककोलत के पांच किमी. के दायरे की बात करें तो फिलहाल जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत थाली मोड़ से लेकर ककोलत तक के एरिया में इस तरह के होमस्टे बनाए जा सकते हैं। थाली के अलावा गरंडी, एकतारा, सुघड़ी, जयनगर, कबीर मठ के आसपास इस तरह के होमस्टे बनाए जा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए अभी विस्तृत गाइडलाइन और निर्देश आना बाकी है। इसके लिए संबंधित इकाईयों की ओर से विभाग में आवेदन देना होगा। विभागीय मंजूरी के बाद इसे बनाने की अनुमति मिलेगी।

अधिकतम कुल प्रोत्साहन राशि 10 लाख रुपए तक होगी

योजना को मजबूती देने में सरकार वित्तीय सहायता देगी। योजना के नियम व शर्तों के अनुसार, प्रत्येक होमस्टे के लिए अधिकतम कुल प्रोत्साहन राशि 10 लाख रुपए होगी।महिलाओं और 18 से 25 वर्ष के युवाओं को अतिरिक्त कुल एक लाख रुपये की विशेष सहायता दी जाएगी। स्वयं सहायता समूहों को भी इसका लाभ मिलेगा।

इस योजना के क्रियान्वयन से नवादा, ककोलत की संस्कृति और यहां की विरासत के बारे में देश दुनिया के लोग और अच्छे से जान सकेंगे। ककोलत को 'बिहार का कश्मीर' कहा जाता है। गर्मी के दिनों में यहां हजारों पर्यटक हर दिन पहाड़ी की चोटी से गिरते ठंडे पहानी में स्नान कर खुद को तरोताजा महसूस करते हैं। ककोलत की मनोरम वादियां हर किसी का मन जीत लेती है। अगस्त 2024 में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ककोलत में सैलानियों की सुविधाओं को लेकर हुए विकास कार्यों का लोकार्पण किया था। इसके बाद से यह और आकर्षक हो गया है। मार्च से अगस्त तक यहां लाखों पर्यटक पहुंचते हैं।

# चाकू से गोदकर भतीजे की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में सोमवार सुबह अंधविश्वास से जुड़ी एक सनसनीखेज घटना में एक व्यक्ति ने अपने 12 वर्षीय भतीजे की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा अनिल बैठा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान रौशन बैठा (12) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रौशन सोमवार सुबह घर के बाहर था। इसी दौरान उसका चाचा अनिल बैठा वहां पहुंचा और उस पर चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार, हमले के बाद गला दबाने का भी आरोप है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अंधविश्वास में बच्चे की मां से नफरत करता था।

थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अंधविश्वास से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उनके अनुसार, आरोपी को यह भ्रम था कि रौशन की मां के कारण उसके घर संतान नहीं हो पा रही है और गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाती है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतक के पिता के बाहर मजदूरी पर होने का हवाला देते हुए शव उठाने का विरोध किया। बाद में सदर एसडीपीओ राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले की सभी पहलुओं से जांच जारी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। अस्पताल में बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण पहुंचे, जहां मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# 20 सूत्री की बैठक में जनसमस्याओं पर मंथन

- लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी
- कई मुद्दों पर अधिकारियों से जवाब-तलब
- समस्याओं के समयबद्ध समाधान का आश्वासन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कोइलवर। सोमवार को कोईलवर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष संजीत रजक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष जय शंकर कुशवाहा ने किया। बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई और कई विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। वहीं लगातार अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करने की चेतावनी दी। बैठक में समिति सदस्यों ने बिजली आपूर्ति, नल-जल योजना, जलजमाव, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्य महबूब खान ने गौरैया स्थान घाट पर स्नान घाट निर्माण, नगर में अधिकृत बस एवं ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, अवैध ऑटो स्टैंड से हो रही वसूली तथा अधिकारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया।

वहीं रंजन बाबा ने अखगांव फीडर की 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के किनारे पेड़ों की छंटाई, प्रभावित गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा सभी नल-जल टंकियों की नियमित सफाई की मांग की, जिस पर विद्युत विभाग ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदस्य राकेश शर्मा ने नगर में अतिक्रमण हटाने, वेंडिंग जोन निर्माण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग रखी। भगवान साव ने सकड्डी वार्ड-8 में जलजमाव और सफाई व्यवस्था की समस्या उठाई, जबकि श्याम प्रकाश महतो ने विद्यालयों में संसाधनों की कमी, जलनिकासी और बंद पड़े स्कूल का मामला प्रमुखता से रखा।

बैठक में विभिन्न पंचायतों में जलजमाव, नल-जल पाइप विस्तार, अनुरक्षकों के बकाया भुगतान, वृक्षारोपण योजनाओं में सूचना बोर्ड, ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव तथा योजनाओं के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा हुई। बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने सभी विभागों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह, आरओ राजभूषण सिंह, बीपीआरओ कुणाल राज, प्रमुख मनोज सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला के साथ मारपीट

**मनसाही।** मनसाही थाना क्षेत्र के विशनपुर में एक विधवा महिला के साथ गांव के शंकर यादव,सुजीत यादव, अजीत यादव आदि ने मारपीट एवं दुष्कर्म का असफल प्रयास किया। महिला को बचाने आए वृद्ध ससुर और सास की भी उनलोगों ने बुरी तरीके से पिटाई कर दी। पीड़ित ने बताया कि दबंगों ने उनके तीन छोटे छोटे बच्चों की भी पिटाई कर दुकान के गल्ले में रखे रुपए और गले से सोने का चैन भी छीन लिया। इस मामले में पीड़िता ने मनसाही थाने में आवेदन दे इंसाफ की गुहार लगाई ।

# सिविल डिफेंस मॉक एक्सरसाइज 15 को

- शाम 7 बजे रहेगा ब्लैकआउट अभ्यास
- प्रशासन ने लोगों से की सहयोग की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि 15 जुलाई की शाम 7:00 बजे बोकारो जिले में सिविल डिफेंस मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसके तहत ब्लैकआउट अभ्यास भी किया जाएगा।

इसके लिए दो स्थानों को चिन्हित किया गया है। उषा पेट्रोल पंप एवं मेडिकेंट हॉस्पिटल। इसका उद्देश्य युद्ध अथवा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन, विभिन्न विभागों एवं आम नागरिकों की तैयारी और समन्वय का परीक्षण करना है।

उपायुक्त सह दंडाधिकारी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए आपदा एवं आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पूर्व तैयारी अत्यंत आवश्यक है। यह अभ्यास प्रशासन की तत्परता, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा नागरिकों की जागरूकता का परीक्षण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक पूर्व निर्धारित अभ्यास है, इसलिए किसी भी नागरिक को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में इंसिडेंट कमांडर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त होते हैं। उनके नेतृत्व में सभी संबंधित विभाग तत्काल सक्रिय होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। मीडिया की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सही एवं प्रमाणिक सूचना आमजन तक पहुंचे, इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर मीडिया सेंटर भी सक्रिय किया जाता है।

उन्होंने बताया कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान छोटे सायरन आपात स्थिति का संकेत देंगे, जबकि अंत में बजने वाला लंबा सायरन अभ्यास समाप्त होने का संकेत होगा। 15 जुलाई को शाम 7:00 बजे होने वाले ब्लैकआउट अभ्यास के दौरान नागरिक जहां भी हों, वहीं सुरक्षित स्थान पर रहें। यदि कोई वाहन सड़क पर चल रहा हो तो उसे सुरक्षित स्थान पर रोककर कुछ समय के लिए हेडलाइट बंद कर दें। मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट सहित अन्य अनावश्यक रोशनी का उपयोग नहीं करें तथा आपदा प्रतिक्रिया दलों के कार्य में बाधा नहीं पहुंचाएं।

उपायुक्त ने कहा कि युद्ध अथवा हवाई हमले की स्थिति में जमीन पर दिखाई देने वाली रोशनी लक्ष्य निर्धारण में सहायक हो सकती है। इसलिए ब्लैकआउट अभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक उपायों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि मीडिया की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का प्रसार नहीं करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने नागरिकों से अपील की कि मॉक एक्सरसाइज के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी सभी निदेर्शों का पालन करें। यह केवल एक अभ्यास है, इसलिए किसी भी प्रकार की घबराहट नहीं फैलाएं तथा सहयोग एवं समन्वय बनाए रखें।

मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने मॉक एक्सरसाइज की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यास के दौरान युद्ध जैसी परिस्थितियों का वातावरण तैयार किया जाएगा।

मॉक एक्सरसाइज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पुलिस विभाग, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, दूरसंचार विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियां अपने-अपने संसाधनों एवं उपकरणों के साथ भाग लेंगी। जिला प्रशासन ने लोगों से आयोजित सिविल डिफेंस मॉक एक्सरसाइज एवं ब्लैकआउट अभ्यास को सफल बनाने में सहयोग करने तथा प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने की अपील की है। मौके पर अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# तोरपा विस क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों में एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के नेतृत्व में खूंटी जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर)-2026 का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप तीव्र गति से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में 59-तोरपा (अजजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत तोरपा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-87 एवं 97 तथा रनिया प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-183 में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या-87 की बीएलओ राजेश्वरी देवी, मतदान केंद्र संख्या-97 की बीएलओ शुभाशी हेरेंज तथा मतदान केंद्र संख्या-183 की बीएलओ सुशीला भँगरा ने निर्धारित अवधि के भीतर सभी योग्य मतदाताओं का एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण, संग्रहण एवं आवश्यक अभिलेखों का डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। जिला निर्वाचन पदाधिकार ने तीनों बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि सफलता केवल लक्ष्य प्राप्त करने में नहीं, बल्कि पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने में है। उन्होंने कहा कि तीनों बीएलओ ने यह सिद्ध किया है कि प्रतिबद्धता एवं सुनियोजित कार्यप्रणाली से कठिन से कठिन लक्ष्य भी समय पर प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी बीएलओ से इसी समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने की अपील की।

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 59-तोरपा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अपर समाहर्ता, खूंटी श्रीमती सुषमा लकड़ा ने भी तीनों बीएलओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के समन्वित प्रयास एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने क्षेत्र के सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** एसएस कॉलेज, चास में व्याप्त प्रशासनिक अराजकता, वित्तीय अनियमितताओं एवं वर्तमान सचिव की कथित मनमानी के विरोध में सोमवार को छात्र संगठन के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एकत्रित हुए और पूरा परिसर गगनभेदी नारों से गूंज उठा।

प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता युगदेव महथा एवं सोनू राय ने संयुक्त रूप से किया। छात्र नेताओं ने कॉलेज प्रशासन और वर्तमान सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा के इस पावन संस्थान को भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिव द्वारा बड़े पैमाने पर प्रशासनिक मनमानी की जा रही है तथा नियुक्तियों में खुलेआम भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देकर योग्य अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

छात्र नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में कॉलेज में आयोजित पौधारोपण अभियान में भारी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। इसके अतिरिक्त, कॉलेज के सम्मानित एवं कर्मठ कर्मचारियों के साथ सचिव द्वारा अभद्र एवं तानाशाही व्यवहार किया जा रहा है, जिसे छात्र कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रदर्शन की तीव्रता एवं छात्रों के आक्रोश को देखते हुए कॉलेज प्रशासन में हड़कंप मच गया। छात्र नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि वित्तीय अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई, भाई-भतीजावाद पर रोक नहीं लगाई गई तथा स्टाफ के सम्मान की रक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रबंधन की होगी।

छात्र संघ ने मांग की है कि वर्तमान सचिव की प्रशासनिक मनमानी एवं तानाशाही रवैये पर तत्काल रोक लगाई जाए। कॉलेज में हुई अवैध नियुक्तियों एवं भाई-भतीजावाद की निष्पक्ष जांच कराई जाए। पौधारोपण अभियान में हुई वित्तीय अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। कॉलेज के स्टाफ के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार पर सचिव सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

प्रदर्शन में छात्र बिष्णु झा, राकेश पांडे, बिपिन सिंह, तपन महथा, अमित शर्मा, राजू उपाध्याय, रितेश चौधरी, संदीप सिंह सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

# साक्षरता जागरूकता रैली ने गोद लिए गांव में किया जनसंपर्क




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप (गड़हनी) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के छठे दिन विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने की, जबकि संचालन शिक्षक प्रतिनिधि सज्जाद हैदर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस इकाई के बैनर तले साक्षरता जागरूकता रैली से हुई। रैली में बड़ी संख्या में स्वयंसेवियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से निकलकर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बराप टोला पहुंची, जहां लोगों को शिक्षा के महत्व एवं साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवियों ने ₹अज्ञानता का अंधकार मिटाएं, साक्षरता का दीप जलाएं₹ जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। गांव में स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, जल निकासी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। सर्वेक्षण के दौरान लगभग 70 प्रतिशत परिवारों से बातचीत की गई। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि गांव में आज भी लगभग 40 प्रतिशत लोग अशिक्षित हैं। इसके अलावा नल-जल योजना का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है, जल निकासी की व्यवस्था का अभाव है तथा कई गलियां अब भी कच्ची हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए साक्षरता सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवियों से अशिक्षित लोगों को शिक्षित बनाने, सामाजिक जागरूकता फैलाने तथा ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक मृत्युंजय सिंह, रमाकांत पाठक, डॉ. ब्रजेश तिवारी, सचिन पाण्डेय, पूणार्नंद जी, अरुण कुमार सिंह, लालू कुमार, अजीत कुमार, सचिन कुमार, अभय कुमार, मोहम्मद अख्तर हुसैन, काजल कुमारी, गायन्ति कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय रोटरी के उपाध्यक्ष ने रोटरी क्लब, चास को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। रोटरी फाउंडेशन में उदार अनुदान देने पर धनबाद में आयोजित एक समारोह में रोटरी इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष न्एम. मुरूगनदंम द्वारा रोटरी क्लब, चास को सम्मानित किया गया।

रोटरी फाउंडेशन के मानवीय एवं सेवा कार्यों को सशक्त बनाने हेतु उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर रोटरी क्लब चास को रोटरी इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कहा गया कि रोटरी फाउंडेशन को प्राप्त प्रत्येक योगदान विश्वभर में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग निवारण तथा शांति स्थापना जैसे सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोटरी क्लब चास जैसे सहयोगी क्लब ,समाज सेवा की भावना को नई दिशा प्रदान करते हैं और अन्य लोगों को भी मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

सम्मान ग्रहण करते हुए अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी फाउंडेशन में योगदान देना समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक सार्थक माध्यम है। उन्होंने सभी रोटेरियनों से अपनी क्षमता के अनुसार रोटरी फाउंडेशन में योगदान देने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सेवा कार्यों का लाभ पहुँचाया जा सके।

इस मौके पर सहायक जिला पाल पूजा बैद और संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद भी उपस्थित थे।

रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्लब के लिए गौरव का क्षण बताया ।

# प्रशासन व स्वर्णकार संघ की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी के पुरानी बाजार स्थित एक निजी भवन में सोमवार को हाल ही में हुई चोरी की घटना के मद्देनजर प्रशासन एवं स्वर्णकार संघ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चरपोखरी थाना के थानाध्यक्ष ने की। इसमें स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों, आभूषण व्यवसायियों एवं स्थानीय दुकानदारों ने भाग लेकर बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में थानाध्यक्ष ने स्वर्णकार व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि चोरी की घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। बैठक में बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय हुआ कि पुरानी बाजार के चार प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए नगर पंचायत एवं प्रशासन से फंड उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाने पर भी सहमति बनी। निर्णय के अनुसार दिन में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तथा रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक नियमित गश्ती की जाएगी। रात्रि गश्त में चार पुलिसकर्मी और दिन में दो पुलिसकर्मी बाजार क्षेत्र में तैनात रहेंगे।



बैठक में स्वर्णकार संघ की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग का भरोसा दिया गया। संघ के सदस्यों ने निर्णय लिया कि बाजार में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल डायल 112 अथवा स्थानीय थाना को सूचना दी जाएगी, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। बैठक में स्वर्णकार संघ की ओर से चंदन सोनी (बीस सूत्री अध्यक्ष एवं पार्षद), राजाबाबू सोनी, धर्मेंद्र सोनी, जितेंद्र बाबू, दीपक सोनी, कृष्ण सोनी, सोनू कुमार, भीम सोनी, कमलेश केशरी, उमेश कुमार, पिंटू कुमार, गणेश प्रसाद सहित करीब 20 अन्य दुकानदार उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रशासन ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया, जबकि स्वर्णकार संघ ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि एकता में ही सुरक्षा है।

## मैंने जो सबसे बड़ा सबक सीखा', 210 रुपये घंटे का आइडिया हुआ हिट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र की वंदिता पुरोहित ने थोड़े ही समय में एक सफल बिजनेस खड़ा कर दिया है। साल 2020 में उन्होंने इस स्टार्टअप की नींव रखी थी। इसका नाम 'मौजी' है। यह एक बड़ा 'टाइम कैफे' है। यहां ग्राहक खाने-पीने के सामान के लिए नहीं, बल्कि कैफे में बिताए गए समय के हिसाब से पैसे चुकाते हैं। यह स्टार्टअप पुणे और नागपुर में अपनी पहचान बना चुका है। आज यह सालाना 2 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जेनरेट कर रहा है। आइए, यहां वंदिता पुरोहित की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। वंदिता पुरोहित ने नागपुर यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की है। वह एक सीरियल एंटरप्रेन्योर हैं। उन्होंने को-वर्किंग सेक्टर में काम करने के दौरान महसूस किया कि कई लोग कैफे में सिर्फ काम करने, पढ़ने या शांति से बैठने आते हैं। लेकिन, पारंपरिक कैफे में उन्हें जबरन कुछ न कुछ ऑर्डर करना पड़ता है। इसी गैप को भरने के लिए उन्होंने 2020 में अपने स्टार्टअप की शुरुआत की। यहां का मुख्य मॉडल 'पे-बाय-द-आवर' (प्रति घंटे भुगतान) है। इस 'टाइम कैफे' में 210 रुपये प्रति घंटे की शुरुआती कीमत पर ग्राहकों को हाई-स्पीड वाई-फाई, अनलिमिटेड कॉम्प्लीमेंट्री ड्रिंक्स और डीआईवाई स्नैक बार की सुविधा मिलती है। साथ ही यहां (ब्रिंग योर ओन फूड) की आजादी है यानी लोग बाहर से भी अपना खाना मंगा सकते हैं।

### सफर में आईं कई अड़चनें

वंदिता ने सिर्फ 22 साल की उम्र में अपना उद्यम शुरू कर दिया था। 'मौजी' से पहले उन्होंने 2009 में आईटी कंसल्टिंग फर्म 'मिंट ट्री', 2015 में पुणे में एक को-वर्किंग स्पेस 'द दफ्तर' और बाद में ट्रैवल स्टार्टअप 'ट्रॉवर्क' और टिकाऊ फर्नीचर डिजाइन स्टूडियो 'कलापेंट्री' की सह-स्थापना की थी। पार्टनर्स के साथ मतभेद, प्रोजेक्ट बंद होने और भारी वित्तीय नुकसान जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## टीसीएस के शेयरों में 6% की तेजी, क्यू1 रिजल्ट के बाद बड़ी उछाल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के शेयरों की कीमतों में आज 4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी ने पिछले हफ्ते तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। साथ ही रविवार को कंपनी की तरफ से बड़ स्तर पर रिस्ट्रक्चरिंग की भी जानकारी दी थी। बता दें, टीसीएस के शेयर आज सोमवार बीएसई में 2069.15 रुपये के स्तर पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 6 प्रतिशत की तेजी के साथ 2199.15 रुपये के स्तर तक पहुंच गया था।

### कंपनी ने किया रिस्ट्रक्चरिंग

टीसीएस ने रविवार को तीन साल में अपने लीडरशिप में सबसे बड़े बदलाव की घोषणा की है। कई टॉप रोल में रिस्ट्रक्चरिंग की गई है। यह बदलाव कंपनी ने बीएफएसआई, साइबसिक्योरिटी, कम्युनिकेशंस एंड मीडिया, एनर्जी रिसोर्सेस एंड यूनिलिटी, ट्रैवेल, यूएस वेस्ट कोस्ट बिजनेस ग्रुप में किया गया है।

# अडानी की झोली में गिरेगी एक और बड़ी कंपनी!

### उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मिले हैं बड़े कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की झोली में एक और कंपनी गिर सकती है। यह कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम करती है। आई स्क्वायर्ड कैपिटल इस कंपनी पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग की बिक्री की प्रक्रिया के दूसरे दौर के लिए चार-पांच बड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनमें अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस शामिल है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने बताया कि पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग को खरीदने की होड़ में अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के अलावा अप्रावा एनर्जी और फंड एक्टिस शामिल हैं। सूत्रों ने बताया



कि ड्यू डिलिजेंस शुरू हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि अगस्त की शुरुआत तक बाइंडिंग बिड्स मिलने की उम्मीद है। इस डील में पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग की वैल्यूएशन लगभग 1,500 करोड़ हो सकती है।

### किसका है निवेश

पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग रेजिडेंशियल, कमर्शियल और इंडस्ट्रियल ग्राहकों के लिए स्मार्ट इलेक्ट्रिक और गैस मीटर उपलब्ध कराती है। फरवरी 2023 में अपने ढ्रस्क ग्रोथ मार्केट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के जरिए कंपनी में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदने के लिए 100 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। अब वह कंपनी से बाहर निकलने पर विचार कर रही है।

अडानी एनर्जी और अप्रावा एनर्जी के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जबकि एक्टिस को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। पोलारिस स्मार्ट मीटरिंग को उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मीटर लगाने के कॉन्ट्रैक्ट मिले हैं। कंपनी का कहना है कि वह लखनऊ और अयोध्या क्लस्टर में 51 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का कॉन्ट्रैक्ट पूरा कर रही है। साथ ही पश्चिम बंगाल में उसे 22 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला है।

**1.35 लाख करोड़ का निवेश:** सरकार ने 2027 तक 25 करोड़ प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा है। इसमें करीब 1.35 लाख करोड़ के निवेश का अनुमान है। पिछले साल आई रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्मार्ट मीटर का इस्तेमाल अभी महज 5-6% है। यह जापान (100%) और अमेरिका (73%) जैसे विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। साथ ही 43% के ग्लोबल औसत से भी बहुत नीचे है। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने स्मार्ट मीटरिंग कंपनी का 3,050 करोड़ में अधिग्रहण किया था। यह देश में स्मार्ट मीटरिंग सेक्टर की टॉप तीन कंपनियों में से एक है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और असम में इसके 22 मिलियन मीटर लगे हैं। ब्रिटेन की फंड कंपनी ने पिछले साल के साथ मिलकर एक जॉइंट वेंचर बनाया था।

## कीस्टोन रियल्टर्स की जून तिमाही में बिक्री बुकिंग 42 प्रतिशत घटकर 617 करोड़ रुपए रही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 42 प्रतिशत घटकर 617 करोड़ रुपए रह गई। कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने वित्त 2025-26 की समान तिमाही में मुख्य रूप से आवासीय संपत्तियों की 1,068 करोड़ रुपए की बिक्री की थी। मुंबई स्थित रियल एस्टेट कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अपने तिमाही कारोबारी प्रदर्शन की जानकारी साझा की है। कीस्टोन रियल्टर्स ने कहा, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोई नई परियोजना शुरू करने की योजना नहीं थी। ऐसे में बिक्री मुख्य रूप से मौजूदा परियोजनाओं की स्थिर मांग से समर्थित रही, जो खरीदारों की लगातार रुचि और कंपनी की परियोजनाओं में घर खरीदारों के भरोसे को दर्शाती है। कंपनी ने कहा कि वैश्विक स्थिति में स्थिरता से आर्थिक माहौल में सुधार आने की उम्मीद है और इससे आगामी तिमाहियों में बिक्री में तेजी आने की संभावना है। कंपनी को ग्राहकों से प्राप्त होने वाली राशि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 599 करोड़ रुपए हो गई।

# दिवाली तक 1.75 लाख रुपये होगा सोना! अभी खरीदने का है बेस्ट टाइम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में तीन महीने में आने वाले त्योहार और अमेरिका-ईरान के बीच फिर बढ़ते तनाव ने गोल्ड को फिर लाइमलाइट में ला दिया है। घरेलू सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर है। अगर एक्सपर्ट की माने ते दिवाली तक सोने का भाव 1.60 से 1.75 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में सोना 4000 डॉलर प्रति औंस पर है। ऐसे में गोल्ड ज्वैलरी खरीदने वाले और निवेशकों के मन में यही सवाल है कि क्या अभी इस भाव पर गोल्ड खरीद लें या इंतजार करें

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि दिवाली या साल के अंत तक सोने का दाम 1.75 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्तरों से सोने में



बड़ी गिरावट की संभावना कम है। अगर गिरावट आई भी तो सोने का दाम करीब 1.35 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक आ सकता है। इससे नीचे जाने की उम्मीद कम है। कम होने की इंतजार नहीं करना चाहिए। अगर ये लेवल सही लग रहा है तो निवेश करना चाहिए। ऑल बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रेजिडेंट योगेश सिंघल ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है।

### बिहार-राजस्थान-दिल्ली में 4000 रुपये सस्ती हुई चांदी

दिल्ली के बुलियन मार्केट में एक किलोग्राम चांदी का रेट 2,18,781 रुपये पर है। यहां चांदी का दाम आज 4,019 रुपये कम हुआ है। सर्राफा बाजार में 10 ग्राम चांदी का रेट 2,187 रुपये और 100 ग्राम चांदी का भाव 21,870 रुपये है। बीते शुक्रवार को चांदी 2,029 रुपये की बढ़त के साथ 2,24,338 रुपये पर बंद हुई। यूपी की राजधानी लखनऊ में चांदी का दाम 2,21,172 रुपये है। यहां आज दाम 3,410 रुपये कम हुआ है। बीते शुक्रवार को चांदी का दाम 2,24,582 रुपये पर बंद हुआ था।बिहार की राजधानी पटना में चांदी का भाव 2,18,234 रुपये रहा। यहां आज सिल्वर 4,566 रुपये सस्ता हुआ है। पिछले हफ्ते चांदी का दाम 3,567 रुपये गिरकर 2,22,800 रुपये सस्ता हुआ था।

## भारत ने चीन को छोड़ा पीछे, एक साल में जुड़े 31 हजार से ज्यादा नए करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड के प्रमुख बैंक यूबीएस की ग्लोबल वल्थ रिपोर्ट 2026 के अनुसार, भारत ने 2025 में नए डॉलर करोड़पति बनाने के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल भारत में 31,033 नए अमेरिकी डॉलर करोड़पति जुड़े, जबकि चीन में यह संख्या 14,079 रही यानी भारत में नए करोड़पतियों की संख्या चीन के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा रही।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में डॉलर करोड़पतियों की संख्या में सालाना 3.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि चीन में यह बढ़ोतरी केवल 0.3 फीसदी रही।

हालांकि कुल करोड़पतियों की संख्या के मामले में चीन अभी भी भारत से काफी आगे है। चीन में करीब 53 लाख डॉलर करोड़पति हैं, जबकि भारत में यह संख्या लगभग 9.44 लाख है। इसके बावजूद संपत्ति बढ़ने की रफ्तार में भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया है।

यूबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 के बाद भारत में औसत संपत्ति में करीब 20 फीसदी का उछाल आया है। आर्थिक विकास, शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी और संपत्ति के नए स्रोतों ने भारतीयों की कुल संपत्ति बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। की संपत्ति का बड़ा हिस्सा अभी भी रियल एस्टेट और सोने में निवेश किया जाता है। भारतीय परिवारों की कुल संपत्ति में जमीन और सोने की हिस्सेदारी काफी ज्यादा है। यूबीएस के मुख्य अर्थशास्त्री पॉल डोनोवन के अनुसार, कई देशों में लोग अपनी संपत्ति की तुलना दूसरों से करते हैं। इसी वजह से पर्याप्त संपत्ति होने के बावजूद कई लोग खुद को अमीर महसूस नहीं कर पाते। रिपोर्ट बताती है कि भारत में संपत्ति निर्माण की रफ्तार तेज हुई है, लेकिन निवेश की आदतों और आय असमानता जैसे मुद्दे अभी भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

# 10 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर को कमर्शियल बनाने की तैयारी में तेल कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध के दौरान पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई थी। इस कारण सिलेंडर को लेकर काफी मारामारी चल रही थी। हाल के दिनों में स्थिति कुछ सामान्य हुई है लेकिन पश्चिम एशिया में फिर तनाव के कारण एक बार फिर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने लगी है। इस बीच सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हल्के 10 किलो वाले सिलेंडर का इस्तेमाल घरेलू ग्राहकों से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही हैं।

टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर इस योजना को मंजूरी मिलती है, तो ये सिलेंडर कमर्शियल एलपीजी के रेट पर बेचे जा सकते हैं। अभी ये सिलेंडर घरेलू यूजर्स तक ही सीमित हैं। एचपीसीएल का 10 किलो सिलेंडर का ब्रांड है जबकि इंडियन ऑयल और बीपीसीएल के नाम से यह सिलेंडर बेचती है। सरकारी तेल कंपनियां अभी 19 किलो, 5 किलो और 2 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर बेचती हैं।

कमर्शियल एलपीजी की कीमत घरेलू कुकिंग गैस से लगभग 133% ज्यादा होती है। मसलन दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमत 942 है जबकि 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 2,930 में और 5 किलो वाला




छोटू सिलेंडर 808.5 में मिलता है। 19 किलो वाले सिलेंडर को हलवाई सिलेंडर भी कहा जाता है जबकि 5 किलो वाला सिलेंडर प्रवासी मजदूर, छात्र और रेहड़ी-पटरी वाले करते हैं।

अगर 10 किलो के सिलेंडर को कमर्शियल कीमत पर बेचने की अनुमति मिलती है तो प्रवासी मजदूरों, किराएदारों, छात्रों, स्ट्रीट वेंडर्स, कैफे और फूड कियोस्क को इसका फायदा हो सकता है। जिन्हें की ज़रूरत तो है लेकिन बड़े 19-द्मद्द कमर्शियल सिलेंडर रखने के लिए जगह नहीं है। हाई-डेंसिटी पॉलीएथिलीन बेस्ड ये कम्पोजिट सिलेंडर गैस एजेंसियों और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स के जरिए बेचे जा सकते हैं। परंपरागत सिलेंडर के उलट, इन्हें ऊपरी मंजिलों तक ले जाना आसान है। इनकी बॉडी ट्रांसपेरेंट है जिससे ग्राहकों को पता चल जाता है कि सिलेंडर में कितनी गैस है।

## जुलाई में पैसों की बरसात! 10 दिनों में विदेशी निवेशकों ने झोंके 24,662 करोड़



### मार्च-मई में निकाले थे 24 अरब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बाजार के लिए अच्छी खबर है। महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ने भारतीय बाजार में पैसा लगाना शुरू कर दिया है। जुलाई में वे नेट खरीदार बन गए हैं और महीने के पहले 10 दिनों में उन्होंने भारतीय बाजार में 2.59 अरब (24,662 करोड़) का निवेश किया है। जून में भारतीय डेट में दिलचस्पी दिखाने वाले विदेशी निवेशकों ने जुलाई में इक्विटी में भी अपनी दिलचस्पी बढ़ाई है। निवेश के ट्रेंड में बदलाव के कारण ऐसा हुआ है। सेमीकंडक्टर कंपनियों के शेयरों में हाल में आई गिरावट के कारण ऐसा हो रहा है। इस बदलाव ने साल की शुरुआत के माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। तब विदेशकों ने भारतीय बाजार में भारी बिकवाली की थी। उस समय वैल्यूएशन, ग्लोबल अनिश्चितता और कैपिटल फ्लो में बदलाव की चिंताओं के कारण लगातार निकासी हो रही थी।

### सरकार की पहल

सरकार ने भी विदेशी निवेशकों को कई तरह की राहत दी हैं। सरकार और आरबीआई के सॉवरेन बॉन्ड तक पहुंच आसान बनाने और टैक्स की अड़चनें हटाने के बाद जून में विदेशी निवेश मुख्य रूप से डेट में आया था। लेकिन जुलाई में इक्विटी को भी पसंद किया जा रहा है। जुलाई में आए कुल निवेश में इक्विटी निवेश 1.6 अरब यानी 61% से ज्यादा है। इस दौरान सुलभ रूट के जरिए 697 मिलियन और सामान्य सीमा के तहत डेट में 340 मिलियन का निवेश हुआ। इससे पहले मार्च और मई के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 24 अरब से ज्यादी की निकासी की। मार्च में रेकॉर्ड 13.6 अरब की निकासी हुई थी। हालांकि जून में 531 मिलियन के नेट निवेश के साथ थोड़ी रिकवरी दिखी। लेकिन जुलाई ने उस ट्रेंड को और मजबूत किया है। 1 जुलाई से 10 जुलाई के बीच हर ट्रेडिंग सेशन में पॉजिटिव नेट निवेश दर्ज किया गया। इस दौरान 9 जुलाई को एक ही दिन में लगभग 978 मिलियन का निवेश हुआ।

# ट्रेन के एसी डिब्बों से लाखों यात्री चोरी करते हैं 'बेडरोल', रेलवे ठेकेदार को होता है नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ट्रेन के एसी क्लास में जो फ्री में बेड रोल की सुविधा मिलती है, वह रेलवे के लिए मुसीबत भी है। मुसीबत इसलिए है कि यात्री अपने स्टेशन में उतरते वक्त रेलवे का चादर या तौलिया लेकर उतर जाते हैं। इससे रेलवे को नुकसान होता है। इसका जवाब सूचना के अधिकार के तहत मिला है। इस बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट इंडियन एक्सप्रेस ने छापी है।

भारतीय रेल की ट्रेनों में आप यदि फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी और थर्ड एसी के साथ साथ थर्ड एसी (इकॉनोमी) क्लास में यात्रा करते हैं तो आपको यात्रा के दौरान एक बेडरोल मिलता है। बेडरोल का उपयोग यात्रा के वक्त यात्री करते हैं। नियम तो यह है कि यात्री उसका उपयोग जर्नी में करे। जैसे ही यात्रा समाप्त हो, उस बेड रोल को रेलवे द्वारा तैनात कर्मचारी को



वापस कर दे। लेकिन, कोई-कोई यात्री इसका कोई आइटम चोरी कर लेता है।

**क्या होता है बेडरोल में:** एयर-कंडीशंड स्लीपर कोच में हर यात्री को कंबल-चादर का एक सेट मिलता है। इसमें कंबल और तकिया तो होता ही है, साथ ही उन्हें एक पैकेट भी मिलता है। इसमें धुले और प्रेस किए हुए दो चादरें, तकिये का एक कवर और एक छोटा सा तौलिया या फेस टॉवल होता है। दो चादर इसलिए दिया जाता है ताकि एक चादर आप बर्थ पर बिछा लें और दूसरे चादर को कंबल के नीचे लगा लें।

इंडियन एक्सप्रेस में आरटीआई के हवाले से एक रिपोर्ट छापी गई है। इसमें बताया गया है कि ट्रेन से बेडरोल चोरी होने की घटना लगातार बढ़ रही है। इससे रेलवे के ठेकेदारों को नुकसान होता है। बताया गया है कि यात्री कभी चादर तो कभी तौलिया लेकर चंपत हो जाता है। कभी-कभी तो कंबल भी गायब होने की खबर आती है। औसतन देखा जाए तो रेलवे के हजार में से एक पैसेंजर बेडरोल का एक आइटम लेकर चला जाता है।

कोरोना काल के दौरान कुछ समय के लिए ट्रेन की सेवा बंद कर दी गई थी। जब शुरू हुई तो बेडरोल की सर्विस विदड्रॉ कर ली गई थी। साल 2022 के जनवरी में फिर चरणबद्ध तरीके से ट्रेनों में बेडरोल की सेवा बहाल हुई। तब से लेकर मई 2026 तक रेलवे के कम से कम 1.27 करोड़ बेडरोल का कुछ ना कुछ चोरी हुआ है। इनमें से अधिकतर चोरी यात्रियों ने ही की है। यह घटना बढ़ ही रही है। साल 2022 से साल 2025 तक बेडरोल चोरी की घटना में 56 फीसदी का इजाफा हुआ है। रेलवे ने बेडरोल की सुविधा को आउटसोर्स कर दिया है।

### सबसे ज्यादा चोरी किस डिवीजन में

इस रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम रेलवे का बीकानेर डिवीजन और दक्षिण पूर्व रेलवे का रांची डिवीजन बेडरोल चोरी के लिए कुख्यात है। इस आरटीआई के जवाब में बताया गया है कि बीकानेर डिवीजन ने 25.76 लाख लिनन आइटम चोरी होने की सूचना दी, जबकि रांची में 9.31 लाख मामले दर्ज किए गए। इसके बाद दिल्ली डिवीजन में 8.21 लाख, मुंबई डिवीजन में 8.17 लाख, जोधपुर डिवीजन में 8.09 लाख और अहमदाबाद डिवीजन में 6.94 लाख मामले दर्ज किए गए हैं। रेलवे बोर्ड के एक वीरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि बेडरोल की लगातार चोरी से रेलवे को सीधे नुकसान नहीं है। क्योंकि एसी डिब्बों में बेडरोल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उस ठेकेदार की होती है।

## आज खुल रहे हैं 3 कंपनियों के आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते 14 जुलाई को तीन कंपनियों के आईपीओ ओपन होने जा रहे हैं। इनमें सबसे चर्चित नाम




एसबीआई म्यूचुअल फंड्स मैनेजेंट का है। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि तीनों कंपनियां ग्रे मार्केट में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

कंपनी के आईपीओ का साइज घटाकर 9812.91 रुपये कर दिया है। इश्यू पूरी तरह से अब भी ऑफर फार सेल पर ही आधारित है। आईपीओ के जरिए एक भी नया शेयर नहीं जारी किया जाएगा। आईपीओ 14 जुलाई से 16 जुलाई तक खुला रहेगा।

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट आईपीओ का प्राइस बैंड 545 रुपये से 574 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 26 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14924 रुपये का इनवेस्टमेंट करना होगा। बता दें, यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी।

इनवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार आईपीओ 98 रुपये के प्रीमियम पर इस समय ट्रेड कर रहा है। 10 जुलाई को ही जीएमपी 100 रुपये से अधिक का था।

इस कंपनी के आईपीओ का साइज 126.25 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1.20 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। आईपीओ के लिए कंपनी ने 100 रुपये से 105 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। इस आईपीओ का लॉट साइज 142 शेयरों का है। निवेशकों को कुल 14910 रुपये का इनवेस्टमेंट करना ही होगा। ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 2 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। कंपनी के आईपीओ का साइज 160.34 करोड़ रुपये का है। कंपनी का इश्यू पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। आईपीओ के जरिए यह कंपनी कल 48 लाख शेयर जारी करेगी। एसएमई सेगमेंट के इस आईपीओ का प्राइस बैंड 315 रुपये से 331 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 400 शेयरों का एक लॉट बनाया है। लेकिन निवेशकों को कम से कम 800 शेयरों पर एक साथ दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से कम से कम 264800 रुपये का इनवेस्टमेंट करना ही होगा।



# म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य रॉय कपूर

फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों 'आशिकी 2' और 'मलंग' जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे।

### कैसा होगा आदित्य का किरदार?

आईएएनएस के अनुसार, मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

### धमाकेदार एंटरटेनमेंट का वादा

'सत्यमेव जयते' और 'मरजावां' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध मिलाप जावेरी ने बताया कि इस आगामी म्यूजिकल ड्रामा लव स्टोरी में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन, बेहतरीन डायलॉग और रोमांस दिल को छू लेगा। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इसकी शूटिंग इसी साल 2026 के आखिर में शुरू होगी और यह फिल्म 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

### आदित्य रॉय कपूर का करियर

आदित्य रॉय कपूर ने एक लोकप्रिय चैनल पर एक वीडियो जॉकी के रूप में शुरू किया था। उन्होंने 2009 में फिल्मों में कदम रखा और 2019 की ब्लॉकबस्टर 'आशिकी 2' ने उन्हें रातोंरात एक रोमांटिक स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने 'यह जवानी है दीवानी' और 'मलंग' जैसी सफल फिल्मों में काम किया है। अब वह मिलाप जावेरी की म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे।



# कृति सेनन अपने एग्स फ्रीज करवाए...

## बताया क्यों उठाया यह कदम

कृति सेनन की उम्र इस वक्त 35 साल है। उनके कबीर बहिया के साथ रिलेशनशिप में होने की अटकलें भी लगती हैं। लेकिन शादी को लेकर कृति सेनन का अभी कोई प्लान नजर नहीं आता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि लगभग 5 साल पहले ही अपने एग्स फ्रीज करवा लिए थे। उस वक्त एक खास वजह से उन्होंने यह फैसला लिया था।

### कृति सेनन ने इस वजह से एग्स फ्रीज करवाए थे

कृति सेनन कहती हैं, 'मैं यह बात पहली बार बता रही हूं। मैंने अपने एग्स फ्रीज करवाए थे। मैंने बहुत समझदारी से यह काम उस समय किया, जब मुझे 'मिमी' फिल्म के लिए वजन बढ़ाना था। इससे शरीर में बदलाव आ रहे थे, मैं वजन बढ़ा ही रही थी। मैंने किसी से बात की थी, उन्होंने मुझे बताया कि अगर हो सके तो यह आपके लिए सबसे अच्छी बात है। यह खुद को दिया जा सकने वाला सबसे अच्छा तोहफा है। यह बात मेरे दिमाग में रह गई। फिर जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है।' फिल्म 'मिमि' साल 2021 में रिलीज हुई थी यानी लगभग पांच साल पहले कृति सेनन ने अपने एग्स को फ्यूचर के लिए फ्रीज करवा दिया। बता दें कि एग फ्रीजिंग एक मेडिकल प्रक्रिया है जिसमें महिला के एग्स (अंडे) को जमा करके फ्रीज कर दिया जाता है। जब कभी फ्यूचर में उसे मां बनना होता है तो इन एग्स के जरिए वह अपने बयोलॉजिकल बच्चे पैदा कर सकती है।

### रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में हैं एक्ट्रेस

कृति सेनन बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों कई बार साथ नजर आ चुके हैं। बीते दिनों इनके ब्रेकअप की अटकलें भी लग थीं। फिर यह कपल मुंबई के बांद्रा में डिनर डेट पर दिखाई दिया। पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। एक वायरल वीडियो में दोनों मुस्कुरा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई।

### कृति सेनन करियर फ्रंट पर क्या रही हैं?

कृति सेनन की कुछ दिनों पहले ही फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। इस फिल्म में उनके साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी हैं। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कृति आने वाली फिल्म 'डॉन 3' में भी नजर आ सकती हैं, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



# पृथ्वीराज सुकुमारन की 'आई, नोबडी' का टीजर रिलीज, दमदार एक्शन और सस्पेंस की झलक

अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्म 'आई, नोबडी' का रिलीज टीजर जारी कर दिया गया है। फिल्म का टीजर एक्शन, सस्पेंस और दमदार संवादों से भरपूर है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता और बढ़ा दी है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का रिलीज टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जो आने वाला है, उसके लिए कोई तैयार नहीं है। रिलीज टीजर अब आउट हो चुका है। अपने टिकट अभी बुक करें। 9 जुलाई से दुनियाभर के सिनेमाघरों में।' टीजर की शुरुआत एक वॉयसओवर से होती है, जिसमें राजीवन नाम के किरदार को 'फूड चेन' का उदाहरण देकर समाज की वास्तविकता समझाई जाती है। संवाद में कहा जाता है कि टिड्डा घास खाता है, उसे मेंढक खा जाता है, मेंढक को सांप और सांप को चील। लेकिन समाज में जीवित रहने के लिए सिर्फ घास खाना काफी नहीं, बल्कि टिड्डे को मेंढक को भी खाना सीखना होगा। आखिर में कहा जाता है कि यह फैसला आपको करना होगा कि आपको किसका सिर निगलना है।

इस वॉयसओवर के साथ फिल्म के कई तेज-तर्रार एक्शन दृश्य दिखाए गए हैं। टीजर के अंत में पुलिस पृथ्वीराज के दरवाजे पर पहुंचती है और उनसे पूछती है कि वह उनके फोन कॉल क्यों नहीं उठा रहे थे। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए सर्टिफिकेट मिल चुका है। यह फिल्म 9 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म का शुभारंभ पिछले वर्ष अप्रैल में केरल के एर्नाकुलम स्थित वेलिंगटन आइलैंड में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ था। निर्देशक निसाम बशीर की इस फिल्म की कहानी और पटकथा समीर अब्दुल ने लिखी है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ पार्वती तिरुवोथु और हकीम शहजहान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म का निर्माण सुप्रिया मेनन, मुकेश मेहता और सी. वी. सारथी ने पृथ्वीराज प्रोडक्शंस और ई4 एक्सपेरिमेंट्स के बैनर तले किया है। निर्माताओं के करीबी सूत्रों के अनुसार, 'आई, नोबडी' एक ऐसी सिनेमाई प्रस्तुति होगी, जिसमें रोमांच, भावनाएं और दमदार अभिनय का शानदार मेल देखने को मिलेगा।

# 'लॉकअप 2' के लिए फराह खान और रितेश देशमुख ने ली इतनी फीस

'लॉक अप' के दूसरे सीजन की शुरुआत से ही यह शो लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। शो के कंटेस्टेंट्स और ड्रामेटिक ट्विस्ट के अलावा इस बार इसके नए होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी खूब चर्चा में हैं। दोनों को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस शो को होस्ट करने के लिए ये सितारे कितनी फीस ले रहे हैं?





### फराह ने चार्ज की इतनी फीस

सियासत की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान 'लॉक अप 2' को होस्ट करने के लिए हर एपिसोड के करीब 15 लाख से 25 लाख रुपये तक चार्ज कर रही हैं। हालांकि, इस रकम को लेकर अभी तक फराह खान या शो के मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### रितेश देशमुख की फीस

रितेश देशमुख की फीस को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन सियासत की रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें भी लगभग उतनी ही फीस मिल रही है जितनी उन्हें 'बिग बॉस मराठी' होस्ट करने के दौरान मिली थी। बताया जा रहा है कि वह हर एपिसोड के करीब 20 लाख से 40 लाख रुपये तक चार्ज कर सकते हैं।

# युविका से तलाक की चर्चा पर बोले प्रिंस नरूला

रियलिटी टीवी पर अपने कॉन्फिडेंट अंदाज के पीछे प्रिंस नरूला एक खामोश और कमजोर कर देने वाली लड़ाई लड़ रहे थे। हाल ही में प्रिंस नरूला और उनकी पत्नी युविका चौधरी ने अपनी जिंदगी के एक मुश्किल दौर के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें महीनों तक जबरदस्त पैनिक अटैक, रातों-रात नींद न आने और लगातार डर का सामना करना पड़ा।

नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' पर बातचीत के दौरान प्रिंस नरूला ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन उन्हें खुद एंग्जायटी का सामना करना पड़ेगा। पंजाब के एक छोटे से गांव में पले-बढ़े होने के कारण, वहां मानसिक स्वास्थ्य के बारे में कोई बात नहीं करता था। पीछे मुड़कर देखने पर उन्होंने माना कि कई साल तक उन्हें इस बारे में गलतफहमी रही। उन्होंने स्वीकार किया कि वो ऐसे माहौल से आए थे, जहां कोई जानता भी नहीं था कि एंग्जायटी का क्या मतलब होता है। वे एंग्जायटी या डिप्रेशन के बारे में बात करने वाले लोगों का मजाक उड़ाते थे और उनसे कहते थे कि बस बाहर जाओ और मजे करो। हालांकि, वो चाहते थे कि हर कोई यह समझे कि यह बिल्कुल असली चीज है।

### एंग्जायटी के चलते दुनिया से बना ली दूरी

प्रिंस ने याद करते हुए कहा कि जब मुझे एंग्जायटी हुई तो मेरा दिल बेकाबू होकर तेजी से धड़कने लगता था। मैं बीच ट्रैफिक में अपनी कार छोड़कर चला जाता था। दोस्तों के साथ फिल्म देखते-देखते अचानक उठकर भाग जाता था क्योंकि मुझे सांस लेने में तकलीफ होती थी। रातें सबसे मुश्किल होती थीं। मैं लगातार छह महीने तक सो नहीं पाया। मुझे अंधेरे से सचमुच डर लगने लगा था। मैंने काम करना बंद कर दिया, सबसे दूरी बना ली और दुनिया से गायब हो गया। एंग्जायटी धीरे-धीरे मेरी मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने लगी थी। मेरा कोलेस्ट्रॉल बढ़ गया था। मेरे लिवर में थकान के लक्षण दिखने लगे थे। मैं ऐसी सेहत संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था जिनका सामना मैंने पहले कभी नहीं किया था। सबसे बुरे दौर में मैं हर दिन 18 गोलियां लेता था।

मुझे सच में लगता था कि अगर मैं सो गया, तो कभी नहीं जाग पाऊंगा। इसलिए मैं सोने से बहुत डरता था और उससे बचने की पूरी कोशिश करता था। मैं अपनी बेटी के साथ हर पल बिताना चाहता था। मैंने खुद को यकीन दिला लिया था कि मुझे दुनिया की हर बीमारी हो गई है।





# मैं प्यार के मामले में बहुत बदकिस्मत हूं

टेलीविजन अभिनेत्री आकांक्षा चमोला पिछले कुछ समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेता गौरव खन्ना के साथ करीब नौ साल पुराना रिश्ता टूटने की खबर ने उनके फैंस को पहले ही हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़े कई ऐसे खुलासे किए, जिनकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई। अब एक बार फिर आकांक्षा ने अपने दिल की बात साझा करते हुए कहा है कि वह प्यार के मामले में खुद को बदकिस्मत मानती हैं। आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने अब इस स'चाई को स्वीकार भी कर लिया है। नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप : सच या सजा' के एक एपिसोड के दौरान आकांक्षा चमोला अपनी करीबी दोस्त पामेला सेरेना और को-कंटेस्टेंट वरुण यादव (उर्फ लैला) के साथ प्यार और रिश्तों पर खुलकर बात करती नजर आईं। बातचीत के दौरान आकांक्षा ने कहा, 'मेरी एक महिला दोस्त ने मुझसे कहा था कि दुर्भाग्य से मैं प्यार के मामले में बदकिस्मत हूं और हमेशा रहूंगी। उस वक्त मैंने सोचा कि शायद यही सच है और अब मैंने इसे स्वीकार कर लिया है।

उनकी यह बात सुनकर वरुण यादव ने उनसे दोबारा पूछा, 'क्या तुम सच में प्यार के मामले में बदकिस्मत हो?' इस पर आकांक्षा ने जवाब दिया, 'हां, मैं प्यार के मामले में बहुत बदकिस्मत हूं।'

गौरतलब है कि 'लॉक अप : सच या सजा' के लॉन्च के दौरान ही आकांक्षा चमोला ने अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर बड़ा खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि वह और उनके पति गौरव खन्ना पिछले एक साल से अलग रह रहे हैं और अब दोनों ने तलाक लेने का फैसला कर लिया है। आकांक्षा के इस बयान ने शो की होस्ट फराह खान के साथ-साथ उनके फैंस को भी चौंका दिया था। आकांक्षा और गौरव खन्ना ने नवंबर 2016 में लव मैरिज की थी। दोनों की जोड़ी टीवी इंडस्ट्री की पसंदीदा जोड़ियों में गिनी जाती थी। शादी के बाद दोनों करीब नौ साल तक साथ रहे, लेकिन हाल ही में आकांक्षा ने अपने सेपरेशन की पुष्टि कर दी। इसके बाद से उनकी निजी जिंदगी लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है।

यही नहीं, पिछले हफ्ते शो के 'जजमेंट डे' एपिसोड में भी आकांक्षा ने अपनी जिंदगी से जुड़ा एक और अहम खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि वह बाइसेक्शुअल हैं और गौरव खन्ना से शादी करने से पहले महिलाओं के साथ भी रिश्तों में रह चुकी हैं। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी थी और कई लोगों ने उनके साहस की सराहना भी की। इन दिनों 'लॉक अप : सच या सजा' को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इसमें आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, सुनीता आहूजा, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर, माधुरी जैन ग्रोवर, रियाज अली और वरुण यादव उर्फ लैला जैसे कई चर्चित कलाकार भी हैं।

# लाला अमरनाथ पर शाहरुख संग फिल्म बनाना चाहते थे हिरानी

आमिर खान अपनी अगली फिल्म 'ललकार' में भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लाला अमरनाथ की भूमिका निभाने जा रहे हैं। इसी बीच फिल्म ब आमिर इस कहानी को 'ललकार' के रूप में बड़े परदे पर लेकर आ रहे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी एक बार फिर निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के साथ बनेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'ललकार' की कहानी 1से जुड़ा एक दिलचस्प खुलासा सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर से पहले इसी विषय पर शाहरुख खान और निर्देशक राजकुमार हिरानी साथ काम करने की प्लानिंग बना चुके थे। बताया जा रहा है कि 2018 में 'जीरो' और 'संजू' की रिलीज के बाद राजकुमार हिरानी ने शाहरुख को लाला अमरनाथ की बायोपिक का आइडिया सुनाया था। हालांकि, कई कारणों से यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया। बाद में कोविड-19 महामारी के दौरान प्लानिंग्स बदल गई और हिरानी ने शाहरुख को 'डंकी' का ऑफर दिया, जो 2023 में रिलीज हुई।



- भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले ब्रैंडन मैकुलम ने इंग्लैंड टेस्ट टीम कोच पद से दिया इस्तीफा

# खत्म हुआ बैजबॉल युग



**नई दिल्ली।** भारत को खिलाफ इंग्लैंड को 14 जून से 3 मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन उससे पहले ब्रैंडन मैकुलम ने इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंग्लैंड का चार साल लंबा बैजबॉल युग भी समाप्त हो गया। हालांकि मैकुलम इंग्लैंड वनडे और टी20 टीम के कोच बने रहेंगे। मैकुलम की देखरेख में इंग्लैंड ने भारत को 5 मैचों की टी20 सीरीज में 4-0 से हराया था।

ब्रैंडन मैकुलम ने साल 2022 में क्रिस सिल्वरवुड की जगह यह जिम्मेदारी संभाली थी जबकि उन्हें टेस्ट टीम को कोचिंग देने का ज्यादा अनुभव नहीं था। उनके बहुत आक्रामक अंदाज से कम समय में ही इंग्लैंड को जबरदस्त फायदे हुए। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खेलने के अंदाज को बदलने का श्रेय मैकुलम को ही जाता है। हालांकि इंग्लैंड की टीम को शुरुआत में मैकुलम के इस अंदाज से फायदा हुआ, लेकिन बाद में इंग्लैंड की टीम को इसका नुकसान हो रहा था।

### मैकुलम की आलोचना होनी लगी थी

मैकुलम के अंदाज में खेलकर इंग्लैंड को न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार जीत मिली साथ ही 2022 के री-शेड्यूल टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को बुरी तरह से हराया, लेकिन जैसे-जैसे विरोधी टीमों ने उनके एक ही तरह के खेलने के तरीके को समझना शुरू किया नतीजे खराब होने लगे। इसके बाद इंग्लैंड को भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हार मिली और फिर ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से हार मिली और इसके बाद उनकी जमकर आलोचना हुई। हालांकि इस हार के पीछे की असली वजह मैदान के बाहर हुए कई विवाद थे जिनमें टीम में शराब पीने के बुरे कल्चर के आरोप भी शामिल थे।

मैकुलम पर इस कल्चर को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। मैकुलम ने एक बयान में कहा कि मुझे टेस्ट टीम को कोचिंग देने में बहुत मजा आया और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। इस सफर में कुछ शानदार पल भी आए और कुछ मुश्किल दिन भी, लेकिन ऐसी चुनौती लेने में ये सब तो होता ही है।

# यास्तिका ने रचा इतिहास

### लॉर्ड्स में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने वो कमाल कर दिखाया जो भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी भी महिला खिलाड़ी ने नहीं किया था। यास्तिका ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक लगाते हुए इतिहास रच दिया और इस ऐतिहासिक मैदान पर शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया।

### यास्तिका भाटिया ने रचा इतिहास

यास्तिका भाटिया ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपना शतक 145 गेंदों पर पूरा किया। वहीं उन्होंने दूसरी पारी में 158 गेंदों पर 14 चौकों की मदद से 113 रन की पारी खेली। यास्तिका ने दूसरी पारी में दूसरे विकेट के लिए स्मृति मंधाना के साथ मिलकर 73 रन की साझेदारी की जबकि उन्होंने 5वें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा के साथ 52 रन की अर्धशतकीय साझेदारी भी की। ये यास्तिका के टेस्ट क्रिकेट करियर का पहला शतक भी रहा जो उन्होंने अपने तीसरे टेस्ट मैच में हासिल किया था साथ ही ये टेस्ट में उनके करियर का बेस्ट स्कोर भी रहा।

### यास्तिका ने तोड़ा संध्या अग्रवाल का रिकॉर्ड

यास्तिका अग्रवाल ने लॉर्ड्स टेस्ट की तीसरी पारी में 113 रन बनाए और भारत की तरफ से महिला टेस्ट की तीसरा या चौथी पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गईं। उन्होंने संध्या अग्रवाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने साल 1985 में लखनऊ में न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ 98 रन की पारी खेली थी।

### महिला टेस्ट की तीसरी/चौथी पारी में सबसे ज्यादा स्कोर

- 113 रन – यास्तिका भाटिया बनाम ENG-W, लॉर्ड्स, 2026
- 98 रन – संध्या अग्रवाल बनाम NZ-W, लखनऊ, 1985
- 83 रन– संध्या अग्रवाल बनाम AUS-W, वानखेड़े, 1984
- 80* रन – स्नेह राणा बनाम ENG-W, ब्रिस्टल, 2021
- 75 रन – गार्गी बनर्जी बनाम ENG-W, ब्लैकपूल, 1986

72 रन – गार्गी बनर्जी बनाम AUS-W, वानखेड़े, 1984

### लॉर्ड्स में शतक लगाने वाली 11वीं भारतीय खिलाड़ी बनीं यास्तिका

यास्तिका भाटिया लॉर्ड्स में बेशक शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं, लेकिन ओवरऑल वो भारत की तरफ से ऐसा करने वाली 11वीं क्रिकेटर बनीं। इससे पहले 10 पुरुष क्रिकेटर लॉर्ड्स में शतक लगा चुके हैं। लॉर्ड्स में भारत की तरफ से सबसे पहला शतक 1952 में वीनू मांकड़ ने लगाई थी और 184 रन की पारी खेली थी जबकि दिलीप वेंगसकर ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 3 बार भारत के लिए शतक लगा चुके हैं।

# यास्तिका का शतक, स्मृति-ऋचा का अर्धशतक

### भारत ने इंग्लैंड को जीता टेस्ट, जीत के लिए दिया 457 रन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यास्तिका भाटिया की शतकीय साथ ही स्मृति मंधाना व ऋचा घोष की अर्धशतकीय पारी के दम पर लॉर्ड्स टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 7 विकेट पर 341 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी। भारत को पहली पारी में 115 रन की बढ़त मिली थी और दूसरी पारी में



341 रन के साथ भारत की कुल बढ़त दूसरी पारी में 456 रन की हो गई और इंग्लैंड को जीत के लिए इस मैच में 457 रन का लक्ष्य मिला। इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बैटिंग करने को कहा था और फिर भारतीय टीम ने पहली पारी में 285 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में भारतीय गेंदबाजी के सामने पूरी तरह से सरेंडर हो गई और 170 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को पहली पारी में 115 रन की बड़ी बढ़त हासिल हुई थी। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग की और 7 विकेट पर 341 रन बनाकर पारी की घोषणा कर दी।

**यास्तिका का शतक, स्मृति-ऋचा ने लगाए अर्धशतक-** भारत की तरफ से दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ यास्तिका भाटिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 113 रन की शानदार पारी खेली जबकि टीम की स्टार बैटर व ओपनर स्मृति मंधाना ने 70 रन की शानदार पारी खेली। निचले क्रम की बैटर ऋचा घोष ने भी नाबाद 50 रन की पारी सिर्फ 52 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से खेली। शैफाली वर्मा ने दूसरी पारी में 33 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत कौर ने 16 रन की पारी खेली। भारत के लिए पहली पारी में स्मृति मंधाना ने 83 रन, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 58 रन जबकि दीप्ति शर्मा ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारत की तरफ से पहली पारी में क्रांति गौड़ ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए थे जबकि इंग्लैंड की तरफ से पहली पारी में विकेटकीपर एमी जोन्स ने सबसे बड़ी 52 रन की पारी खेली थी। क्रांति गौड़ जहां सबसे कम उम्र में भारत की तरफ से महिला टेस्ट क्रिकेट में 5 विकेट लेने वाली तेज गेंदबाज बनीं तो वहीं यास्तिका भाटिया लॉर्ड्स में महिला टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं।

# 'शिवम दुबे काबिल नहीं हैं'

### जाफर ने बताए 2 नाम जो ले सकते हैं स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की जगह



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-0 से हारने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के सामने कई ऐसे सवाल हैं जिनका कोई जवाब नहीं मिला है। टीम के लिए एक बड़ी चिंता ऑलराउंडर्स को लेकर है। पिछले कुछ साल में हार्दिक पांड्या ने व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। चोटिल होने की वजह से तेज गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर अभी सिलेक्शन प्रोसेस से बाहर हैं। भारतीय टीम मैनेजमेंट को हार्दिक पांड्या की जगह लेने के लिए किसी सही खिलाड़ी को ढूंढना होगा।

- **शिवम दुबे से आगे सोचने की जरूरत-** टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वसीम जाफर का मानना है कि अब टीम को शिवम दुबे से आगे सोचने की जरूरत है। जाफर के मुताबिक नितीश कुमार रेड्डी और सूर्यांश शेडगे ऐसे दो संभावित खिलाड़ी हैं जो हार्दिक पांड्या की जगह ले सकते हैं। अपने यूट्यूब चैनल वसीम जाफर ऑफिशियल पर बातचीत के दौरान वसीम जाफर ने कहा कि अगर आप हार्दिक पांड्या जैसा ही कोई खिलाड़ी ढूंढ रहे हैं।

# श्रेयस ने 218 रन बनाकर तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

- T20I के एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 भारतीय कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नए कप्तान श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले 5 मैचों की टी20 सीरीज में अपनी टीम के लिए जमकर रन बनाए। भारत को इस वनडे सीरीज में बेशक 0-4 से पराजय मिली, लेकिन कप्तान की बल्लेबाजी ने सबका दिल जीता। एक तरफ जहां भारतीय बैटर इंग्लैंड में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए तो वहीं श्रेयस ने दिखाया कि विपरित परिस्थिति में भी किस तरह से बैटिंग की जाती है।

श्रेयस अय्यर ने बतौर कप्तान पहली बार इंग्लैंड की धरती पर किसी टी20आई सीरीज में भारत की कप्तानी की और इसमें 218 रन बनाते हुए विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में 54.50 की औसत और 157.97 की स्ट्राइक रेट के साथ 218 रन बनाए जिसमें 2 अर्धशतक भी शामिल थे और उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 80 रन रहा। श्रेयस ने 18 चौके और 7 छक्के भी लगाए।

### श्रेयस निकले विराट कोहली से आगे

श्रेयस अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए 5 मैचों की टी20 सीरीज में 218 रन बनाए और भारत की तरफ से टी20आई में किसी एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। कोहली ने साल 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए टी20आई सीरीज में बतौर कप्तान भारत के लिए 181 रन बनाए थे। हालांकि इस लिस्ट में पहले नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं जिन्होंने साल 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 242 रन बनाए थे।

### फीफा वर्ल्ड कप 2026 सेमीफाइनल शेड्यूल

# अर्जेंटीना के सामने इंग्लैंड की चुनौती फ्रांस को चुनौती देने उतरेगा स्पेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अपने आखिरी दौर में पहुंच रहा है और 48 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में अब सिर्फ चार टीमें बची हैं। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना के साथ-साथ इंग्लैंड, फ्रांस और स्पेन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है और इनमें से कोई एक ही इस बार चैंपियन बनेगा। इस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक कितने बजे और किस दिन खेले जाएंगे।

**अर्जेंटीना का सामना इंग्लैंड के साथ-**लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना के लिए सेमीफाइनल तक का सफर जबरदस्त रहा है जिसमें एक्स्ट्रा-टाइम में टिके रहना, शानदार रणनीति और खिलाड़ियों के व्यक्तिगत कमाल के पल शामिल रहे हैं। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड से होगा जिसने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उसे सबसे बड़ी जीतों में से एक जीत राउंड ऑफ 16 में मिली जहां उन्होंने विरोधी दर्शकों के बीच मेक्सिको को हराया। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, नॉर्वे से एक गोल से पीछे चल रहा था लेकिन जूड बेलिंगहम के शानदार खेल की बदौलत वापसी करते हुए जीत हासिल की।

**फ्रांस और स्पेन में होगी भिड़ंत-** डलास में फ्रांस और स्पेन का सेमीफाइनल मुकाबला होगा। किलियन एम्बाप्पे की टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार



फॉर्म में रही है और अब तक की सबसे असरदार टीम मानी जा रही है। स्पेन ने अपने खास अंदाज में लगातार पासिंग और अहम मौकों पर गोल करने की काबिलियत दिखाई है। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से मात दी थी। हालांकि स्पेन का प्रदर्शन भी अब तक दमदार रहा है और फ्रांस की टीम को इस टीम से कड़ी टक्कर मिलने की पूरी उम्मीद है।

मेसी का लक्ष्य आत्मविश्वास से भरी इंग्लैंड की टीम के खिलाफ अर्जेंटीना के खिताब बचाने की उम्मीद को जिंदा रखना होगा।

### FIFA वर्ल्ड कप 2026 सेमीफाइनल का शेड्यूल

**फ्रांस बनाम स्पेन**

तारीख और समयः बुधवार, 15 जुलाई 2026 को रात 12:30 बजे IST
7 वेन्यूः डलास स्टेडियम

**इंग्लैंड बनाम अर्जेंटीना**

तारीख और समयः गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को रात 12:30 बजे IST
7 वेन्यूः अटलांटा स्टेडियम

- जिम्बाब्वे दौरे पर वरुण चक्रवर्ती की जगह रवि बिश्नोई को मौका

# इंग्लैंड से वनडे सीरीज में हर्षित की जगह लेंगे प्रिंस

**नई दिल्ली।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से अनिश्चित समय के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। प्रिंस यादव को हर्षित राणा की जगह इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।रवि बिश्नोई को वरुण चक्रवर्ती की जगह जिम्बाब्वे दौरे पर भारत की टी20 टीम में चुना गया है। बिश्नोई ने ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 17वें ओवर में 29 रन दिए थे। इसके बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी।

बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में तीसरे टी20 के दौरान अपने दाहिने हैमस्ट्रिंग में अचानक तकलीफ होने की शिकायत की। बाद के स्कैन में ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग चोट का पता चला। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं और आगे की जांच और



मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (ष्ट्हश्व) को रिपोर्ट करेंगे।' चक्रवर्ती को ग्रेड 2 की चोट है। वह तीन से छह महीने तक मैदान से दूर रह सकते हैं। वह जल्द ही 35 साल के होने वाले हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

### क्या इंग्लैंड सीरीज में हासिल करेंगे उपलब्धि

# कोहली 15 तो रोहित 12 हजार रन के करीब

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-0 से क्लीन स्वीप झेलने के बाद भारतीय टीम वनडे क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। इस दौरान दिग्गज क्रिकेटर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पर निगाहें होंगी। टी20 और टेस्ट से संन्यास के बाद दोनों खिलाड़ी वनडे क्रिकेट में ही मैदान पर दिखते हैं।



भारत ने पिछली वनडे सीरीज अफगानिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड दौरे से पहले खेला था। रोहित शर्मा ने आखिरी मैच में अर्धशतक जड़ा था। विराट कोहली चोटिल होने के कारण सीरीज में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर दोनों खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। इस सीरीज के दौरान दोनों खिलाड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।

# तीन दिवसीय शिल्पोत्सव का उप विकास आयुक्त ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, हजारीबाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिल्पोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ आज हजारीबाग झील स्थित ओपन एम्फीथिएटर में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। 13 से 15 जुलाई तक आयोजित इस शिल्पोत्सव में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों के 33 स्टॉल लगाए गए हैं। उद्घाटन के प्रथम दिन ही प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में खरीदारों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति देखने को मिली। आगंतुकों ने स्थानीय हस्तशिल्प, हस्तकरघा, बांस एवं जूट उत्पाद, मिट्टी शिल्प, कलात्मक चित्रकारी सहित विभिन्न पारंपरिक उत्पादों की सराहना की तथा खरीदारी भी की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जिले के कलाकारों एवं शिल्पकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ उनके उत्पादों के विपणन का सशक्त मंच उपलब्ध कराते हैं। जिला प्रशासन स्थानीय कारीगरों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों एवं अन्य मंचों के माध्यम से कलाकारों और शिल्पकारों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में इस तीन दिवसीय शिल्पोत्सव में पहुंचकर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें तथा जिले के कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों का उत्साहवर्धन करें। शिल्पोत्सव में हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था, कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नाट्य कला एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। यह आयोजन स्थानीय शिल्प एवं कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## पलामू पुलिस में फेरबदल: कई थानों व ओपी में नए प्रभारियों की तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में पुलिस प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से कई थानों, ओपी तथा ट्रैफिक शाखा में पदस्थापन एवं प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, सब इंस्पेक्टर रूद्रानंद सरस को ट्रैफिक प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सब इंस्पेक्टर राजेश रंजन को तरहसी थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर चंद्रशेखर यादव को किशुनपुर ओपी प्रभारी तथा बिरेन्द्र मेहता को दंगवार ओपी प्रभारी बनाया गया है। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, बीडीओ-सीओ ने बूथों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सोमवार को हैदरनगर प्रखंड में प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहीं। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने अभियान की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में भाई बिगहा स्थित मतदान केंद्र संख्या 97 एवं 98 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह एवं जनसेवक अमरेश कुमार ने निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य और बूथ स्तर पर चल रही प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा त्रुटियों के शीघ्र सुधार पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करना, त्रुटियों का सुधार करना तथा मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने तथा जिन मतदाताओं के नाम, पता अथवा अन्य विवरण में त्रुटि है, उनसे विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान उसका सुधार कराने का आग्रह किया। बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों, सभी राजनीतिक दलों के कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से भी अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर प्रपत्र भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सकता है, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और मजबूत लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।



## संक्षिप्त समाचार

### हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क मरम्मत, 14 से 17 जुलाई तक बदलेगा रूट

**हुसैनाबाद/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जपला से दंगवार जाने वाले मुख्य मार्ग पर हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत को लेकर प्रशासन ने चार दिनों के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) हुसैनाबाद ने इस संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष के अनुरोध पर 14 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक सड़क मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इस दौरान उक्त मार्ग पर वाहनों के आवागमन को अस्थायी रूप से बंद रखते हुए वैकल्पिक मार्ग से परिचालन कराया जाएगा।प्रशासन ने बताया कि जपला से दंगवार जाने वाले वाहनों का परिचालन कोरियाडीहझ्नवीनगर मार्ग तथा जपला नहर मोड़झ्पथरा रोड होते हुए बभनडीझ्दोबटिया मार्ग से कराया जाएगा। एसडीओ ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि दंगवार ओपी एवं नहर मोड़ के समीप पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर वैकल्पिक मार्ग पर यातायात सुचारु रूप से संचालित कराया जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और मरम्मत कार्य भी सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके।प्रशासन ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### 12 वर्षीय भतीजे की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद में चाचा ने अपने ही 12 वर्षीय भतीजे रोशन बैठा की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक साधु बैठा का पुत्र था। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल रोशन को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा अनिल बैठा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस हत्या के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### निर्माण कार्य में निर्धारित समय एवं गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं : डीएम

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की उच्चस्तरीय बैठक समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमें जिले में चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक, बुनियादी ढांचा, भू-अर्जन, सड़क, पुल, विद्युत आपूर्ति सहित जनकल्याणकारी अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।



निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंताओं एवं विभागीय पदाधिकारियों को सभी परियोजनाओं के निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने का निर्देश दिया। भूमि विवाद या स्थानीय बाधाओं को लेकर उन्होंने विभाग को समन्वय स्थापित बाधा दूर करने का निर्देश दिया। इस क्रम में भू-अर्जन, औद्योगिक क्षेत्र स्थापना कोढा ग्रीड निर्माण कार्य, स्टेट हाईवे-98 निर्माण, रेल लाइन दोहरीकरण,एन.एच. 131ए अमदाबाद-मनिहारी), ग्रामीण अवसंरचना, पंचायत सरकार भवन,मदरसा सुदृढीकरण, महादलित विकास मिशन के तहत सामुदायिक भवन-सह- वर्कशेड निर्माण, आरओबी निर्माण ,हर खेत तक सिंचाई को लेकर लघु सिंचाई एवं नलकूप योजना,विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण कार्य विभाग आदि विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भाजपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला बैठक में मुख्य रूप से आये खान एवं भूतत्व मंत्री व प्रभारी मंत्री प्रमोद कुमार का जिला अध्यक्ष मनोज राय सहित कार्यकताओं ने पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज राय द्वारा संगठन मजबूती को लेकर एवं पार्टी द्वारा दिया गया आगामी कार्यक्रम को जिला स्तर पर मंडल पंचायत एवं बूथ स्तर पर बेहतर रूप से कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर करने को कहा। इस अवसर पर बैठक में जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, महेंद्र झा नगर के सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता जिला बैठक में शामिल हुए।



### जिला विद्युत समिति की बैठक में विधायक ने रखी बात

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने जिला विद्युत समिति की बैठक में जिला अंतर्गत कटिहार विधानसभा क्षेत्र के सिरनिया दलन एवं महानंदा कॉलोनी के निकट कटिहार में निमार्णाधीन पावर सब स्टेशन को नियत अवधि में पूरी करने को कहा। जिससे कि कटिहार विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सामान्य हो सके। उन्होंने कहा कि कटिहार जिला अंतर्गत ग्रिड स्टेशन के निर्माण में काफी विलंब हो रहा है। जिससे अपेक्षित लाभ कटिहार को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारी से ग्रिड स्टेशन के निर्माण हेतु भू-अर्जन का कार्य जल्द करने का आग्रह किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के पूर्व जनवरी से मार्च के बीच वृक्षों के टहनियां की कटाई वन विभाग के सहयोग से पूर्ण कर लिया जाए, जिससे कि वर्षा एवं आंधी के समय वृक्ष के गिरने से विद्युत उपकरणों की क्षति के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी बाधित नहीं हो।




## एसआईआर में जनसहयोग जरूरी, 95% गणना प्रपत्र अब भी मतदाताओं के पास : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रबुद्धजन, पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि अभी भी लगभग 95 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं के पास ही हैं, जिन्हें भरकर संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के पास जल्द से जल्द जमा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं, समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे मंगलवार को अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर जमा कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि बिना जनसहयोग के इतने बड़े स्तर के इस महत्वपूर्ण अभियान को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना संभव नहीं है। एसडीओ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए प्रत्येक पात्र मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सहयोग सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। बैठक में अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



## जपला जाने निकली महिला की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत, टूटा दुखों का पहाड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के करडंडा गांव निवासी अनिता देवी (48), धर्मेन्द्र मेहता की पत्नी, की सोमवार सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वह इलाज कराने के लिए जपला जाने निकली थीं और डीजीआर ट्रेन पकड़ने के लिए काशी स्रोत रेल पुल पार कर रही थीं। इसी दौरान पोल संख्या 347/13-15 के बीच डाउन दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गईं। बताया जाता है कि उन्हें कान से कम सुनाई देता था, जिससे ट्रेन आने की भनक नहीं लगी और हादसा हो गया। घटना की सूचना पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका अपने पीछे पति धर्मेन्द्र मेहता, दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गई हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।



## 900 सीटों का सरकारी डिग्री कॉलेज, पढ़ाने को सिर्फ एक शिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) ।** करोड़ों रुपये की लागत से बने सरकारी डिग्री कॉलेज का भवन अब चालू हो चुका है और नामांकन भी शुरू हो गया है, लेकिन शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों की भारी कमी ने पूरे संस्थान की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हुसैनाबाद अनुमंडल के इस एकमात्र सरकारी डिग्री कॉलेज में 900 सीटों की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में केवल 191 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। इसका सबसे बड़ा कारण नियमित शिक्षकों का अभाव माना जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पूरे कॉलेज में इतिहास विषय के केवल एक नियमित शिक्षक चंदन कुमार पाण्डेय कार्यरत हैं। उनके अलावा एक प्राचार्य और दो टीचिंग असिस्टेंट के भरोसे पूरे कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था संचालित हो रही है। अधिकांश विषयों में नियमित शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई विषयों की कक्षाएं नियमित नहीं चल पा रही हैं और छात्रों को स्वाध्याय के सहारे परीक्षा की तैयारी करनी पड़ रही है। यह वही सरकारी डिग्री कॉलेज है, जिसके भवन का वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और तत्कालीन विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शिलान्यास किया था। करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण के बावजूद वर्षों तक हैंडओवर नहीं होने से पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी थी। अब भवन विभाग को सौंपा जा चुका है और नामांकन भी प्रारंभ हो गया है, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कॉलेज में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होते तो बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं निजी कॉलेजों की बजाय सरकारी कॉलेज में नामांकन लेते। शिक्षकों की कमी के कारण आज भी कई विद्यार्थी मजबूरी में अधिक फीस देकर एके सिंह डिग्री कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इसका अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।शिक्षा से जुड़े लोगों का कहना है कि केवल भवन बन जाने से उच्च शिक्षा की व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी विषयों में नियमित शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता अनिवार्य है। यदि शीघ्र नियुक्तियां नहीं हुई तो सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा और इसका सबसे अधिक नुकसान ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। स्थानीय नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग से मांग की है कि कॉलेज में अविलंब नियमित शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस संस्थान का वास्तविक लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिल सके और उन्हें निजी कॉलेजों में अधिक फीस देकर पढ़ने की मजबूरी से राहत मिल सके।

## चंदौरी रोड-कालीबाड़ी मोड़ के खुले नाले से बढ़ी परेशानी, चैंबर ने नगर आयुक्त व महापौर से की त्वरित कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरिडीह ने शहर के चंदौरी रोड से कालीबाड़ी तक मिलने वाले सड़क मोड़ पर खुले नाले के कारण उत्पन्न गंभीर यातायात समस्या, दुर्घटना की आशंका और दैनिक जाम को लेकर नगर आयुक्त एवं महापौर को पत्र सौंपकर अविलंब समाधान की मांग की है चैंबर के अध्यक्ष राहुल कुमार वर्मन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि उक्त मोड़ पर स्थित खुला नाला स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। नाले के खुले रहने और किनारों के क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन सड़क के बीच से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे सुबह और शाम के समय अक्सर आधे से एक घंटे तक लंबा जाम लग जाता है। इस दौरान एंबुलेंस, स्कूली बसें और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अंधेरा होने या जलजमाव की स्थिति में खुला नाला दिखाई नहीं देता, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं नाले से उठने वाली दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से आसपास के लोग भी परेशान हैं चैंबर ने नगर निगम से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए खुले नाले को आरसीसी स्लैब से तत्काल ढंकने, नाले के आसपास के अस्थायी अतिक्रमण को हटाने तथा सड़क को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाया जाए चैंबर ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए आम जनता को राहत प्रदान करेगा।

## संगठन की मजबूती को लेकर तीन दिवसीय गिरिडीह प्रवास पर जिला प्रभारी डॉ. संजय सिंह, पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी, गिरिडीह महानगर के जिला प्रभारी डॉ. संजय सिंह तीन दिवसीय संगठनात्मक प्रवास पर गिरिडीह पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। रात्रि विश्राम भी गिरिडीह में किया डॉ. संजय सिंह ने जिला स्तरीय एवं विभिन्न मंडलों की बैठकों में भाग लेते हुए कार्यकताओं से संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके अथक परिश्रम से संगठन लगातार मजबूत हो रहा है बैठकों में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, नए सदस्यों को जोड़ने, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रमुख कार्यकताओं से सुझाव भी लिए गए उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने, सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक ले जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान है और प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तीन दिवसीय प्रवास के दौरान कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार देखने को मिला। सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया इस आशय की जानकारी भाजपा गिरिडीह महानगर के जिला मीडिया सह-प्रभारी राजेश जायसवाल ने दी।

## भौतिक-कामनाओं की पूर्ति हेतु हुई थी 'मां मनोकामना' की स्थापना : मां विजया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साकेत (दिल्ली)।** मनुष्य की भौतिक-कामनाओं की पूर्ति के लिए ही 'माँ मनोकामना देवी की स्थापना ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी द्वारा की गयी थी। श्रद्धापूर्वक यहाँ प्रार्थना करने वालों की सदकामनाएँ अवश्य पूर्ण होती है। किन्तु मानव-जीवन का लक्ष्य यह नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति है, जिसके लिए साधना का मार्ग ही आवश्यक है। यह बातें सोमवार को पर्यावरण कंपलेक्स स्थित माँ मनोकामना मंदिर में, अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में आयोजित, 'माँ मनोकामना देवी' की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ और संस्था के संस्थापक ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के अवतरण दिवस समारोह में, अपना आशीर्वचन देती हुई, संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रह्मनिष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी ने कही। माताजी ने कहा कि व्यक्ति प्रत्येक क्षण बदल रहा है। आज से २५ साल पहले व्यक्ति जैसा था, आज वैसा नहीं दिखता। कुछ वर्षों के पश्चात आज जैसा भी नहीं दिखेगा। शरीर में अनेक कोशिकाएँ हैं, समस्याएँ भी तनी ही हैं। इनसे मुक्ति का मार्ग 'इस्सयोग' की साधना है, जिसका प्रवर्त्तन ब्रह्मलीन सदगुरुदेव महात्मा सुशील कुमार जी ने किया। 'इस्सयोग' संसार को दिया गया, उनका अनुपम उपहार है। माताजी ने कहा कि साधना और गुरुसेवा से मानसिक विकार दूर होते हैं। विकार दूर होने से कष्ट दूर होते हैं। यह जानकारी देते हुए, संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया कि समारोह का उद्घाटन, पूर्वाह्न १० बजे, श्रीमाँ के निदेशानुसार, संस्था के संयुक्त सचिव-सह-कोषाध्यक्ष ई उमेश कुमार ने दीप-प्रज्वलित कर किया। सदगुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने किया। पं प्रभात झा द्वारा किए गए 'गुरु शतनाम स्तोत्र' के पाठ से कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ हुआ। इसके पश्चात एक घंटे के अखंड संकीर्तन, आधे घंटे की आह्वान की साधना, पूज्य गुरुदेव की आरती और फिर माँ मनोकामना के विधिवत पूजन और आरती की गयी। इस अवसर पर इस्सयोगियों ने अपने भावोदगार व्यक्त किए, जिनमें लंदन से आए अभिषेक आनन्द, लुधियाना के सुधांशु सुमन, उड़ीसा से दुगार्दास पण्डा, भुवनेश्वर से दा गीता जेना, लखनऊ से दुष्यंत यादव, बोकारो से कैलाश सुहासरिया, बंगलुरु से हरि पण्डा, फरीदाबाद से वंदना कर्ण, बिहार से शैल कुमारी, ऋतुबाला, हरियाणा से श्रीकांत कुमार, मनीषा अग्रवाल, अल्पना श्रीवास्तव, सविता कुमारी के नाम सम्मिलित है। संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा ने अपने संबोधन में माँ मनोकामना मंदिर की स्थापना का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया तथा पूज्य सदगुरुदेव और गुरुमाँ की कृपाओं के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर शक्तिपात-दीक्षा का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें ५१ नव-जिज्ञासुओं को माताजी द्वारा, इस्सयोग की आंतरिक साधना आरंभ करने हेतु आवश्यक 'शक्तिपात-दीक्षा' दी गयी। समारोह में, संस्था के संयुक्त सचिव लक्ष्मी प्रसाद साहू, संगीता झा, शिवम् झा, सरोज गुटगुटिया, दीनानाथ शास्त्री, सी एल प्रसाद, वंदना वर्मा, डा जेठानंद सोलंकी, डा दार्शनिका पटेल, माया साहू, विजय मालिनी, योगेन्द्र प्रसाद, डा जेठानंद सोलंकी, राधेश्याम पाण्डेय, गिरिजेश गुप्ता, वीरेन्द्र राय, ललन प्रसाद, आर सी तिवारी, विजय रंजन, ममता जमुआर, मंजिता अंजलि तथा विनोद तकियावाला समेत देश के विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों की संख्या में



# एसआइआर-2026 : आज सभी मतदान केंद्रों पर होगी बीएलओ-बीएलए-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला

**बोकारो /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने एसआईआर-2026 अभियान के तहत मंगलवार को प्रस्तावित सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाली बीएलओ एवं बीएलए-2 बैठक तथा चुनाव पाठशाला को लेकर मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।



बैठक के दौरान डीईओ सह डीसी अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि 34-गोमिया विधानसभा क्षेत्र में 96.58 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण तथा 45.97 प्रतिशत का डिजिटाइजेशन किया गया है। 35-बेरमो विधानसभा क्षेत्र में 96.38 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं 40.34 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है। 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र में 65.97 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण तथा 26.65 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया गया है। वहीं, 37-चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में 95.60 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण एवं 40.46 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा किया गया है।

**मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर जोर**

डीईओ सह डीसी ने कहा कि एसआईआर-2026 का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में कोई त्रुटि नहीं रहे तथा भारत का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित नहीं रह जाए। इसके लिए सभी राजनीतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने की अपील की।

**बीएलए-2 को समय पर मतदान केंद्र पहुंचने को कहा**

उन्होंने कहा कि सभी बीएलए-2 अपने-अपने मतदान केंद्रों पर कल प्रातः 10:45 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। 11 बजे से बैठक प्रारंभ होगी। उन्हें एएसएसडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड) मतदाताओं सूची उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आवश्यक सत्यापन कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। साथ ही, उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलओ-बीएलए-2 बैठक एवं चुनाव पाठशाला को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।

बैठक में अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बहुजन समाज पार्टी आम आदमी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा आजू राष्ट्रीय जनता दल आदि उपस्थित थे।

# एसआईआर-2026 : डिजिटाइजेशन - भौतिक सत्यापन में तेजी लाएं, तय समयसीमा में पूरा करें कार्य : डीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

**गणना प्रपत्रों की प्रगति की हुई समीक्षा**

बैठक के दौरान रविवार तक हुए गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की विधानसभावार अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। डीईओ सह डीसी ने सभी अधिकारियों को अभियान की प्रगति में और तेजी लाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।

**भौतिक सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन पर विशेष जोर**

डीईओ सह डीसी ने कहा कि गणना प्रपत्रों का भौतिक सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन एसआईआर-2026 अभियान का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भौतिक सत्यापन केंद्रों की सूची मंगलवार शाम तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 19 जुलाई तक गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन तथा 25 जुलाई तक भौतिक सत्यापन का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि अभियान निर्धारित समयसीमा के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में गोमिया के ईआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चन्द्र, बेरमो के ईआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा सहित सभी एईआरओ एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम कुसुम योजना को लेकर जिला स्तरीय बैठक, 473 आवेदन स्वीकृत, अनुमोदन को किया अग्रसारित

**बोकारो /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने पीएम कुसुम योजना 2026-27 के अंतर्गत जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रगति, भौतिक सत्यापन एवं स्वीकृति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।योजना के अंतर्गत कुल 523 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें 50 आवेदन अस्वीकृत किए गए, जबकि 473 आवेदन स्वीकृति योग्य पाए गए।उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद को निर्देश दिया कि स्वीकृत आवेदनों को शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा जाए, ताकि लाभुकों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। साथ ही, योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने एवं किसानों द्वारा आवेदन के लिए अभियान चलाने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन,अपर समाहर्ता सुनील चन्द्र, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रवि कुमार,डीडीएमओ श्री शक्ति कुमार आदि उपस्थित रहे।



### धनबाद रेल मंडल ने किया महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

धनबाद। महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मानजनक जीवन को बढ़ावा देने के लिए पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल द्वारा सोमवार को रेलवे ऑडिटोरियम में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे की महिला कर्मचारी एवं रेलवे कर्मचारियों की पात्र महिला आश्रितें शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की अध्यक्षा प्रिया मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति झा एवं डॉ. प्रियम प्रसाद ने अपनी चिकित्सा टीम के साथ 40 वर्ष के बाद स्वस्थ जीवनः मेनोपॉज को समझें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं" विषय पर विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि मेनोपॉज के दौरान महिलाओं के शरीर और मन में कई बदलाव आते हैं। इस अवस्था में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच और सकारात्मक सोच बेहद जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बरतने और छोटी-छोटी परेशानियों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह भी दी। डॉक्टरों ने कहा कि 40 की उम्र के बाद महिलाओं को कैल्शियम, आयरन और विटामिन युक्त भोजन लेना चाहिए। साथ ही तनाव मुक्त रहने के लिए योग और ध्यान को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।कार्यक्रम में संगठन की उपाध्यक्षा अल्पना झा मृणालिनी शैली सहित महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।



### कम वजन वाले नवजातों के लिए बड़ी सौगात, सदर अस्पताल बोकारो में बनेगा केएमसी वार्ड

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सदर अस्पताल, बोकारो में जल्द ही कंगारू मदर केयर (केएमसी) वार्ड की स्थापना की जाएगी। यह वार्ड विशेष रूप से कम वजन एवं समयपूर्व जन्मे नवजात शिशुओं की देखभाल एवं उपचार के लिए विकसित किया जा रहा है।

**शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं विकास में मिलेगी मदद**

सिविल सर्जन, बोकारो ने बताया कि केएमसी वार्ड की स्थापना से कम वजन वाले नवजात शिशुओं को वैज्ञानिक एवं गुणवत्तापूर्ण देखभाल उपलब्ध होगी। कंगारू मदर केयर पद्धति से शिशु के शरीर का तापमान नियंत्रित रखने, स्तनपान को बढ़ावा देने, संक्रमण के खतरे को कम करने तथा उसके समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायता मिलती है।

**त्वचा से त्वचा संपर्क को मिलेगा बढ़ावा**

उन्होंने बताया कि कंगारू मदर केयर पद्धति में माता एवं शिशु के बीच त्वचा से त्वचा संपर्क को बढ़ावा दिया जाता है। यह पद्धति नवजात के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है तथा उसके समुचित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**माताओं को मिलेगा व्यवहारिक प्रशिक्षण**

केएमसी वार्ड में माताओं को नवजात की देखभाल, स्तनपान एवं कंगारू मदर केयर की सही प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि अस्पताल से घर लौटने के बाद भी वे अपने शिशु की बेहतर देखभाल कर सकें।

# धनबाद के सभी बैंकों में पुलिस की औचक सुरक्षा जांच



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक डकैती, लूट और साइबर ठगी की रोकथाम को लेकर धनबाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सोमवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों में व्यापक औचक सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने विभिन्न बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया और सुरक्षा संबंधी सभी मानकों की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया, सीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और रिकॉर्डिंग की गुणवत्ता, अलार्म सिस्टम और अग्निशमन व्यवस्था की जांच, सुरक्षा गार्डों की तैनाती और उनकी मुस्तैदी, प्रवेश एवं निकास मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और लॉक सिस्टम, बैंक परिसर एवं आसपास संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी, पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को देने को कहा गया। अभियान के दौरान बैंक में आने वाले लोगों की पहचान का सत्यापन भी किया गया। बैंक परिसर और उसके बाहर अनावश्यक रूप से खड़े लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस टीमों ने ग्राहकों को भी जागरूक किया। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में नहीं आने, एटीएम पिन, ओटीपी, बैंक खाता एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने और बड़ी राशि के लेन-देन में सतर्कता बरतने की अपील की गई। सुरक्षा की दृष्टि से बैंक के मुख्य प्रवेश द्वार के ठीक सामने किसी भी वाहन को पार्क नहीं करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि आपात स्थिति में पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों की आवाजाही बाधित न हो।इस मौके पर एएसपी ने कहा कि बैंक आम नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थान हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना धनबाद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैंक डकैती, लूट, चोरी, साइबर ठगी जैसी घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में इस प्रकार के औचक जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे। इससे अपराधियों पर नियंत्रण रहेगा और आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम रहेगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अवधि के लिए मतदान केंद्रों का 07 अक्तूबर तक अधिग्रहण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, बोकारो अजय नाथ झा ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160(क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार 34-गोमिया, 35-बेरमो, 36-बोकारो एवं 37-चंदनकियारी (अजा) विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि 30 जून 2026 से 7 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित तिथियों में संचालित होने वाली गतिविधियों के लिए संबंधित विद्यालयों के उस हिस्से का, जहां मतदान केंद्र अवस्थित है, आवश्यक उपस्करों सहित अधिग्रहण किया गया है।आदेश में कहा गया है कि निर्धारित गतिविधि के दिन संबंधित भवन प्रबंधक आवश्यकतानुसार कमरों की चाभी उपलब्ध कराते हुए अपने कर्मियों की उपस्थिति मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, यदि विद्यालय में नियमित शैक्षणिक कार्य संचालित हो रहे हों, तो विद्यालय प्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सफल संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया है।

# संस्कार भारती बोकारो जिला इकाई की बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्य व ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 4 एफ स्थित सूर्य मंदिर परिसर में हुई। संस्कार भारती, बोकारो जिलाध्यक्ष अमरजी सिन्हा की अध्यक्षता व सचिव स्वरुप शेखर पांडेय के संचालन में हुई इस बैठक में मंत्री अर्चना चौधरी, साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक व क्रांति श्रीवास्तव, मंचीय (नाट्य) कला प्रमुख शंभु झा सहित अनिल श्रीवास्तव, शंकर प्रजापति, आन्वी आशी आदि शामिल हुए। बैठक की शुरूआत संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम्' के समवेत गायन से हुई।



बैठक में भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। इस महीने 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर काव्यांजलि सह गुरुसम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संस्था के साहित्य कला प्रमुख अरुण पाठक ने काव्यांजलि कार्यक्रम व गुरु सम्मान कार्यक्रम के बारे में सुझाव रखे। वंदे मातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में अगले महीने अगस्त में इसी गीत पर केंद्रित अंतरस्कूल गायन सह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक क्रांति श्रीवास्तव ने वंदे मातरम् गीत-नृत्य प्रतियोगिता की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अलावे दिसंबर में नाट्य प्रतियोगिता आयोजित करने पर भी सहमति बनी। नाट्य विधा प्रमुख शंभु झा ने नाटक प्रतियोगिता के बारे में सुझाव व विचार रखे। कई अन्य बिंदुओं पर भी बैठक में चर्चा की गयी। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री अर्चना चौधरी ने किया। बैठक का समापन वंदे मातरम् गीत के समवेत गायन से हुआ।

# रॉयल्टी चालान की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर धरना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकारी योजनाओं में भुगतान रुकने से नाराज संवेदकों ने सोमवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना देकर विरोध जताया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने की और संचालन वरिष्ठ संवेदक रामनरेश सिंह ने किया। पूंजी के अभाव में बंद होंगी सरकारी योजनाएं अध्यक्षता कर रहे आकाश रवानी ने कहा कि 'हम सभी संवेदकों का भुगतान रुक गया है, जिससे सरकारी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इसी से रुष्ट होकर आज आरसीडी की निविदा में सभी संवेदकों ने स्वेच्छा से भाग नहीं लिया। जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होगी तब तक आगे भी यही स्थिति रहेगी। भुगतान नहीं होने से पूंजी का अभाव हो गया है। अब आगे सभी सरकारी योजनाएं पूंजी के अभाव में बंद कर दी जाएंगी।



**रॉयल्टी चालान को लेकर आक्रोश**

कार्यक्रम के संचालक रामनरेश सिंह ने कहा कि जब तक कोई बेहतर विकल्प नहीं मिलता, तब तक रॉयल्टी चालान की पुरानी व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। वरिष्ठ संवेदक डब्लू झा ने कहा कि रॉयल्टी चालान हम मिट्टी का कहां से लाएंगे? जिले में जितनी सरकारी योजनाओं में मटेरियल लगेगा, उतना मटेरियल का चालान प्रशासन इश्यू ही नहीं कर सकता। तो फिर इस बेतुके कानून का क्या मतलब है?वरिष्ठ संवेदक राजेश सिंह ने कहा कि बालू और आलू का रेट बराबर हो गया है। माइनिंग ऑफिसर कहते हैं कि उपलब्धता की कमी हो तो पड़ोसी राज्य से सामग्री लाएं। हमें बीओओ में लगभग 20 किलोमीटर का ही लीड मिला है। तो हम 200 किलोमीटर दूर से अपना नुकसान करके क्यों लाएंगे? सरकार सुधार नहीं करती तो हमें उच्च न्यायालय जाना होगा। इस मौके पर धरना में लक्ष्मण सिंह, समीर रवानी, दीपक गोराई, राजीव सिंह, मनोज सिंह, मनोरंजन सिंह, प्रदीप चौरसिया, विकास सिंह चौधरी, दिवाकर सिंह, काशीनाथ प्रसाद, निर्मल उपाध्याय, शंकर सिंह, होरन चौधरी, राजीव रंजन, पप्पू चौरसिया, बीरेन्द्र यादव, शौकत खान, अनोज कुमार, प्रमोद साव, ओ.पी. यादव, अजय कुमार, भागीरथ सिंह, सुशील कुमार, उदय शर्मा, प्रवीण सिंह, रंजीत शर्मा, भूषण पासवान, साबिर मंडल, प्रहलाद यादव सहित सैकड़ों संवेदक मौजूद थे।

# राममंदिर चंदा चोरी के खिलाफ आम आदमी पार्टी चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला कमिटी की बैठक कर अयोध्या में भगवान श्रीराम में हुए चंदा चोरी प्रकरण पर सघन हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। हस्ताक्षर के बाद सारे प्रपत्र पूरे झारखंड से एकत्र कर प्रधानमंत्री को भेजे जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने की तथा संचालन जिला सचिव बैजनाथ गोराई ने किया।



बैठक के दौरान संगठनात्मक और आंदोलात्मक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में उपस्थित आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विहिप और भाजपा राममंदिर में चंदाचोरी, चढ़ावा चोरी, जमीन घोटाला और कमीशनखोरी में पूर्णतः संलिप्त हैं। इसके असली गुनाहगारों को बचाया जा रहा है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी देश भर में हस्ताक्षर अभियान चला रही है। पार्टी के जोनल प्रभारी विधान चंद्र राय ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को हर तरह से लूटने में शामिल है। चंदा चोरी, पेपर लीक और इ-20 के द्वारा लूट का धंधा चल रहा है। आप जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे जिले में राममंदिर चढ़ावा चोरी के खिलाफ सभी प्रखंडों में सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शीघ्र ही जिले की शिक्षा-स्वास्थ्य आदि समस्याओं को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। जिला सचिव बैजनाथ गोराई ने जिले के संगठनात्मक विस्तार और ज्वलंत स्थानीय मुद्दों पर संघर्ष की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जिला प्रवक्ता मिथिलेश गिरि, अशोक कुमार, भगवान सिंह कुशवाहा, मनौवर अंसारी, राहुल कुमार, रीतेश कुमार, मो. सिराज आदि ने भी अपने विचार रखे।

# प्रमण्डलीय आयुक्त ने की विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रमण्डलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग, विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में राजस्व संग्रहण, राजस्व न्यायालय, आंतरिक संसाधन, एसआइआर सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यों के लिए राजस्व में वृद्धि आवश्यक है। इसके समुचित संकलन के लिए अपनी समस्त विभागीय शक्तियों का प्रयोग कर राज्य सरकार के लक्ष्य के अनुसार राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने विभागीय कार्यों, योजनाओं, कार्यक्रमों, नियमों और शासनादेशों की पूरी जानकारी रखे, अधिकारियों को जितनी अच्छी जानकारी होगी, वे राजस्व संग्रहण में उतना ही अच्छा काम कर सकेंगे। समीक्षा के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित वार्षिक राजस्व लक्ष्य तथा अब तक की लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति का विस्तार से आकलन किया। इस अवसर पर खनन विभाग, वाणिज्य कर, परिवहन, उत्पाद, कृषि, कृषि उत्पादन बाजार समिति, निबंधन, मत्स्य, नगर निगम, विद्युत आपूर्ति, ई-रेवेन्यु कोर्ट, डीएमएफटी सहित अन्य की समीक्षा की। इस दौरान विभागों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के वार्षिक लक्ष्य, अब तक की राजस्व प्राप्ति तथा शेष लक्ष्य के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा वर्तमान स्थिति एवं राजस्व संग्रहण की प्रगति से आयुक्त को अवगत कराया।

बैठक के दौरान राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को समय सीमा के अंदर दाखिल खारिज आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। आयुक्त ने लंबित दाखिल-खारिज मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित दाखिल-खारिज मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिना ठोस कारण दाखिल खारिज लंबित रखना राजस्व हित के लिए उचित नहीं है। राइट टू सर्विस में भी यह दंडनीय है।




उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को नियमित रूप से हल्का का निरीक्षण करने एवं सरकारी जमीन का संरक्षण करने का भी निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने जाति, आवासीय, आय सहित अन्य प्रमाण पत्रों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देकर समय पर आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रमाण पत्र आवेदकों के लिए अति महत्वपूर्ण होते हैं। वहीं नीलाम पत्र वाद की समीक्षा में उन्होंने बड़े बकाएदारों पर ध्यान केंद्रित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने, समय-समय पर सघन जांच अभियान चलाने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने मद्य दुकानों की बंदोबस्ती की स्थिति, अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा जब्त देशी-विदेशी शराब की जानकारी प्राप्त की। वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कर संग्रहण में वृद्धि तथा कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

वहीं खनन विभाग की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने अवैध खनन एवं परिवहन को पूर्णतः बंद करने के लिए सतत निगरानी एवं सघन जांच अभियान चलाने, अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई तेज करने, बिना वैध लाइसेंस एवं आवश्यक दस्तावेजों के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध एमएमडीआर अधिनियम एवं अन्य प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने डीएमएफटी की भी समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि डीएमएफटी से सदर अस्पताल, शहीद निर्मल महतो एंड हॉस्पिटल, तोपचांची में 12 बेड का डायलिसिस सेंटर, हेल्थ सेंटर केंद्र सहित स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कार्य किए गए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व प्रगति पर जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का भी उद्देश्य जिले के अंतिम व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करनी है। इसमें धनबाद जिला प्रशासन सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरा है। बैठक के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदाता सूची के विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) की समीक्षा की। उन्होंने गणना प्रपत्र के वितरण के साथ-साथ डिजिटाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में अगले दिन की योजना बनाकर कार्य करने का सुझाव दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com